* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

18 नवंबर, 2022
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 30


**राजीव गांधी हत्याकांड :** दोषियों को रिहा करने के खिलाफ केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की पुनर्विचार याचिका




SURJABASHA





FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING: ANM GNM POST|BASIC|B.SC. BASIC|B.SC.|M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS|DMLT|ECG X-RAY|OPTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION
2023-24
NURSERY to IX[th]
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
BUS FACILITY AVAILABLE.
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301


# अवैध खनन मामले में सीएम हेमंत से पूछताछ

**रांची (आजाद सिपाही)। साहेबगंज में एक हजार करोड़ के कथित अवैध खनन मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की पूछताछ का सिलसिला गुरुवार को शुरू हो गया। इडी की टीम ने मुख्यमंत्री से करीब 10 घंटे तक पूछताछ की। इस दौरान उनसे करीब दो सौ सवाल पूछे गये। देश में यह पहला मौका है, जब इडी ने किसी मुख्यमंत्री से पूछताछ की है। पूछताछ के लिए इडी ऑफिस जाने से पहले हेमंत ने मीडिया से बातचीत में केंद्र पर लोकप्रिय सरकार को अस्थिर करने का आरोप लगाया। उन्होंने राज्यपाल पर भी राजनीतिक दल के कार्यकर्ता की तरह व्यवहार करने का आरोप लगाया।**

## पंकज, पीपी, अमित और रवि केजरीवाल के बयान पर आधारित सवाल पूछे इडी ने

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को पहले दिन की पूछताछ के दौरान प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने दो सौ से अधिक सवाल पूछे। हालांकि पूछताछ के बारे में आधिकारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी गयी है, लेकिन जानकार सूत्रों ने बताया कि हेमंत सोरेन से पंकज मिश्रा, अमित अग्रवाल, प्रेम प्रकाश और रवि केजरीवाल के बयानों पर आधारित सवाल पूछे गये। सूत्रों ने कहा कि हेमंत ने अधिकांश सवालों के जवाब दिये।

इससे पहले दिन में करीब 12 बज कर पांच मिनट पर हेमंत सोरेन हिनू एयरपोर्ट रोड स्थित इडी कार्यालय पहुंचे। उनके साथ चार-पांच गाड़ियों का काफिला था, लेकिन केवल सीएम की गाड़ी ही अंदर गयी। इसके बाद इडी अधिकारियों को लेकर दो गाड़ियां भीतर गयीं और फिर गेट को बंद कर दिया गया। इसके बाद पूछताछ का सिलसिला शुरू हुआ। इस बीच हेमंत सोरेन ने घर से खाना मंगाया। उन्हें इडी ऑफिस में ही खाना खाने दिया गया। इसके बाद फिर से उनसे पूछताछ शुरू की गयी।



इडी कार्यालय जते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

### देर शाम कल्पना सोरेन भी पहुंचीं

देर शाम मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन भी इडी कार्यालय पहुंचीं। उनके वहां पहुंचने का कोई कारण नहीं बताया गया। जानकारी के अनुसार श्रीमती सोरेन अपने पति हेमंत सोरेन को लेने इडी कार्यालय पहुंची थीं।

### चाक-चौबंद सुरक्षा

मुख्यमंत्री के इडी कार्यालय आने से पहले सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गयी थी। दिन में करीब साढ़े 10 बजे हिनू चौक और उसके आसपास के करीब दो किलोमीटर के इलाके में निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी थी। मुख्यमंत्री से पूछताछ के पहले रांची में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। रांची के उपायुक्त राहुल सिन्हा ने बताया कि राजधानी में डेढ़ हजार से ज्यादा सुरक्षाकर्मियों को ड्यूटी पर लगाया गया है। जगह-जगह बैरिकेडिंग की गयी है। एयरपोर्ट जाने के लिए वैकल्पिक रास्ता तैयार किया गया है। इसके अलावा विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रधान कार्यालयों में अतिरिक्त सुरक्षा बल को तैनात किया गया है। सुरक्षा बलों में जैप-10, जैप-2, तीन कंपनी रैपिड एक्शन पुलिस और जिला बल को लगाया गया है। सुरक्षा बलों को इडी ऑफिस के अलावा भाजपा और आजसू प्रदेश कार्यालय, राजभवन के समीप, मोरहाबादी मैदान में लगाया गया है।

बता दें कि अवैध खनन मामले में इडी की ओर से जारी समन के आलोक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को पूछताछ के लिए हाजिर हुए। मुख्यमंत्री को पहली बार एक नवंबर को समन भेज कर तीन नवंबर को पूछताछ के लिए इडी कार्यालय में हाजिर होने का निर्देश दिया गया था। हालांकि उन्होंने हाजिर होने के बदले तीन सप्ताह का समय मांगा। इडी ने इस पर विचार करने के बाद नौ नवंबर को दूसरी बार समन भेज कर 17 नवंबर को हाजिर होने का निर्देश दिया था।

## राज्यपाल के बयान के बाद धड़ाधड़ छापेमारी शुरू हो गयी, उनकी भूमिका संदेहास्पद : हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को इडी कार्यालय रवाना होने से पहले अपने आवास में मीडिया से बातचीत में केंद्र और राज्यपाल पर खूब बरसे। उन्होंने राज्यपाल की भूमिका पर प्रश्न उठाया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल झारखंड में बम फोड़ने की बात करते है। फिर इडी की कार्रवाई सत्ता पक्ष के नेताओं के ऊपर शुरू हो जाती है। इसमें कहीं ना कहीं राज्यपाल की भूमिका संदेह के घेरे में है। वह राजनीतिक दल के कार्यकर्ता की तरह व्यवहार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इडी के अधिकारियों से कहा कि बगैर तथ्यों एवं आंकड़ों का सत्यापन किये एक हजार करोड़ के अवैध खनन से संबंधित सनसनीखेज आरोप एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति पर लगाना इडी को शोभा नहीं देता है। सीएम ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों से राज्य में राजनीतिक अनिश्चितता का माहौल बन गया है। उन्होंने कहा कि वह किसी व्यापारी की तरह देश छोड़कर नहीं भाग रहे हैं। सरकार बनने के बाद से ही विपक्ष के लोग सरकार गिराने के षड्यंत्र में लगे हुए हैं। उनके षड्यंत्र की पनडुब्बी बार-बार डूब जाती है, मगर फिर वे उस पनडुब्बी को बाहर निकाल देते हैं। सीएम ने कहा कि वह संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान करते हैं और इडी के हर प्रश्न का जवाब देंगे। सीएम ने अपने ऊपर लगाये गये आरोपों से इंकार किया। उन्होंने कहा कि इडी की कार्रवाई से ऐसा लग रहा है जैसे मैं देश छोड़कर भागने वाला हूं। इडी जैसी एजेंसी को जांच के बाद संवैधानिक पद पर रहने वाले किसी व्यक्ति के खिलाफ किसी तरह का आरोप लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इडी को एक पत्र पहले भेजा है किस तरीके से एक हजार करोड़ का घोटाला के बारे में नोटिस आया है। पूरे राज्य में स्टोन चिप्स एक हजार रुपये मूल्य की नहीं होती है। आरोप का आधार कैसे बना, कैसे नहीं बना, यह समझ से परे है। उन्होंने कहा कि जो आरोप लगे हैं, वे कहीं से भी संभव प्रतीत नहीं होते। उन्हें लगता है कि एजेंसियों को विस्तृत जांच पड़ताल करने के उपरांत किसी ठोस निर्णय पर पहुंचने के बाद दोष लगाना चाहिए।



इडी कार्यालय रवाना होने से पहले अपने आवास में मीडिया से बात करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन। फोटो : प्रदीप ठाकुर

## देख लेने की धमकी देने लगे हैं हेमंत सोरेन : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने तीखी टिप्पणी की है। ट्वीट कर उन्होंने कहा कि धौंस देने की आदत से मन नहीं भरा, तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक-एक को देख लेने की धमकी पर उतर गये हैं। मरांडी ने कहा कि किस-किस को और कहां-कहां देखियेगा हेमंत जी। अपने विनाश के कुछ समय पहले रावण ने मारीच से कहा था कि एको अहं,



द्वितीयो नास्ति, न भूतो न भविष्यति यानी कि जो है बस मैं ही हूं, मेरे जैसा ना कोई पहले आया था और ना भविष्य में आयेगा। इसके बाद रावण के अहंकार और उसके अधर्म के साम्राज्य का क्या हुआ, वो एक इतिहास है।

## केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन


- हेमंत सोरेन के साथ हो रहा निंदनीय व्यवहार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा गैर भाजपा शासित राज्यों में सरकार को कथित रूप से अस्थिर करने के लिए तथा विपक्षी दलों के प्रमुख नेताओं को बदनाम तथा परेशान करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का मनमाफिक इस्तेमाल किया जा रहा है, जो एक स्वस्थ लोकतंत्र के खिलाफ है। उक्त बातें कांग्रेस नेताओं ने गुरुवार को जिला मुख्यालयों में पार्टी कार्यालय के समक्ष पार्टी नेताओं तथा पदाधिकारियों द्वारा केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि पहले से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को इडी द्वारा जबरन परेशान किया जा रहा है, उसी प्रकार अन्य राज्यों में भी दूसरे दलों के नेताओं को भी परेशान किया जा रहा है। उन्हें जेल भी भेजा जा रहा है। जो कल तक भाजपा सरकार में थे, आज भाजपा से बाहर होते ही छापा पड़ रहा है। आज उसी नीति पर चलते हुए महागठबंधन की झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन को अपदस्थ करने के लिए सीबीआइ को लगाया गया। जब बात नहीं बनी, तो अब इडी द्वारा समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया गया है। यह आजाद भारत में पहले मुख्यमंत्री हैं, जिनके साथ ऐसा निंदनीय व्यवहार किया गया है। केंद्र सरकार द्वारा यह कृत्य आदिवासियों का ही नहीं, झारखंड वासियों का अपमान है। जनता के द्वारा चुनी हुई सरकार को अपदस्थ करने की यह घटिया चाल को सभी लोग समझ रहे हैं। इससे झारखंड के लोग भाजपा के प्रति काफी आक्रोशित हैं। इसका खामियाजा आगामी लोक सभा चुनाव 2024 में बुरी तरह से इन्हें भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में हो रहे विकास एवं जनमानसों के हित के लिए की जा रही कार्य से भाजपा के पेट में दर्द उठ गया है। इस सरकार द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम तहत आन द स्पॉट आवेदनों का निष्पादन किया जा रहा है। झारखंड एवं झारखंड वासियों के लिए यह सरकार कार्य कर रही है, जिससे भाजपा घबरा गयी है। अपना सूपड़ा साफ होते देखकर ऐसी एक पक्षीय कार्रवाई की जा रही है।









## निश्चिंत दिख रहे थे हेमंत, पर तनाव झलक रहा था

### इडी ऑफिस जाने से पहले पिता शिबू सोरेन और मां से लिया आशीर्वाद

अजय शर्मा

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय के सामने पूछताछ के लिए हाजिर हुए। कांके रोड स्थित अपने सरकारी आवास पर यूपीए विधायकों और कार्यकर्ताओं के हुजूम को देख कर सीएम बेहद खुश दिखे, हालांकि तनाव उनके चेहरे पर साफ झलक रहा था। अपने आवास पर विधायकों के साथ बैठक करने के बाद हेमंत ने मीडिया से बातचीत की। इस बातचीत में उन्होंने खुल कर सवालों के जवाब दिये। मीडिया कर्मियों के सवालों के जवाब में मुख्यमंत्री ने जब कहा कि वह देश छोड़ कर भाग नहीं रहे हैं, तो हंसी का माहौल बन गया। उन्होंने अपने आवास पर जुटे कार्यकर्ताओं का हाथ हिला कर अभिवादन किया। इससे कार्यकर्ता बेहद उत्साहित हो गये और हेमंत सोरेन के समर्थन में नारेबाजी करने लगे।



फाइल फोटो

इससे पहले सीएम की सुबह सामान्य ढंग से शुरू हुई। जगने के बाद उन्होंने अपने विश्वस्त सहयोगियों से बातचीत की। फिर नहा-धोकर तैयार हुए। कुर्ता-पायजामा और बंडी पहन कर सीएम ने पूजा-अर्चना भी की और माथे पर टीका लगाया। नाश्ता करने के बाद वह अपने आवासीय कार्यालय में पहुंचे। यहां पहले विधायकों के साथ अनौपचारिक बातचीत की। फिर मीडिया से बात करने लगे। वह एकदम निश्चिंत दिख रहे थे, हालांकि तनाव उनके चेहरे पर स्पष्ट था।

वहां से सीएम सीधे मोरहाबादी स्थित अपने पिता शिबू सोरेन के आवास पर पहुंचे। वहां उन्होंने गुरुजी के पैर छुए और कुछ देर बातचीत की। उन्होंने अपनी मां रूपी सोरेन से भी आशीर्वाद लिया। फिर वह हिनू एयरपोर्ट रोड स्थित इडी ऑफिस के लिए रवाना हुए। इडी ऑफिस में गाड़ी से उतरने के बाद सीएम बिना इधर-उधर देखे अंदर प्रवेश कर गये।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 49,800 रु./10 ग्राम
चांदी 65,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 18 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com


# गुजरात के मैदान में सब कुछ झोंक रही है भाजपा

## पीएम मोदी और अमित शाह ने संभाला मोर्चा : भीतरघात की आशंका से पार्टी ने बदला चुनाव लड़ने का मॉडल

आजाद सिपाही विशेष

गुजरात चुनाव में भाजपा को वैसे तो लगभग अपराजेय माना जा रहा है, लेकिन एक हकीकत यह भी है कि वह विपक्षियों से ज्यादा भीतरघात से परेशान है। भाजपा ने बड़े पैमाने पर विधायकों के टिकट काटे हैं और इसके चलते कुछ नेता बागी हो गये हैं। कई ताकतवर विधायकों ने पार्टी बदली है, तो कई ऐसे भी नेता हैं, जो भाजपा में रहते हुए भी खिलाफ दिख रहे हैं। ऐसे हालात में कांग्रेस को अपने लिए जरूर एक उम्मीद नजर आ रही है। आमतौर पर कांग्रेस इस तरह की बगावत का सामना करती रही है, लेकिन गुजरात भाजपा में ऐसा पहली बार हो रहा है। इसलिए गुजरात में भाजपा का चेहरा पूरी तरह बदला हुआ नजर आ रहा है। उसने न केवल अपनी रणनीति में बदलाव किया है, बल्कि बूथ मैनेजमेंट पर भी बारीक नजर रखी जा रही है। पार्टी ने 27 साल की एंटी इनकमबैंसी से निपटने के लिए ये फेरबदल किये हैं। पार्टी नेतृत्व को लगता है कि दूसरे दलों से आने वाले नेताओं के साथ एक जनाधार भी आता है, जिसके भाजपा के सपोर्ट बेस के साथ मिल जाने पर जीत पक्की हो जाती है। हालांकि अब यह दांव भी गलत साबित हो रहा है, क्योंकि नेता और कार्यकर्ता टिकट बाहरी को देने के फैसले को चुपचाप स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। कई मामलों में तो सीधे अमित शाह को ही बागियों को राजी करने की कोशिश करनी पड़ी है। इन तमाम स्थितियों को देखते हुए पीएम मोदी और अमित शाह ने आक्रामक प्रचार की जो रणनीति तैयार की है, उससे विपक्ष अभी से ही पस्त नजर आ रहा है। गुजरात चुनाव के इस ताजा परिदृश्य पर नजर डाल रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी और 27 साल से गुजरात में अपराजेय रही भाजपा की रणनीति में इस बार आक्रामक बदलाव हुआ है। यह बदलाव इसलिए भी जरूरी हो गया था, क्योंकि अब उसे विरोधियों से अधिक परेशानी भीतरघात से हो रही है। इसलिए गुजरात का मोर्चा अब पीएम मोदी और उनके चाणक्य कहे जानेवाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संभाल लिया है। भारतीय जनता पार्टी ने गुजरात चुनाव में केंद्रीय नेताओं और वरिष्ठ पदाधिकारियों के लिए खास रणनीति बनायी है। इसके तहत वे पहले चरण की सभी 89 विधानसभा में तीन दिन तक प्रवास करेंगे। साथ ही चुनाव प्रचार खत्म होने से पहले दो दिन यानी 28-29 नवंबर और 2-3 दिसंबर को पीएम मोदी सहित दिग्गज नेता जनसंपर्क करेंगे। पार्टी का मानना है इस अभियान से राज्य में पिछले चुनाव से अधिक सीटें मिलेंगी और वोट शेयर भी बढ़ेगा। पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल सहित 54 नेता सभा और रोड शो खत्म होने के बाद घर-घर जाकर पर्ची बाटेंगे। पीएम मोदी लगभग छह मोहल्लों में पहुंचेंगे। किसी चुनाव में ऐसा पहली बार हो रहा है, जब पार्टी के सभी स्टार प्रचारक घर-घर जाकर जनसंपर्क करेंगे। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह यूपी विधानसभा और बाहरी हैदराबाद म्युनिसिपल चुनाव में घर-घर जाकर जनसंपर्क कर चुके हैं।

यहां बड़ा सवाल यह है कि जो गुजरात पिछले 27 साल से मजबूती से भाजपा के पीछे खड़ा है, वहां के लिए पार्टी को अपना मॉडल क्यों बदलना पड़ रहा है। ऐसा इसलिए, क्योंकि इस बार गुजरात में भाजपा-कांग्रेस के साथ आम आदमी पार्टी भी ताल ठोक रही है। इसलिए भाजपा ने 27 वर्ष बाद अपना गढ़ बचाने के लिए पुराने पन्ना प्रमुख मॉडल में बदलाव कर दिया है।

### क्या है भाजपा का नया मॉडल

इस चुनाव में पार्टी नये मॉडल के साथ मैदान में उतर गयी है। इस मॉडल को पन्ना कमेटी नाम दिया गया है। वोटर लिस्ट के हर पन्ने के लिए एक कमेटी में पांच सदस्य बनाये गये हैं। इसमें हर सदस्य की जिम्मेदारी होगी कि वे अपने परिवार के तीन लोगों का वोट भाजपा को दिलायेंगे। पार्टी ने पूरे प्रदेश में 82 लाख पन्ना सदस्य बनाये हैं। इसमें लक्ष्य है कि हर पन्ना सदस्य तीन वोट डलवाये। बता दें कि जुलाई 2020 में आठ विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में पार्टी ने सबसे पहले इस मॉडल को अपनाया था। इन उपचुनावों में पार्टी सभी सीटों पर जीत हासिल की। इसके बाद फिर 2021 में गुजरात निकाय चुनाव में मॉडल को लागू किया गया। इसमें भाजपा को 80 प्रतिशत से ज्यादा सीटों पर सफलता मिली। इस नये फॉर्मूले के तहत भाजपा ने सभी पन्ना सदस्यों को एक पहचान पत्र जारी किया है। इसमें वे भाजपा के अधिकृत कार्यकर्ता के रूप में जाने जायेंगे। वोटिंग से पहले तक मंडल या जिला स्तर के नेता अपने इलाके के सभी पन्ना सदस्यों के घर कम से कम एक बार जायेंगे।



### चार हिस्सों में बांटा गुजरात, ऐसे की मोर्चाबंदी

पार्टी ने फिर से गुजरात पर कब्जा बरकरार रखने के लिए चारों दिशाओं में मोर्चाबंदी कर दी है। जातीय और भौगोलिक समीकरण को ध्यान में रखते हुए प्रदेश की 182 सीटों को चार हिस्सों (सौराष्ट्र, उत्तर, पश्चिम, मध्य क्षेत्र) में बांट दिया है। सौराष्ट्र में उत्तर प्रदेश, पश्चिम में महाराष्ट्र, उत्तर में राजस्थान और मध्य क्षेत्र में मध्यप्रदेश के भाजपा नेताओं की ड्यूटी लगायी है। इन चारों क्षेत्रों में इन राज्यों के मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक और संघ पृष्ठभूमि के नेताओं को तैनात किया गया है। मध्यप्रदेश के सीमावर्ती और मध्य गुजरात के सात जिलों की 37 सीटों का प्रभार पूर्व विधायकों और संगठन मंत्री रह चुके नेताओं को सौंपा गया है। मध्य प्रदेश से जुड़ी गुजरात की कुछ विधानसभा सीटें आदिवासी बाहुल है। चुनाव रणनीति के हिसाब से हर सीट पर मध्यप्रदेश के दो–दो नेताओं को तैनात किया गया है। ये सभी लोग गुजरात प्रदेश इकाई के साथ दिल्ली हाइकमान को भी हर दिन की प्रोग्रेस रिपोर्ट साझा कर रहे हैं। मध्य गुजरात की 37 सीटों पर भाजपा का कब्जा है।

इसी तरह उत्तर गुजरात के क्षेत्र की नौ जिलों की 43 विधानसभा सीटों पर प्रवासी राजस्थानियों की संख्या अच्छी खासी है। ऐसे में इन सीटों पर भाजपा के पक्ष में मतदान का जिम्मा राजस्थान के नेताओं को दिया गया है। इन नौ जिलों में कच्छ, भुज, गांधी शहर और ग्रामीण, बनासकांठा, पाटन, अहमदाबाद उत्तर और दक्षिण, मोडासा, मेहसाणा, साबरकांठा शामिल हैं। इन सीटों के लिए राजस्थान के पूर्व मंत्री और राजस्थान बीजेपी में प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा को संयोजक बनाया गया है। यहां भी हर सीट पर दो-दो और उसके बाद हर जिले में भी दो-दो प्रभारी लगाये गये हैं। गुजरात में 18 से 20 प्रतिशत वोटर ऐसा है, जो राजस्थानी है। या फिर राजस्थानियों से व्यापार या अन्य दृष्टिकोण से जुड़ा हुआ है। इसलिए ऐसे मतदाताओं को साधने के लिए राजस्थान से प्रभारी लगाये गये हैं। चुनाव में यूपी के योगी सरकार के तीन वरिष्ठ मंत्रियों और प्रदेश के दो राज्यसभा सदस्यों को कमल खिलाने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। गुजरात की जिन विधानसभा सीटों की कमान इन नेताओं को सौंपी है, उनमें से अधिकांश पर कांग्रेस काबिज है।

भाजपा की इस आक्रामक रणनीति और माइक्रो मैनेजमेंट के आगे विरोधी दल अभी से ही पस्त नजर आ रहे हैं। लेकिन अंतिम परिणाम के लिए तो आठ दिसंबर तक का इंतजार करना ही होगा।

---

# इडी के सहायक निदेशक को हेमंत सोरेन की चिट्ठी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जारी समन के जवाब में इडी के सहायक निदेशक को एक चिट्ठी भेजी है, जिसे उन्होंने गुरुवार को मीडिया के साथ साझा किया। यहां पेश है उस चिट्ठी का मूल पाठ-

***श्री देवव्रत झा,***

*सहायक निदेशक, प्रवर्तन निदेशालय, वित्त मंत्रालय, रांची क्षेत्रीय कार्यालय,*

*झारखंड*

*महोदय,*

***विषय:-** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) द्वारा अवैध खनन की इनवेस्टीगेशन एवं इस संबंध में अधोहस्ताक्षरी को दिनांक 07.11.2022 का निर्गत सम्मन।*

*प्राकृतिक संपदा से परिपूर्ण प्रत्येक राज्य अवैध खनन के अभिशाप से ग्रसित है एवं झारखंड इससे अछूता नहीं है। अधोहस्ताक्षरी झारखंड राज्य से अवैध खनन को समाप्त करने के लिए कृत संकल्प है एवं इस दिशा में किसी भी एजेंसी के ईमानदार प्रयास का स्वागत करते हैं।*

*29 दिसंबर 2019 को मेरी सरकार के कार्यभार संभालने के पश्चात मेरे नेतृत्व में पत्थर खनन से प्राप्त होने वाली रॉयल्टी में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गयी है। इन पिछले दो वर्षों में कोरोना के कारण खनन कार्य प्रभावित होने के वावजूद रॉयल्टी 270 करोड़ रुपये (2019-20) से बढ़कर 360 करोड़ रुपये (2021-22) राज्य को प्राप्त हुई। लगभग 20 प्रतिशत पत्थर खनन का रॉयल्टी साहेबगंज से राज्य को प्राप्त होता है, परंतु आपके स्टेटमेंट से ऐसा प्रतीत होता है कि साहेबगंज में 1000 करोड़ रुपये का अवैध खनन स्कैम हुआ है। साहेबगंज में पत्थर के अवैध खनन से 1000 करोड़ के राज्य को राजस्व नुकसान के आपके आरोपों के संबंध में निम्नांकित तथ्य विचारणीय हैं:-*

*1. खनन विभाग के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार पिछले दो वर्षों में पूरे झारखंड राज्य में लगभग नौ करोड़ मीट्रिक टन पत्थर का खनन हुआ है, जिसमें 60% बोल्डर है। 35% स्टोन चिप्स एवं 5% स्टोन डस्ट इत्यादि हैं। इस नौ करोड़ मीट्रिक टन में से करीब 20% पत्थर का खनन साहेबगंज जिला में हुआ।*

*2. राज्य को 96 रुपये प्रति मीट्रिक टन रॉयल्टी बोल्डर पर, 175 रुपये प्रति मीट्रिक टन रॉयल्टी स्टोन चिप्स पर एवं 18 रुपये प्रति मीट्रिक टन स्टोन डस्ट पर रॉयल्टी प्राप्त होता है।*

*3. इस प्रकार भारित औसत के आधार पर राज्य को 120 रुपये प्रति मीट्रिक टन रॉयल्टी पत्थर खनन से प्राप्त होता है।*

*4. दो वर्षों में 1000 करोड़ रुपये के रॉयल्टी के नुकसान के लिए, करीब आठ करोड़ मीट्रिक टन पत्थर का अवैध खनन साहेबगंज जिले में करने की आवश्यकता होगी, जो उस जिले में हुए वैध खनन का चार गुणा होता है।*

*5. दो वर्षों में आठ करोड़ मीट्रिक टन पत्थर के परिवहन के लिए 20 हजार से अधिक रेलवे रेक या 33 लाख से अधिक ट्रक की आवश्यकता पड़ेगी, क्योंकि एक रेलवे रेक की क्षमता 4000 मीट्रिक टन एवं एक ट्रक की क्षमता 25 मीट्रिक टन होती है।*

*6. रेलवे बगैर माइनिंग/ मिनरल चालान के लोडिंग की अनुमति नहीं देता है। ऐसा प्रतीत होता है कि आपने एक भी रेलवे रेक बगैर चालान के नहीं पाया है, क्योंकि अभी तक आपने किसी भी रेलवे कर्मचारी/अधिकारी पर कोई कार्रवाई नहीं की है।*

*7. आपने बताया है कि पिछले दो वर्षों में 6500 रेलवे रेक साहेबगंज जिले से पत्थर खनन हेतु उपयोग किये गये हैं। यदि ये सारे 6500 रेलवे रेक केवल अवैध रूप से खनन किये गये पत्थर का परिवहन भी किया जाता है (जो संभव नहीं है) तो भी ये आठ करोड़ मीट्रिक टन अवैध खनन किये गये पत्थर का परिवहन नहीं कर सकते हैं जिससे 1000 करोड़ रुपये का रॉयल्टी प्राप्त हो सके।*

*8. इसके अतिरिक्त दो वर्षों में 8 करोड मीट्रिक टन अवैध पत्थर के परिवहन के लिए प्रतिदिन 4500 ट्रक की आवश्यकता होगी, जबकि पूरे साहेबगंज जिला में करीब 800 ट्रक मात्र ही निबंधित एवं चालू अवस्था में हैं।*

*9. साहेबगंज में कुछ घाट हैं, जहां से आप क्लेम करते हैं कि जहाज के माध्यम से अवैध रूप से खनन किये गये पत्थर का परिवहन किया जाता है।*

*10. परंतु उपलब्ध सभी रेलवे रेक, ट्रक, जहाज मिलकर भी 8 करोड़ मीट्रिक टन अवैध रूप से खनन किये गये पत्थर का परिवहन नहीं कर सकते थे, जिससे कि राज्य को 1000 करोड़ रुपये रॉयल्टी का पिछले दो वर्षों में नुकसान हो सके।*

*11. ना केवल परिवहन असंभव है, बल्कि इतने क्रशर एवं अन्य संसाधन जैसे टिप्पर इत्यादि साहेबगंज में कहां हैं, जिससे कि 4 करोड़ मीट्रिक टन प्रति वर्ष अवैध पत्थर खनन को अंजाम दिया जा सके, जबकि साहेबगंज में प्रत्येक वर्ष वैध खनन मात्र एक करोड़ मीट्रिक टन पत्थर का है। किसी भी परिस्थिति में एक करोड़ मीट्रिक टन के वैध खनन के लिए उपलब्ध क्षमता एवं संसाधन से चार करोड़ मीट्रिक टन अवैध खनन संभव प्रतीत नहीं होता है।*

*12. आप मात्र साहेबगंज में 1000 करोड़ रुपये के अवैध पत्थर खनन का क्लेम कर रहे हैं, जबकि जैसा कि मैंने पहले कहा है कि पूरे झारखंड राज्य को पत्थर खनन से पिछले दो वर्षों में समेकित रूप से कुल 750 करोड़ रुपये रॉयल्टी के रूप में प्राप्त हुए हैं। मुझे लगता है कि आपने उक्त तथ्यों एवं आंकड़ों को साहेबगंज में 1000 करोड़ रुपये के अवैध खनन का आरोप लगाने के पहले संज्ञान में नहीं लिया है। इडी को बगैर तथ्यों एवं आंकड़ों का सत्यापन किये 1000 करोड रुपये का अवैध खनन संबंधी सनसनीखेज वक्तव्य जारी करना शोभा नहीं देता है, वह भी तब, जब पिछले करीब एक वर्ष से जांच की जा रही है एवं 50 से अधिक रेड किये जा चुके हैं। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप अपने क्लेम पर पुनर्विचार करेंगे एवं सनसनीखेज ब्यानों से परहेज करेंगे, जो तथ्य एवं आंकड़ों के द्वारा सत्यापित नहीं हो, क्योंकि ऐसा गैर-जिम्मेवार ब्यान न केवल राज्य के संबंधित विभाग एवं उसके कर्मियों की छवि धूमिल करते हैं, बल्कि झारखंड राज्य की छवि भी खराब होती है।*

*इसके अतिरिक्त यह भी प्रतीत होता है कि राज्य की मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने रवि केजरीवाल से मुझे अवैध खनन में फंसाने के लिए बयान दिलवाये हैं। रवि केजरीवाल जेएमएम का एक सदस्य था एवं वर्ष 2020 में निष्कासित किये जाने के पूर्व कोषाध्यक्ष का पद धारण करता था। तत्पश्चात उसके विरुद्ध जेएमएम के द्वारा प्राथमिकी भी दर्ज की गयी थी। तब से रवि केजरीवाल मेरा जानी दुश्मन बन चुका है एवं मुझे आश्चर्य नहीं होगा यदि वह मुझसे व्यक्तिगत प्रतिशोध लेने के लिए मेरे उपर गलत आरोप लगाये।*

*इडी के द्वारा निष्पक्ष रूप से बगैर किसी हिडेन एजेंडा एवं मोटिव के जांच किये जाने की अपेक्षा की जाती है। मैंने संविधान को अक्षुण रखने की शपथ ली है एवं इस देश के ईमानदार नागरिक के तौर पर अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन एवं कानून की मान्यता रखने के लिए आपके कार्यालय में आज निर्गत सम्मन के अनुपालन में उपस्थित रहूंगा।*

---

## विधायक समरी लाल के गवाह ने कहा

# अंग्रेज यहां लेकर आये और बसाया, इसका प्रमाण नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2019 में कांके विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी रहे सुरेश बैठा की इलेक्शन पिटीशन पर गुरुवार को हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। भाजपा विधायक समरी लाल की ओर से उपस्थित गवाह सजना राम का बयान अदालत के समक्ष दर्ज हुआ। गवाही के दौरान सजना राम से पूछा गया कि आपको राजस्थान से अंग्रेज यहां लेकर आये और तब से आप यहीं रह रहे हैं, क्या इसका कोई प्रणाम आपके पास है। इस पर उन्होंने बताया कि ऐसा कोई प्रमाण उनके पास नहीं है। इसके साथ ही उनसे और भी कई सवाल किये गये। अब अगले गवाह की गवाही शुक्रवार को होगी। याचिकाकर्ता सुरेश बैठा की ओर से हाइकोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, विभास सिन्हा और अविनाश अखौरी ने कोर्ट के समक्ष पक्ष रखा। वहीं समरी लाल की ओर से अधिवक्ता अमर कुमार सिन्हा ने पक्ष रखा।

**समरी लाल के निर्वाचन को दी है चुनौती :** वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में कांके विधानसभा की आरक्षित सीट से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार सुरेश बैठा और बीजेपी के प्रत्याशी समरी लाल चुनाव लड़े थे। मतगणना के बाद भाजपा के प्रत्याशी समरी लाल को निर्वाचित घोषित किया गया। जिसके बाद सुरेश बैठा ने झारखंड हाइकोर्ट में याचिका दाखिल कर समरी लाल के निर्वाचन को रद्द करने की मांग की है। इसके पीछे उन्होंने आधार दिया है कि समरी लाल द्वारा चुनाव के दौरान दिया गया जाति प्रमाण पत्र गलत है।

## हाइकोर्ट ने खाता 140 मामले में रांची के तत्कालीन डीसी का आदेश किया खारिज

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट ने रांची के तत्कालीन डीसी छवि रंजन के उस आदेश को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने बजरा मौजा की पांच एकड़ से ज्यादा भूमि के म्यूटेशन का आदेश पारित किया था। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट ने यह आदेश दिया है। प्रार्थी चंदन कुमार की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल सिन्हा और अधिवक्ता पांडेय नीरज राय ने अदालत में पक्ष रखा।

**जमीन का कुल रकवा सात एकड़ :** चंदन कुमार के द्वारा हाइकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया था कि रांची के तत्कालीन डीसी छवि रंजन ने सात एकड़ जमीन का 83 साल का लगान रसीद एक ही दिन काटने का आदेश दे दिया, जो नियम विरुद्ध है। जिस भूमि से संबंधित आदेश हाइकोर्ट ने दिया है, वह रांची शहर से पांच किमी दूर हेहल अंचल की है। जमीन का रकबा सात एकड़ है, जिसका खाता नंबर-140 है।

# झारखंड की 20 में सात नगर परिषद रिजर्व, दो एससी के लिए आरक्षित, तीन एसटी के लिए

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग ने राज्य की 20 नगर परिषद में से सात को आरक्षित कर दिया है। दो नगर परिषद को अनुसूचित जाति (एससी) के लिए रिजर्व कर दिया गया है, जबकि तीन नगर परिषद अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित किया गया है। 10 नगर परिषद को महिलाओं के लिए आरक्षित रखा गया है। निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी।

### झारखंड राज्य चुनाव आयोग ने जारी की अधिसूचना

झारखंड के राज्य चुनाव आयोग ने गुरुवार को जो आदेश जारी किया है, उसमें कहा है, झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 27 एवं झारखंड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली 2012 के नियम-9 के उपनियम (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए राज्य निर्वाचन आयोग, नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2022-23 के उद्देश्य से झारखंड राज्य के नगर निगमों के महापौर का आरक्षण एवं आवंटन विहित प्रपत्र-3 में अधिसूचित किया जाता है।

**एसटी के लिए आरक्षित 6 नगर परिषद महिलाओं के लिए रिजर्व :** अनुसूचित जनजाति के लिए जिन नगर परिषदों को आरक्षित किया गया है, उनमें से दो (लोहरदगा नगर परिषद और चाईबासा नगर परिषद) को महिलाओं के लिए आरक्षित कर दिया गया है। अनारक्षित नगर परिषदों में 6 (गढ़वा का विश्रामपुर नगर परिषद, गोड्डा नगर परिषद, पाकुड़ नगर परिषद, धनबाद का चिरकुंडा नगर परिषद, सरायकेला-खरसावां का कपाली नगर परिषद और पूर्वी सिंहभूम का जुगसलाई नगर परिषद) को महिलाओं के लिए आरक्षित कर दिया गया है।

निकाय चुनाव

# अब रांची नगर निगम के मेयर पद पर दिखेगा एससी चेहरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य निर्वाचन आयोग झारखंड में नगर निकाय की चुनावी तैयारियों में लगा हुआ है। इसके तहत अब आयोग ने राज्य के नगर निगमों की सीटों के आरक्षण पैटर्न में बदलाव किया है। इसके तहत रांची नगर निगम के मेयर पद पर अब एसटी नहीं, एससी वर्ग (महिला या पुरुष) का चेहरा दिखेगा। इससे संबंधित अधिसूचना राज्य निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को जारी कर बताया है कि पलामू, हजारीबाग, गिरिडीह, देवघर, धनबाद, बोकारो, सरायकेला-खरसावां और पूर्वी सिंहभूम के महापौर सीट के लिए भी फैसला लिया गया है।

अब देवघर नगर निगम की सीट महिला के लिए अनारक्षित कर दी गयी है। धनबाद और चास (बोकारो) नगर निगम सीट भी महिलाओं के लिए (अनारक्षित) तय की गयी है। मेदिनीनगर (पलामू) नगर निगम और गिरिडीह नगर निगम में भी महापौर की सीट अनारक्षित कर दी गयी है। आदित्यपुर नगर निगम (सरायकेला खरसावां) में मेयर का पद एसटी वर्ग (महिला) के लिए जबकि मानगो नगर निगम (पूर्वी सिंहभूम) की सीट अनारक्षित (पुरुष, महिला) कर दी गयी है।

# नौ नगर परिषदों में अध्यक्ष का पद महिलाओं के लिए रिजर्व

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नगरपालिका चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निगमों के अलावा नगर परिषदों के अध्यक्ष पद के लिए भी आरक्षण, सामान्य की कैटेगरी तय कर दी है। आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक 20 परिषदों में महिलाओं के लिए नौ सीटों को रिजर्व किया गया है। इनमें विश्रामपुर नगर परिषद् (पलामू, अनारक्षित-महिला), गोड्डा नगर परिषद् (अनारक्षित, महिला), पाकुड़ नगर परिषद् (अनारक्षित, महिला), चिरकुंडा (धनबाद) नगर परिषद् (अनारक्षित, महिला), फुसरो (बोकारो, एससी, महिला), लोहरदगा नगर परिषद् (एसटी, महिला), चाईबासा नगर परिषद् (पश्चिमी सिंहभूम, एसटी, महिला), कपाली (सरायकेला-खरसावां) नगर परिषद् और जुगसलाई नगर परिषद् (पूर्वी सिंहभूम) को सामान्य वर्ग की महिला के लिए रिजर्व किया गया है। गढ़वा नगर परिषद्, चतरा नगर परिषद्, झुमरी तिलैया (कोडरमा) नगर परिषद्, मधुपुर नगर परिषद् (देवघर), दुमका नगर परिषद्, मिहिजाम (जामताड़ा) नगर परिषद्, रामगढ़ नगर परिषद् को अनारक्षित (अन्य) के लिए निर्धारित किया गया है। साहेबगंज नगर परिषद् को एससी (अन्य) के लिए तय किया गया है. आगामी निकाय चुनाव आरक्षण के इन्हीं प्रावधानों के आधार पर होंगे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.7 °c | 13.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.03 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.04 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 18 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com


# मोरहाबादी और इडी ऑफिस के पास दिन भर डटे रहे झामुमो के कार्यकर्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन से गुरुवार को इडी कार्यालय में पूछताछ की गयी। सीएम हेमंत सोरेन ईडी कार्यालय पहुंचे। इस बीच सीएम हेमंत सोरेन का हौसला बढ़ाने उनके समर्थक राजधानी रांची और इडी कार्यालय के बाहर जुटे रहे। सीएम आवास के बाहर भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। साथ ही मोरहाबादी मैदान में भी कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ा। इसमें कई कार्यकर्ता जत्थे में सीएम आवास पहुंचे। झामुमो की तरफ से इसे जन आक्रोश महारैली नाम दिया गया था। करीब 100 की संख्या में बसों से कार्यकर्ता पहुंचे थे, जबकि छोटी गाड़ियों से भी कार्यकर्ताओं के आने का सिलसिला जारी रहा। रंग-बिरंगी वेशभूषा में झामुमो के समर्थक इडी ऑफिस, सीएम आवास और मोरहाबादी मैदान में जुटे। इडी की पूछताछ के दौरान बाहर जुटे समर्थकों में रांची का रातू निवासी सतीश खलखो लोगों के कौतूहल का कारण बना रहा। हेमंत सोरेन की तस्वीर अपने शरीर पर पेंट कराकर पहुंचे सतीश खलखो पेशे से रंगकर्मी हैं और अपनी आय के लिए इस तरह से शरीर पर पेंट करवाकर हौसला बढ़ाने के लिए जाने जाते हैं।

हेमंत सोरेन के प्रति अपनी दीवानगी को बताते हुए सतीश ने कहा कि वह सीएम हेमंत सोरेन से इडी की पूछताछ को लेकर आहत हैं। जब सीएम हेमंत यहां के मूलवासियों और आदिवासियों के लिए बेहतर काम कर रहे हैं, तो जानबूझ कर उन्हें परेशान करने की साजिश रची जा रही है। पूरे झारखंड की जनता उनके साथ खड़ी है। झामुमो पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं का समर्थन हेमंत सोरेन के साथ है। कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास के आसपास के इलाकों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे। नेताओं का कहना था कि केंद्र सरकार हेमंत सोरेन को परेशान करने की साजिश रची जा रही है। विधायक व सांसद का काफिला इडी कार्यालय तक गया।

वहीं, दूसरी ओर मोरहाबादी मैदान में अस्थायी मंच बनाकर सभा का आयोजन किया गया। नेताओं ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। नेताओं ने कहा कि पूरा खेल भाजपा का किया धरा है। हेमंत सोरेन को कुछ नहीं होने वाला है। हमलोग हेमंत सोरेन के साथ हैं।

# झारखंड का अस्तित्व मिटाना चाहते हैं राज्यपाल : मिथिलेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रवर्तन निदेशालय के लिए रवाना होने के बाद प्रदेश के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने गुरुवार को विस्फोटक बयान दिया। उन्होंने कहा कि अगर एक एटम बम गिर गया, तो झारखंड का अस्तित्व मिट जायेगा। झारखंड क्या, पूरा देश खत्म हो सकता है।

**तानाशाही कार्रवाई के आगे घुटने नहीं टेकेंगे :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता और हेमंत सोरेन कैबिनेट में मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि सरकार कैसे बनती है, ये सबको पता है। संख्या बल के आधार पर सरकार बनती है। 52 विधायकों का समर्थन हमें हासिल है। झारखंड में सरकार गिराने की हर साजिश को हम नाकाम करेंगे। मध्यप्रदेश और पूर्वोत्तर के राज्यों में उन्होंने जो कुछ भी किया, वह यहां नहीं होने वाला। यहां के आदिवासी-मूलवासी ऐसी किसी भी तानाशाही कार्रवाई के सामने घुटने नहीं टेकेंगे।

**संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति एटम बम फूटने की बात करते हैं :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से राज्यपाल पर जो गंभीर आरोप लगाये गये हैं, उस पर भी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने अपनी प्रतिक्रिया दी। श्री ठाकुर ने कहा कि आप भी इस देश के नागिरक हैं। संवैधानिक पद पर बैठे एक व्यक्ति झारखंड में एटम बम फूटने की बात करते हैं, तो इससे दुर्भाग्य की क्या बात हो सकती है। उन्होंने कहा कि एटम बम फूटने से झारखंड का अस्तित्व समाप्त हो सकता है। पूरे देश का अस्तित्व एक एटम बम मिटा सकता है। राज्यपाल इस तरह का बयान देते हैं और उसके ठीक बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्रीय जांच एजेंसी इडी का समन आ जाता है। इसके बाद सत्ताधारी दल के विधायकों पर दबाव बनाने के लिए आइटी की रेड हो जाती है।

## हमने अपनी बात आलाकमान के सामने रख दी है : कोंगाड़ी



**रांची (आजाद सिपाही)।** कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने गुरुवार को अपनी बात मीडिया के सामने रखी। उन्होंने कहा कि सरकार स्थिर है, इसे लेकर कोई संदेह नहीं है। यह पूछे जाने पर कि आप ही की पार्टी के लोगों ने आप लोगों पर आरोप लगा दिया था, ऐसे में आपका क्या कहना है? चूंकि पार्टी की हालिया बैठक में आप लोगों को नहीं बुलाया गया था, क्या आपकी पार्टी आपके साथ है? इस पर विधायक कोंगाड़ी ने कहा कि मामला अभी कोर्ट में विचाराधीन है और हम न्यायालय का पूरा सम्मान करते हैं। हमने अपनी बात पार्टी आलाकमान के समक्ष रख दी है। हम, हमारी पार्टी और हमारी सरकार और मजबूती से आगे बढ़ेगी।

# हेमंत ने खुद को बचाने के लिए नहीं, बल्कि पत्नी को सीएम बनाने के लिए बुलायी बैठक : रघुवर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** इडी कार्यालय जाने से पहले सीएम हेमंत सोरेन के मीडिया को संबोधन को लेकर पूर्व सीएम रघुवर दास ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार अपने काले कारनामे के कारण आज मुसीबत में है। मुख्यमंत्री ने पद पर रहते हुए पत्थर का खदान लिया। सीएम अपने बचने के लिए नहीं, बल्कि अपनी पत्नी को सीएम बनाने के लिए विधायकों की बैठक बुलायी है।

चाईबासा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान रघुवर दास ने कहा कि जब से हेमंत सोरेन ने सीएम पद की शपथ ली है। तब से ही राज्य की जनता खुद को सुरक्षित नहीं मान रही है। राज्य में भ्रष्टाचार, भय और आतंक के कारण झारखंड की जनता आक्रोशित है। भाजपा की आक्रोश रैली में लोगों का आक्रोश देखने को मिला। बहुत जल्द इसका अंत होने वाला है। जब से हेमंत को अवैध खनन के मामले में इडी का समन मिला है। इस मामले में सीएम के बयान के बाद असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं।

# झारखंड माइनिंग माफिया यानि जेएमएम : निशिकांत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दूबे ने भी सीएम पर हमला बोला है। ट्वीट करते हुए उन्होंने कहा है कि झारखंड माइनिंग माफिया पार्टी यानि जेएमएम। इनके नेतृत्व में खनन माफिया खुले में घूम रहे हैं। जो खनन माफिया राज्य को लूट खा रहे हैं, उन पर लगाम राज्य सरकार नहीं लगा सकी है। अब इस विफल सरकार पर लगाम यहां की जनता लगायेगी। तीन साल झारखंड बेहाल, मुख्यमंत्री जी और कुनबा हुए मालामाल। मुख्यमंत्री जी इडी को प्रश्नों का जवाब दीजिए। प्रेस विज्ञप्ति, भाजपा, रवि केजरीवाल, इ सब नाम आपके अंदर का डर दिखा रहा है। आप आंदोलनकारी वीर शिबू सोरेन जी के पुत्र हैं, हिम्मत दिखाइए।

# झारखंड में हेमंत सोरेन ही रहेंगे मुख्यमंत्री नहीं होगा नेतृत्व परिवर्तन : बसंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ उनके भाई और दुमका विधायक बसंत सोरेन भी गुरुवार को इडी ऑफिस पहुंचे थे, लेकिन इडी ऑफिस के कार्यालय के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें बाहर ही रोक दिया। मुख्यमंत्री के अंदर जाते ही इडी ऑफिस का गेट बंद कर दिया गया। ऑफिस के बाहर बसंत सोरेन ने मीडिया को बताया कि झारखंड में नेतृत्व परिवर्तन नहीं होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ही हमारे मुख्यमंत्री रहेंगे। उन्होंने इडी की कार्रवाई पर कहा कि यह देखना काफी महत्वपूर्ण होगा कि इडी सोरेन परिवार के पास कितनी संपत्ति होने का साक्ष्य देती है। पार्टी कार्यकर्ताओं को भी इसका इंतजार है।

# जब तक हमारे नेता इडी कार्यालय से नहीं आते, हम डटे रहेंगे : अनुप सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन से गुरुवार को इडी कार्यालय में पूछताछ हुई, वहीं दूसरी ओर सीएम आवास के बाहर कांग्रेस और जेएमएम के विधायकों के साथ-साथ कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। सीएम आवास के बाहर मंच बनाया गया था, जहां विधायकों ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कांग्रेस विधायक अनुप सिंह ने कहा कि एक साजिश के तहत हमारे नेता और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को परेशान किया जा रहा है। सीएम भाजपा के षड्यंत्र को बेनकाब करने का काम कर रहे हैं। गुरुवार को यहां जमा लोग बता रहे हैं कि मुख्यमंत्री को राज्य की जनता का पूरा समर्थन मिला हुआ है। अनुप सिंह ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री हैं और रहेंगे। उन्होंने कहा कि चाहे शाम हो जाये या रात या फिर कल सुबह, जब तक हमारे नेता इडी कार्यालय से वापस नहीं आते हैं, तब तक हम लोग डटे रहेंगे।

# मैं हेमंत सोरेन के साथ : इरफान

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** कांग्रेस से निलंबित विधायक इरफान अंसारी ने राज्य में उत्पन्न सियासी संकट में हेमंत सरकार को साथ देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि जब जब हेमंत सरकार पर संकट आयी है, तब मैं उनके साथ रहा हूं। इस बार भी मैं उनके साथ हूं। कुछ लोगों ने उनके साथ मेरे संबंध खराब करने की कोशिश की।

**कैश कांड पर रखा अपना पक्ष :** जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी ने कैशकांड मामले पर पक्ष रखते हुए इसे अपने खिलाफ साजिश बताया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता करना एक बात है, लेकिन इस तरह बिना सबूत के प्राथमिकी दर्ज करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर हम एक हो जाये तो हमारे सामने कोई पार्टी नहीं टिकेगी। लेकिन हमलोग अपने में ही एक दूसरे से लड़ रहे हैं। हमारी लड़ाई भाजपा से है लेकिन हम आपस में ही लड़ रहे हैं। हम आपस में ही एक दूसरे को नीचा दिखाने का काम कर रहे हैं, हम लोग साड़ी लेने के लिए कोलकाता गये थे। हमने एक एक चीज का हिसाब आयकर विभाग को दिया है, लेकिन ये अफवाह फैला दी कि हमलोग सरकार गिरा रहे थे।

# पूछताछ के लिए सिर्फ हेमंत क्यों, जबकि रघुवर सरकार में हुआ है अधिक भ्रष्टाचार : सरयू राय

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** निर्दलीय विधायक सरयू राय अपनी बातों को बेबाक तरीके से रखने के लिए जाने जाते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास पर वह अक्सर हमला बोलते दिखते हैं। वह लगातार आरोप लगाते आये हैं कि हेमंत सरकार से ज्यादा रघुवर सरकार में भ्रष्टचार हुआ है। उस दौरान ज्यादा अवैध खनन हुआ है, तो फिर सिर्फ हेमंत सोरेन पर शिकंजा क्यों। गुरुवार को हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए इडी दफ्तर बुलाया गया। इस पर सरयू राय ने सवाल उठाया है और कहा है कि इडी के चार्जशीट में पीरपैंती साइडिंग से 251 रेल रैक स्टोन चिप्स का परिवहन बिना चालान हुआ है। इसमें 233 रैक रघुवर दास की सरकार में और 28 रैक हेमंत सोरेन सरकार में हुआ है। दोनों अवैध परिवहन प्रेम प्रकाश की कंपनी ने किया है, फिर पूछताछ सिर्फ हेमंत सोरेन से ही क्यों?

**पहले भी कर चुके हैं सवाल :** आगे उन्होंने लिखा है जिस घोटाला में पूजा सिंघल जेल में हैं, इडी की चार्जशीट के मुताबिक, वह 2013-2020 में हुआ है। यह घोटाला कंपनी खाता में 2013-14 में 10.56 करोड़ और 2015-20 में 154.44 करोड़ जमा करके हुआ। जिस आरोप में इडी ने पूजा सिंघल को जेल में डाला है। उसी में रघुवर दास ने उन्हें आरोप मुक्त कर दिया था, फिर इडी चुप क्यों है। यह पहली बार नहीं है, जब सरयू राय ने रघुवर सरकार शासनकाल पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। वह कई बार कह चुके हैं कि पिछली सरकार में अधिक लूट हुई है। फिर इडी पक्षपात का रवैया क्यों अपनाती है। इडी की कार्यशैली पर सरयू राय पहले भी सवाल उठा चुके हैं।

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक - 753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
Cuttack - 753 006, (Odisha), India
Phone : 0671-2367768-783, Fax : 2367663

Advertisement No. 33/SRF/2022-23

Walk-in-Interview is to be held on **30.11.2022** for selection of **one (01) Senior Research Fellow (SRF)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"Paddy Straw residues management through in-situ microbial decomposition with mechanical interventions" (EAP-311)**. The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in NRRI website : **https://icar-nrri.in**

**PRINCIPAL INVESTIGATOR**

# जनता के बीच पहुंचने लगी सरकार, तो विपक्ष को होने लगा पेट में दर्द : सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पुत्र हेमंत सोरेन ने लंबे संघर्ष को एक मुकाम तक पहुंचाने का काम किया। उन्होंने कहा कि यह कोई छोटी लड़ाई नहीं है। ये कोई छोटी मांग नहीं थी। इस बात के लिए इस राज्य को लंबा संघर्ष करना पड़ा है। इसके बाद से ही पहचान की लड़ाई शुरू हुई। वर्षों की लड़ाई को हेमंत सोरेन ने अमली जामा पहनाने का काम किया है। हमने सारे वायदों को पूरा किया है। सरकार लोगों तक पहुंचने लगी और लोगों से संवाद करना शुरू कर दिया है, तो विपक्ष के पेट में दर्द शुरू हो गया है।

सुप्रियो ने कहा कि सीएम ने विधानसभा से खतियान से आधारित जो हमारी पहचान है, उसे एक स्वरूप देने का काम किया है। यह राज्य जब अलग हुआ था, तब यहां के पिछड़ों के पास 27 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार था। बाबूलाल मरांडी ने सरकार गठन करने के साथ-साथ 2001 में सुदेश महतो के सहयोग से 27 फीसदी आरक्षण को विलुप्त करते हुए 14 प्रतिशत करने का काम किया था उस गद्दारी को भी आज एक सबक मिला है और पुनः पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण का संवैधानिक अधिकार मिला है। श्री भट्टाचार्य गुरुवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों का पिछले वर्ष जो चिरलंबित मांग रही है सरना आदिवासी धर्म कोड में शामिल करने का, उसको भी पिछले 11 नवंबर को विधानसभा से पारित करने का काम किया गया। इसे हम लोग कह सकते हैं कि आगामी दिनों में झारखंड के साढ़े तीन करोड़ लोग 11 नवंबर को धर्म, संवाद, पहचान और अधिकार दिवस के तौर पर मनायें। अब हर वर्ष राज्य की जनता और पूरे देश में जितने भी आदिवासी और मूलवासी लोग हैं, उनके लिए यह शुभ दिन होगा और 11 नवंबर को धर्म, संवाद, पहचान और अधिकार दिवस के रूप में मनायेंगे।

## प्रदेश भाजपा कार्यालय की बढ़ायी गयी सुरक्षा

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रवर्तन निदेशालय (इडी) कार्यालय में हुई पूछताछ को लेकर हरमू रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय की सुरक्षा बढ़ा दी गयी थी। एहतियात के तौर पर यह सुरक्षा बढ़ायी गयी थी। मुख्यालय डीएसपी प्रवीण सिंह के नेतृत्व में 27 जवान प्रदेश भाजपा कार्यालय में तैनात किये गये थे। इनमें जिला पुलिस और जैप के जवानों के साथ साथ एटीएस की भी टीम शामिल थी। इस दौरान फायर ब्रिगेड को भी स्टैंड बाय में रखा गया था।

## रांची के सिटी एसपी अंशुमान केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जायेंगे

**रांची (आजाद सिपाही)।** 2013 बैच के आइपीएस अधिकारी अंशुमान कुमार केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जायेंगे। वर्तमान में राजधानी रांची के सिटी एसपी के पद पर तैनात अंशुमान कुमार केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर आइबी के दिल्ली मुख्यालय में योगदान देंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस संबंध में राज्य सरकार को पत्र भेजा था। इसके बाद राज्य सरकार ने आइपीएस अधिकारी अंशुमान कुमार को विरमित कर दिया है। आइपीएस अधिकारी अंशुमान कुमार आइबी के संयुक्त उप निदेशक के पद पर योगदान देंगे। गृह विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** – महत्वपूर्ण काम पूरा होगा। आर्थिक समस्याओं का समाधान। व्यापार में वृद्धि।
- **वृष** – संकल्पित काम पूरे होंगे। भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी। उद्योग-धंधे में सफलता।
- **मिथुन** – आर्थिक स्थिति सुदृढ़। निर्माण कार्य में प्रगति। धनलाभ के अवसर बनेंगे।
- **कर्क** – नये लोगों से संपर्क। शुभ समाचार मिलेगा। गृह-भूमि-वाहन का सुख।
- **सिंह** – सामयिक-सामाजिक विकास। शत्रुओं पर विजय मिलेगी। मानसिक शक्तियों में वृद्धि।
- **कन्या** – धनागम के अवसर बढ़ेंगे। परिवार में मांगलिक कार्य। सगे-संबंधियों का आवागमन।
- **तुला** – कर्मक्षेत्र में परिश्रम। संघर्ष अधिक करना पड़ेगा।नये वाहन खरीदने का संयोग।
- **वृश्चिक** – नवीन व्यापारिक योजना सफल। आर्थिक लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति।
- **धनु** – निराशा दूर होगी। बिगड़े कार्य बनेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन लाभकारी सिद्ध होगा।
- **मकर** – अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। धन लाभ के अवसर बनेंगे। संतान की उन्नति से उत्साह।
- **कुंभ** – अव्यवस्थित दिनचर्या। कोई नवीन समस्या आ सकता है, परंतु आप सुलझा लेंगे।
- **मीन** – अधिक व्यय करना पड़ेगा। मानसिक चिंता बढ़ेगी। दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी होगी।

# 'निकाय चुनाव में पिछड़ों को राजनीतिक रूप से दरकिनार कर रही सरकार : सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि सोची-समझी साजिश के तहत ओबीसी को राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में भागीदारी और प्रतिनिधित्व से रोकने के लिए सरकार हर हथकंडे अपना रही है। पंचायत चुनाव के बाद निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण से वंचित किया जाना इसका स्पष्ट प्रमाण है। साथ ही राज्य सरकार ओबीसी हितों को लेकर जो भी दुहाई देती है, वह झूठ और फरेब के सिवाय कुछ नहीं होता। सरकार की नीति और नीयत ओबीसी के खिलाफ है। ओबीसी वर्ग के लिए निकाय चुनाव में आरक्षण लागू नहीं किये जाने के मसले पर गुरुवार को रांची में पार्टी के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा नगर निकाय चुनाव में पिछड़ों के लिए आरक्षित सीटों को अनारक्षित किया जाना अनुचित है। सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ओबीसी अपने हक और अधिकार के लिए अब तक संघर्ष करते आये हैं। आजसू पार्टी इस आवाज को बड़े आंदोलन का रूप देने के लिए तैयार है। पंचायत चुनाव के बाद नगर निकाय चुनाव में भी ओबीसी के सीटों को सामान्य करना, महज संयोग नहीं हो सकता। यह पिछड़ों को राजनीतिक एवं सामाजिक रूप से दरकिनार का षड्यंत्र है। इससे पहले गुरुवार को इस विषय पर आजसू पार्टी की ओर से जिला मुख्यालयों में जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके बाद उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल को एक मांग पत्र सौंपा गया। रांची में मोरहाबादी मैदान से कार्यकर्ताओं ने जुलूस की शक्ल में राजभवन मार्च किया। राज्यपाल के नाम मांग पत्र सौंपा। राजभवन मार्च का नेतृत्व डॉ देवशरण भगत, हसन अंसारी, भरत काशी, संजय महतो, ज्ञान सिन्हा, वर्षा गाड़ी ने किया। इस अवसर पर केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता, केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, जिप उपाध्यक्ष बीणा देवी, केंद्रीय सचिव सुनील सिंह, संजय सिद्धार्थ, रामधन बेदिया, रांची जिलाध्यक्ष संजय महतो, भरत काशी, हकिम अंसारी, ज्ञान सिन्हा, सीमा सिंह, गौतम साहू, बनमाली मंडल, नईम अंसारी, जलनाथ चौधरी, जगरनाथ महतो, पार्वती देवी, वर्षा गाड़ी, चितरंजन महतो, विरेंद्र तिवारी, रंग बहादुर, चिंटू मिश्रा, सूरज, रमेश गुप्ता, सुनील यादव, बंटी यादव, नेहा, निलोफर, सुनिता, दिप्ती, सुरू, नीरज वर्मा, ओम वर्मा, राहुल, आशुतोष इत्यादि मुख्य रूप से शामिल हुए।

**रांची एवं हटिया स्टेशनों पर मिल्क स्टॉल प्रदान करने के लिए ई-निविदा अधिसूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा अधिसूचना सं. : सीएटीजी.-मिल्कस्टॉल-4-एचटीई। मिल्क यूनिट :** मिल्क स्टॉल-4। **स्टेशन :** हटिया। **स्थान:** प्लेटफॉर्म 2 एवं 3, पोल सं. 425/19ए एवं 425/20 के बीच। **अनंतिम न्यूनतम वार्षिक आरक्षित मूल्य :** रु. 1,00,740/-। **बयाना राशि :** रु. 26,200/-। **क्रम सं. 2, निविदा अधिसूचना सं.: सीएटीजी.-मिल्कस्टॉल-5-आरएनसी। मिल्क यूनिट :** मिल्क स्टॉल-5। **स्टेशन :** रांची । **स्थान:** प्लेटफॉर्म 4 एवं 5, पोल सं. 1115 आरएनसी एवं आरएनसी/3019 के बीच । **अनंतिम न्यूनतम वार्षिक आरक्षित मूल्य :** रु. 47,226/-। **बयाना राशि :** रु. 12,300/-। **निविदा की लागत :** रु. 2,500/- के साथ 18% जीएसटी प्रत्येक मिल्क स्टाल के लिए। **ठेका की अवधि:** 5 वर्ष प्रत्येक के लिए। पूरी बोली प्रक्रिया ऑनलाइन (ई-निविदा) होगी। इस निविदा सूचना दिनांकित **16.11.2022** के संबंध में सभी अधिसूचनाएं वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित की गई हैं। बोली दस्तावेज को वेबसाइट www.ireps.gov.in पर **16.11.2022 से 08.12.2022** तक देखा और अपलोड किया जा सकता है। बोली दिनांक **16.11.2022** से इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जमा की जा सकती है। बोली जमा करने की अंतिम तारीख **08.12.2022 को अपराह्न 03.00 बजे** तक है और इसे **08.12.2022 को अपराह्न 03:30 बजे** खोला जाएगा।

(PR-803) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/रांची**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 18 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com



### शिबू सोरेन की अध्यक्षता में राज्य समन्वय समिति का गठन

# राजेश ठाकुर, सरफराज अहमद, फागू बेसरा और विनोद पांडेय को मंत्री का दर्जा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के संतुलित विकास की संभावना तलाशने और जन-आकांक्षाओं के अनुरूप राज्य के विकास योजनाओं के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए झारखंड राज्य समन्वय समिति का गठन किया गया है। झारखंड के पूर्व सीएम सह झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन इसके अध्यक्ष होंगे। समिति में पांच सदस्य बनाये गये हैं। उन्हें मंत्री का दर्जा दिया गया है। इस पर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने गुरुवार को संकल्प जारी कर दिया। जारी संकल्प में कहा गया है कि राज्य के पिछड़े क्षेत्रों में आर्थिक विकास की गति को तीव्र करने संबंधी योजना और उपायों पर सम्यक विचार करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इस कार्य के लिए औद्योगिक विकास एवं क्षेत्रों को चिन्हित कर उसके लिए आधारभूत संरचनाओं की व्यवस्था किया जाना है।

राज्य से होने वाले मजदूरों के पलायन को रोकने के साथ-साथ राज्य की बुनियादी आवश्यकताओं के साथ उनका समन्वय स्थापित कर उनका सतत विकास किया जाना है। मानव संसाधनों के सम्यक विकास को सुनिश्चित करने




के उद्देश्य से किये जाने वाले कार्यों के त्वरित निष्पादन के निमित्त राज्य सरकार को परामर्शित करने के लिए एक उच्च स्तरीय झारखंड राज्य समन्वय समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है। समिति के अध्यक्ष पूर्व सीएम सह राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन होंगे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सरफराज अहमद, फागू बेसरा, झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय, पूर्व विधायक योगेंद्र महतो को सदस्य बनाया गया है। उक्त समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता और बंधु तिर्की को भी सम्मिलित किया गया है।

#### कार्यकाल तीन साल का होगा

झारखंड राज्य समन्वय समिति का कार्यकाल तीन साल का होगा। उक्त समिति समय-समय पर राज्य सरकार को परामर्शित करेगी। समिति के अध्यक्ष के आवास में ही समिति का कार्यालय होगा। समिति की बैठकें प्रत्येक माह आयोजित की जा सकेगी। समिति को अपेक्षित एवं यथावश्यक सचिवालीय सहायता मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी (समन्वय) विभाग द्वारा दी जायेगी।

#### इन्हें मिलेंगी सुविधाएं

समिति के सभी सदस्य (शिबू सोरेन, सरफराज अहमद, आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, बंधु तिर्की को छोड़ कर) को राज्य के मंत्री को अनुमान्य सभी सुविधाओं के साथ मंत्री का दर्जा दिया गया है।

## प्रकाशकों को दी गयी आरएनआइ के नये एसओपी की जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पत्र सूचना कार्यालय ने गुरुवार को झारखंड से प्रकाशित होने वाले समाचार पत्रों-पत्रिकाओं के प्रकाशकों के लिए ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन किया। इसमें ऑफिस ऑफ रजिस्ट्रार ऑफ न्यूजपेपर फॉर इंडिया के सरकुलेशन वेरिफिकेशन के संबंध में 14 अक्टूबर को जारी नये स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) के बारे में जानकारी दी गयी।

आरएनआइ नयी दिल्ली के अपर प्रेस पंजीयक डॉ धीरज काकड़िया ने वर्कशॉप के दौरान सभी प्रकाशकों को बताया कि नये स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) के माध्यम से सभी प्रकाशकों को सरकुलेशन



सर्टिफिकेट लेने में काफी आसानी होगी। एसओपी को काफी सरल बनाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रकाशकों को नये सरकुलेशन सर्टिफिकेट के लिए 60 दिन पहले स्थानीय पीआइबी कार्यालय में आवेदन देना होगा। आवेदन देने के 45 दिनों के भीतर सभी कागजी प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद उन्हें प्रमाण पत्र देने का प्रावधान किया गया है। डॉ काकड़िया ने नये स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर के तहत दिये जाने वाले सभी डॉक्यूमेंट्स, सर्टिफिकेट एवं शपथ पत्र के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

ऑनलाइन वर्कशॉप के दौरान कई प्रकाशकों ने इससे जुड़े कई सवाल भी पूछे। ऑनलाइन वर्कशॉप की शुरुआत में पीआइबी रांची के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने सभी प्रकाशकों का स्वागत किया। इसका संचालन एफपीओ गौरव कुमार पुष्कर ने किया। धन्यवाद ज्ञापन पत्र सूचना कार्यालय के कार्यालय प्रमुख, एफपीओ ओंकार नाथ पांडेय ने किया।

## केंद्रीय सरना समिति ने रांची मेयर पद को एससी के लिए रिजर्व करने के फैसले का विरोध किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय कार्यालय में गुरुवार को आपात बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने की। बैठक में झारखंड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव में छेड़छाड़ कर रांची नगर निगम के महापौर के पद पर अनुसूचित जनजाति से हटाकर अनुसूचित जाति करने के फैसले का विरोध किया गया। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद ने भी इसका विरोध किया है। केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि सरकार पांचवीं अनुसूची क्षेत्र रांची नगर निगम चुनाव में महापौर के पद अनुसूचित जनजाति से हटाकर अनुसूचित जाति कर आदिवासी विरोधी काम किया है। सरकार के इस फैसले का पुरजोर विरोध किया जायेगा एवं इसको लेकर आंदोलन किया जायेगा। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा ने कहा कि रांची नगर निगम शिड्यूल एरिया है। इसमें आदिवासियों के अधिकार को खत्म करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। आज महापौर पद को अनुसूचित जनजाति से हटाया गया है। आने वाले समय अनुसूचित जनजाति के सभी आरक्षित पदों को छीना जा सकता है। लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है। नहीं तो एक एक कर सभी अधिकार को समाप्त हो जायेंगे। मौके पर केंद्रीय सामना समिति के संरक्षक बल्कु उरांव, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के महासचिव बिमल कच्छप, बाना मुंडा, भुनूं तिर्की, धर्म कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में गीता श्लोकावृत्ति और संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम के प्रतिभागी पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, रांची की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा गीता श्लोक के गायन के साथ प्रारंभ हुई। कक्षा छठी की छात्राओं ने गीता पाठ द्वारा सबका मन मोह लिया। चिन्मया मिशन द्वारा आयोजित विद्यालय स्तरीय गीता के चतुर्थ अध्याय श्लोक गायन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए समूह 'अ' में श्रेया जायसवाल, ग्रुप 'ब' में सौमिक चटर्जी, ग्रुप 'स' में यशस्वी राठौर एवं ग्रुप 'ड' में सूरज सिंह को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। विद्यालय में आयोजित संस्कृत सप्ताह के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कार वितरित किया गया जिसमें चित्रांकन प्रतियोगिता में कक्षा छठी के रिद्धिमा सिंह, कक्षा सप्तम के ओम प्रकाश अहीर, कक्षा अष्टम के श्रेया गुप्ता, कक्षा नवीं के जिया कुमारी तथा कक्षा दसवीं के अभिजीत झा को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। स्वागत गान में अनुश्री एंजेल को प्रथम, संध्या कुमारी को द्वितीय तथा इंदु रानी को तृतीय स्थान प्राप्त हुए। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में कक्षा षष्ठी के प्रखर



सिंहा, सप्तमी के रिदम वर्मा, अष्टमी से अरुणिमा बोस, कक्षा नौवीं से प्रियंका कुमारी एवं कक्षा दसवीं से अविनाश रंजन शर्मा को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता ने बच्चों को बधाई देते हुए अपने संबोधन में कहा कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है हम सभी को इस भाषा का सम्मान करना चाहिए।

विद्यालय के प्राचार्य राज किशोर शर्मा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से कहा कि विश्व के अनेक देशों में संस्कृत की महत्ता पर जोर दिया जा रहा है तथा विश्वविद्यालयों और विद्यालयों में आवश्यक विषय के रूप में संस्कृत की शिक्षा दी जा रही है। सभी विद्यार्थियों को इनसे सीख लेते हुए संस्कृत विषय को पढ़ना चाहिए तथा आने वाली पीढ़ियों को इसके महत्व के बारे में अवश्य बताना चाहिए।

उप प्राचार्य केआर झा ने विद्यार्थियों को जीत की बधाई देते हुए कहा कि संस्कृत देवों की भाषा है। यह भाषा गाने योग्य है इस भाषा का सम्मान अपने देश का सम्मान है। उन्होंने विद्यार्थियों को सुझाव दिया कि संस्कृत की प्रेरक कहानियों एवं सुभाषित श्लोकों से अपने जीवन को बेहतर बनायें। जूनियर विंग इंचार्ज रवि शेखर ने विद्यार्थियों को उनके कठोर परिश्रम की सराहना करते हुए उन्हें सफलता की बधाई दी तथा कहा कि सभी विद्यार्थियों को गीता की कुछ पंक्तियां अवश्य याद करना चाहिए, क्योंकि गीता से हमें कर्म करने की प्रेरणा मिलती है।

## जेसीआइ ने भूमि पूजन के साथ एक्सपो की नींव रखी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** जेसीआई रांची ने भूमि पूजन के साथ एक्सपो की नीव रखी। भूमि पूजन चीफ कोऑर्डिनेटर अभिषेक केडिया ने किया गया। एक्सपो जिसका की रांची वासियों को बेसब्री से इंतजार है। यह एक्स्पो उत्सव का रजत जयंती वर्ष है, जो कि 24 से 28 नवंबर तक मोराबादी मैदान में लगेगा। इसमें लगभग 300 से अधिक स्टॉल धारक देश और विदेश से आयेंगे।

अध्यक्ष सौरव साह ने कहा कि इस साल हम फनगोला बच्चों के लिए एम्यूजमेंट पार्क और मिडनाइट बाजार लेकर आ रहे है। इसके अलावा होम डेकोर, रियल एस्टेट, ऑटो जोन, इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, लेडीज कॉर्नर, कैफे



बिस्टरो, फर्नीचर जोन, स्टार्टअप बाजार, फूड कोर्ट और भी अन्य सेक्शन लेकर आ रहे है।

एक्स्पो चीफ कोऑर्डिनेटर जेसी अभिषेक केडिया ने कहा कि एक्सपो के पांचों दिन कुछ नया रहेगा। जैसे की फैशन शो, तंबोला, हेल्थी बेबी एंड मोम शो, वाइस ऑफ एक्सपो, डॉग शो, एक्सपो ट्रेजर हंट, पेंटिंग कंपटीशन, फैंसी ड्रेस कंपटीशन, एक्सपो ढिंचक ढा जैसे इवेंट होंगे। इस वर्ष एक्सपो में नया बहुत कुछ रहेगा जैसे की क्यूआर कोड सिस्टम रहेगा। जिससे की एक्सपो के अंदर आते ही लोग क्यूआर स्कैन करके सभी स्टॉल की जानकारी ले सकते है। भूमि पूजन कार्यक्रम के मुख्य संयोजक जेसी नवीन गरोड़िया थे।

## स्व. आनंदी सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मजदूर नेता और असंगठित मजदूरों को संगठित करने वाले स्वर्गीय आनंदी सिंह के पुण्यतिथि पर झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन की श्रद्धांजलि सभा में हजारों श्रमिक जुटे। पुण्यतिथि पर गुरुवार को पिस्का मोड़ विश्वनाथ मंदिर प्रांगण में हजारों की संख्या में श्रमिकों ने श्रद्धांजलि सभा में भाग लिया। स्वर्गीय आनंदी सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर यूनियन के सदस्यों सहित श्रमिकों ने पुष्प अर्पित किया। बड़ी संख्या में महिला बहनों ने भी श्रद्धांजलि सभा में हिस्सा लिया। गुरुवार को पंडरा बाजार सहित सभी ट्रांसपोर्ट बंद रहे। कही भी मजदूरों ने काम नही किया सभा को संबोधित करते हुए झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष ललित नारायण ओझा ने कहा कि 1986 में पहली बार स्वर्गीय आनंदी सिंह के रूप में असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को पहचान दिलाने की कवायद शुरू की गयी। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अलग राज्य झारखंड गठन के बाद झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन पिछले 22 वर्षों से असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की सुध बुध ले रहा है। मजदूर विश्रामगार, पेयजल वोटर आई कार्ड सहित अन्य मुद्दों को पिछले दो दशक में झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन ने प्रमुखता से उठाया। पूरे देश में कोरोना काल के दौरान जब मजदूरों को हटाया जा रहा था, भगाया जा रहा था, उस स्थिति में भी स्वर्गीय आनंदी सिंह एवं स्वर्गीय उदय शंकर ओझा के पद चिन्हों पर चलते हुए झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन ने अपने एक भी मजदूरों को प्रभावित नहीं होने दिया। साथी साथ 2020 और 21 में दोनों वर्ष इनकी श्रमिक बढ़ोतरी भी करायी। मजदूर नेता की पुण्यतिथि पर 2 मिनट का मौन रखते हुए हजारों साथियों ने एक साथ संकल्प लिया कि श्रमिक बंधुओं के लिए बड़े से बड़े उलगुलान के लिए तैयार रहना होगा। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य मुख्य रूप से बिंदुल वर्मा, पवन शर्मा, संजय जयसवाल, संतोष सिंह, दिनेश चौबे, सुनील सिंह चौहान, श्याम बिहारी सिंह, प्रभाकर सिंह, रंजीत तिवारी, रविंद्र दुबे, मनोज पासवान, सोली पासवान, मक्खन पासवान, ललित पासवान, गौरी शंकर जाधव, महेंद्र यादव, रामचंद्र राय, परमानंद राय, शहदेव राय, बगड़म, सनोज महतो, शिवकुमार यादव, मनोज राय, इंदर राय सहित अन्य साथी उपस्थित रहे।

### सरला बिरला विवि के फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट का राष्ट्रीय सतर्कता जागरूकता सप्ताह

# डीन डॉ संदीप कुमार किये गये सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के द्वारा राष्ट्रीय सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत किये गये विविध कार्यों तथा सीसीएल मुख्यालय रांची में सम्मान का समापन समारोह आयोजित कर विश्वविद्यालय के कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के डीन डॉ संदीप कुमार को सम्मानित किये जाने के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक एवं मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा तथा कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने शुभकामनाएं दी है तथा वाणिज्य व्यवसाय प्रबंधन संकाय के संकाय सदस्यों द्वारा विगत संपन्न किए गए कार्यक्रमों की प्रशंसा की है।

मालूम हो कि सरला बिरला विश्वविद्यालय में वाणिज्य व्यवसाय प्रबंधन संकाय द्वारा गत तीन नवंबर को सीसीएल के सहयोग से भव्य जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन की सफलता के लिए सरला बिरला विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के डीन डॉ संदीप कुमार को सीसीएल के सीएमडी द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

सीसीएल द्वारा आयोजित सम्मान समापन समारोह में सरला बिरला विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा ₹भ्रष्टाचार मुक्त भारत, विकसित भारत₹ विषय पर आधारित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ एक नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया गया। जिस उपलक्ष में उउछ के सीएमडी द्वारा एसबीयू के टीम के सभी सदस्यों को सम्मानित करते हुए प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए। विदित हो कि सीसीएल रांची द्वारा आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन पर सम्मान सह समापन समारोह सीसीएल मुख्यालय में किया गया था। इस अवसर पर एसबीयू के वाणिज्य व्यवसाय प्रबंधन विभाग के डॉ अशोक कुमार अस्थाना, डॉ पूजा मिश्रा, डॉ नीतू सिंघी,डॉ आरोही आनंद, डॉ भारद्वाज शुक्ल, प्रो आकांक्षा कुमारी, प्रो राहुल वत्स, प्रो करण प्रताप सिंह, प्रो एलजी हनी सिंह, डॉ सौरभ कुमार, डॉ गौतम तांती, डॉ देवाशीष राय, डॉ विद्या झा, डॉ प्रियंका पांडे, डॉ मेघना घोष, डॉ मुकेश कुमार सिंह, डॉ मुकेश बाबू गुप्ता आदि ने हर्ष व्यक्त किया है। सम्मान सह समापन समारोह में सीसीएल के सीएमडी पी एम प्रसाद सहित कार्मिक निदेशक श्री एचएल मिश्रा, वित्त निदेशक श्री पीके मिश्रा, निदेशक श्री बी साईं राम और सीवीओ श्री एस के सिन्हा उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, बड़ी संख्या में कर्मचारीगण शामिल थे।

### 27 प्रतिशत आरक्षण पर वैश्य मोर्चा ने मंत्री बन्ना गुप्ता का आभार व्यक्त किया

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का एक प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से उनके रांची स्थित आवास में मुलाकात की। वहीं विधानसभा से ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने संबंधी प्रस्ताव पारित किये जाने पर बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया। उनसे आग्रह किया गया कि राज्य सरकार आगे भी सकारात्मक पहल करते हुए नवीं अनुसूची में शामिल कराने में मदद करें। मालूम हो कि वैश्य मोर्चा ने कई बार मंत्री बन्ना गुप्ता से मिल कर ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिलवाने की मांग की थी। मंत्री बन्ना गुप्ता भी वैश्य मोर्चा के कई कार्यक्रम में शामिल हो कर भरोसा दिलाया था कि वे जल्द ही सरकार से ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दिलवाने का प्रयास करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू, कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, उप प्रधान महासचिव उपेंद्र प्रसाद साहु, संगठन महासचिव रोहित शारदा, इंदु भूषण गुप्ता, केंद्रीय सचिव रामाशंकर राजन, अनिल वैश्य, रोहित कुमार साहू, डॉ अरविंद जायसवाल, मंजीत आनंद साहू, नरेश साव, हरिनाथ साहू सहित अन्य शामिल थे।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में चेस कोचिंग शिविर



**रांची (आजाद सिपाही)।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के परिसर में 14 से 16 नवंबर तक तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इंटरनेशनल मास्टर, फिडे ट्रेनर और इंटरनेशनल आर्बिटर, प्रशिक्षक श्री नीरज कुमार मिश्रा से उनके कुशल मार्गदर्शन में छात्रों ने टूर्नामेंट के पूर्व का रणनीतिक कौशल, महत्वपूर्ण रक्षात्मक तरीकों और शैक्षणिक सत्र में शतरंज की भूमिका के लिए विभिन्न कौशलों को सीखा। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने विद्यालय द्वारा शिविर का आयोजन कराने के प्रयासों की प्रशंसा की। प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि शिविर में भाग लेने वाले छात्रों को निश्चय ही इससे लाभ होगा।

### गुजरात चुनाव में प्रचार करेंगे रघुवर दास

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास शुक्रवार से 3 दिन के गुजरात दौरे पर रहेंगे। यहां वे गुजरात विधानसभा के चुनाव प्रचार में शामिल होंगे। दास कतारगाम विधानसभा में तीन दिन रहेंगे। रघुवर वहां क्षेत्र में राजनीतिक सभाओं के अलावा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी करेंगे। इसके अलावा डोर टू डोर कैंपेन में भी हिस्सा लेंगे। वे 18 नवंबर को दिन के 3 बजे सूरत पहुंचेंगे। वहां 18, 19 और 20 को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

## बिना ओबीसी आरक्षण नगर निकाय चुनाव कराना ओबीसी समुदाय के साथ धोखा : राजेश गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के गठबंधन की सरकार ने शहरी नगर निकाय चुनाव बिना ओबीसी आरक्षण के अधिसूचना जारी कर 52% ओबीसी समुदाय के साथ धोखा किया है। बावजूद ओबीसी के हकों के लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा लगातार संघर्ष करेगा। उक्त बातें मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण के लिए जबरदस्त आंदोलन किया था। यह



मामला न्यायालय में गया, तो सरकार ने हलफनामे में कहा कि अगली चुनाव ओबीसी आरक्षण के साथ की जायेगी, लेकिन अगली चुनाव नगर निकाय में बिना ओबीसी आरक्षण का अधिसूचना जारी कर ओबीसी समुदाय के साथ धोखा किया है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए कई आंदोलन किये, जिनमें धरना प्रदर्शन के साथ सेमिनार, मंत्री विधायकों के घर घंटा बजाओ नींद से जगाओ आदि। कार्यक्रम के माध्यम से ट्रिपल टेस्ट की कार्यवाही पूरे कर सुप्रीम कोर्ट को सौंपने की मांग की गयी थी, लेकिन गठबंधन की सरकार पूरी तरह से ओबीसी समुदाय के हितों की अनदेखी कर नगर निकाय चुनाव की घोषणा की।

# डीसी ने निर्माणाधीन पुल एवं आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

**गोला (आजाद सिपाही)।** डीसी माधवी मिश्रा ने गुरुवार को प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सोसोकला पंचायत में डीएमएफटी मद से निमार्णाधीन पुल का निरीक्षण कर अब तक हुए कार्यों का जायजा लिया। उपायुक्त ने पुल के अप्रोच रोड का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करते हुए आम जनों के लिए पुल को शुरू करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने बताया कि उक्त पुल के निर्माण में संवेदक द्वारा बरती गई अनियमितता की शिकायत ग्रामीणों द्वारा की गई थी। जिसपर मैं जाँच करने आयी हूँ।उपायुक्त मौके पर मौजूद विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि जब पहुँच पथ बना नही तो इतनी बड़ी योजना की स्वीकृति कैसे दी गई।साथ डीसी ने अधिकारियों को जल्द से जल्द पहुँच पथ बनाने का निर्देश दिया।इसके बाद उपायुक्त नावाडीह पंचायत में डीएमएफटी मद से निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण



किया। इस दौरान उन्होंने कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए संवेदक को ससमय कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। यहां पर मुखिया राजकिशोर कोटवार ने कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए संवेदक पर कार्रवाई करने की मांग की। वही इसके लिए उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल का निरीक्षण कर सही से जाँच कर दोषियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।दौरे के क्रम में उपायुक्त ने नावाडीह पंचायत में मध्य विद्यालय चोकरबेड़ा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों से रूबरू हुई एवं लंबा समय उनके साथ व्यतीत किया। उपायुक्त ने बच्चों से उनकी शिक्षा एवं विद्यालय के माध्यम से उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। मौके पर उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जो भी सुविधाएं बच्चों को दी जानी है उन्हें बच्चों को ससमय उपलब्ध कराने एवं रचनात्मक तरीके से बच्चों को शिक्षा देने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने एवं जीवन में आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दी।मौके पर जिला योजना पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार, सहायक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, डीएमएफटी टीम लीड एवं सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

## सीएम से मिलने के लिए झामुमो कार्यकर्ता हुए रांची रवाना



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा 1932 का खतियान पास करने और ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने से झामुमो कार्यकताओं में हर्ष है। गुरूवार को भुरकुंडा कोयलांचल से झामुमो नेता मुकेश राउत के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलने के लिए रांची रवाना हुए। मौके पर मुकेश राउत ने कहा कि हेमंत सोरेन ने 1932 का खतियान पास कराकर झारखंड के लिए ऐतिहासिक काम किया है। जिससे झारखंडियो में खुशी की लहर देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि झारखंडियों के इस सपने को झारखंड के लाल सीएम हेमंत सोरेन ने पूरा करने का काम किया है। हेमंत सोरेन की लोकप्रियता को देख केंद्र सरकार कभी ईडी तो कभी सीबीआई के द्वारा मुख्यमंत्री को परेशान करने का कार्य कर रही है। केंद्र सरकार के इस गलत नियत को झारखंड की जनता कभी सफल नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि झारखंड को अलग हुए 22 साल हो गये। 18 साल भाजपा की सरकार रही, लेकिन झारखंडियों के हित में कोई कार्य नहीं हुआ। वहीं सीएम हेमंत सोरेन के 3 साल का कार्यकाल भी नहीं हुआ है और वे जनता के लिए सैंकड़ो ऐतिहासिक फैसले ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वास्तव में झारखंडियो के विश्वासों पर खरा उतरने का काम किया है। रांची रवाना होने वालो में झामुमो नेता मुकेश राउत, प्रकाश राउत, राजन राय, भोलू हासमी, अमित साव, अमित करमाली, विजय गोस्वामी, रिक्कू राम, कुणात सोनी, राजू राम, सदाम अंसारी, करण पासवान, राजू राम, विपुल कुमार, सनी करमाली, राकेश राज, बिनोद पासवान, रोशन पांडे, पप्पू यादव, नौसाद अली, रितेश कुमार, मनोज करमाली, उमेश राम, शौकत अली, सिकंदर साव, राहुल सिंह सहित कई लोग शामिल हैं।

## पयोनियर धान प्रदर्शनी का आयोजन



**गोला (आजाद सिपाही)।** बरियातू पंचायत के सोटय गांव में गुरुवार को पयोनियर धान का प्रदर्शनी किया गया। इस दौरान कंपनी के 27पी37 धान की तुलना अन्य धान से की गई। जिसमे 27पी37 के दस बलियो का वजन 122 ग्राम एवं अन्य धान के वजन 88 ग्राम ही आया। कंपनी के जिला पदाधिकारी निवारण पांडे एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी युगल कुमार ने बताया कि हमारे कंपनी का धान की पैदवार अधिक है। साथ ही रोगों से लड़ने की क्षमता भी अधिक है। मौके पर मोहन महतो, कोलेश्वर महतो,गोबर्धन महतो,विक्रम महतो, अंजली देवी आदि मौजूद थे।

## रामगढ़ महाविद्यालय में निर्वाचन साक्षरता क्लब की हुई बैठक



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शारदा प्रसाद के निर्देश पर गुरुवार को रामगढ़ महाविद्यालय में निर्वाचन साक्षरता क्लब में की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग, कॉलेज के निर्वाचन नोडल अधिकारी प्रो साजिद हुसैन ने किया। इस दौरान बैठक में राजनीति विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ बलवंती मिंज और निर्वाचन साक्षरता क्लब के सभी सदस्य मौजूद थे। बैठक में नोडल अधिकारी के द्वारा छात्र एवं छात्राएं जिनके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है, उन्हें वोटर हेल्पलाइन के द्वारा पहचान पत्र बनाने की जानकारी दी गई है। सभी विद्यार्थियों को वोटर हेल्पलाइन के ऐप को डाउनलोड करने तथा रजिस्ट्रेशन करने की प्रक्रिया को पूरा किया गया है। इस अवसर पर प्रो प्रीति कमल, डॉ मालिनी डीन, रोज उरांव, डॉ शाहनवाज खान के अलावा विद्यार्थियों में आशीष, शहजादी, राहुल, सागर, मुन्ना, पियूष, अरविंद, कतिबुन सहित कई विद्यार्थी शामिल थे।

## विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत राजनीतिक दलों के साथ बैठक



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत अपर समाहर्ता रामगढ़ नेल्सम एयोन बागे की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र मोहम्मद जावेद हुसैन सभी को विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत जानकारी देते हुए कहां की निर्वाचन प्रक्रिया को सुदृढ़ करने के लिए बहुत जरूरी है कि प्रत्येक योग्य मतदाता के पास अपना मतदाता पहचान पत्र हो। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की।अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी को वोटर हेल्पलाइन एप की जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान समय में कोई भी व्यक्ति वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से निर्वाचन से जुड़ी किसी भी प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वही विभिन्न आवेदनों को भी वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से जमा किया जा सकता है। मौके पर उन्होंने सभी को अपना आधार कार्ड वोटर आईडी कार्ड से लिंक कराने के फायदे की जानकारी देते हुए अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की।

## गोला में बगैर डोभा निर्माण के मनरेगा से कर ली गयी निकासी

**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला प्रखंड के मगनपुर पंचायत के महलीडीह गांव की मालती देवी पति स्व० इन्द्रदेव महतो ने लोकपाल रामगढ को एक आवेदन देकर कहा कि मेरे पति इन्द्रदेव महतो के नाम से वर्ष 2020-21 मे एक डोभा निर्माण का योजना मिला था। जिसकी जानकारी न ही मेरे पति को थी और न ही मुझे, जिसका सेंशन न० 3416010/ 2020-2021 / 332120 / अर 01/11/2020 है। रोजगार सेवक एवं पंचायत सचिव द्वारा मेरे बैंक ऑफ इंडिया मगनपुर के खाते में तीन चार बार 11640 डाला गया है जिसका शिकायत करने पर रोजगार सेवक तथा पंचायत सेवक द्वारा कहा गया कि यह दुसरे योजना का पैसा है इसमे आप 20% रख कर हमलोग को दे देना, उनके कहे अनुसार 250 रखकर बाकि पैसा उनलोगो को दे दिये। कुछ दिन पहले पता चला कि मेरे पति स्व० इन्द्रदेव महतो के नाम से वर्ष 2020-21 में डोभा स्वीकृत हुआ है। जिसका निर्माण अभी तक नहीं किये है लेकिन रोजगार सेवक एवं पंचायत सचिव कि मिली भगत से मेरे पत्ति की योजना को फर्जी तरिके से कागज में निर्माण दिखाकर अन्य मजदुरों को फर्जी तरीके से बीना काम किये उनके खाते में पैसे भेज कर पैसे की बंदरबाट कर लिया गया। संलिप्त अधिकारियों की व्यापक रूप से जाँच कर दोषियों पर उचित कानूनी कारवाई की मांग की है।

## शांति समिति की बैठक में मंदिर व मस्जिद में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्णय

**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक बीडीओ संतोष कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बेटुल कलां में प्रतिबंधित मांस को लेकर पिछले कई दिनों से चल रहे विवाद का समापन किया गया। मौजदू लोगों ने अपनी अपनी बातों को रखा। सभी ने सद्भाव बनाये रखने पर सहमति जताई। निर्णय के मुताबिक मंदिर व मस्जिद में सीसीटीवी कैमरा लगाने की बात कही गई। पंचायत के मड से कैमरा लगाने की बात बीडीओ व मुखिया ने कही। साथ ही किसी भी हाल भाईचारगी का माहौल कायम रखने को कहा गया। माहौल बिगाड़ने वालों और कानून को हाथ मे लेने वालों पर कार्रवाई भी हो सकती है। मौके पर इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी सिद्धांत, विक्रमशिल, मुखिया जाकिर अख्तर, रूपा देवी, बजरंग महथा, राजीव जायसवाल, संतोष तिवारी मुख्य रूप से मौजूद थे।

## कल्याणपुर में एनटीपीसी ने बांटे कंबल

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा ने कल्याणपुर पंचायत में सामुदायिक विकास कार्य के तहत बुधवार को कंबल वितरण किया गया।इसमें नई पारम एव दुंदुआ गाँव में दो सौ कंबल वितरण किया गया।मौके पर डीजीएम एचआर धीरज कुमार गुप्ता ने बताया की एनटीपीसी हमेशा से सामाजिक विकास कार्यो में ध्यान केंद्रित करती है।परियोजना से विस्थापित गाँव में आगे भी सर्दी के मौसम में कंबल वितरण किये जायेंगे।इस मौके पर मुखिया महेश मुंडा,सीएसआर पदाधिकारी जीत सिंह संधु,समेत बड़ी संख्या ग्रामीण उपस्तिथ थे।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा ने कुजू में निकाला मशाल जुलूस

**ओबीसी को चुनाव आरक्षण से वंचित रखना, कई से जायज नही : जगेश्वर प्रजापति**



**कुजू (आजाद सिपाही)।** भाजपा ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव के निर्देश पर पिछड़ी जाति को हेमंत सरकार द्वारा पंचायत व नगर निकाय चुनाव में आरक्षण सुविधा नहीं दिए जाने के विरुद्ध में कुजू चौक पर मशाल जुलूस निकाली गयी। जुलूस का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष ज्ञानी साव ने की। जुलूस में मुख्य रूप से मंडल प्रभारी सह भाजपा ओबीसी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जगेश्वर प्रजापति मौजूद रहे। जुलूस में शामिल भाजपाइयों ने सार्वजनिक दुर्गा मंदिर कुजू से पैदल मार्च करते हुए कुजू चौक पहुंचे। इस दौरान भाजपाइयों ने हेमंत सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए चुनाव में अविलम्ब ओबीसी को 27 % आरक्षण सुविधा देने की मांग की। जुलूस में शामिल जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि चुनाव में आरक्षण सेवा समाप्त कर ओबीसी को चुनाव लड़ने से वंचित किया गया है, जो कतई ही जायज नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस दोहरी नीति के खिलाफ आज मशाल जुलूस निकालकर एक संकेत दिया गया है। जरूरत पड़ने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष तोकेश सिंह, नप अध्यक्ष मनोज गिरी, अशोक कुमार, रतन प्रसाद साहू, विवेक गुप्ता, रवि साहू, आशीष कुमार, रामविकाश पटेल, रामानन्द सिंह, हरि महतो, संजीत सोनी, सुखदेव सोनी, गणेश सोनी, नरेश गुप्ता, जयनंदन पटेल, प्रकाश केसरी, कौशल्या देवी, किरण देवी, रेखा देवी, रामकुमार साहू, छोटे लाल सोनी, शंकर महतो, टीपू चंद्रपाल, राजेंद्र प्रजापति आदि शामिल रहे।

## झारखंड के कई खिलाडी देश एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं : ममता देवी



**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के एस एस प्लस टू उच्च के खेल मैदान में गुरुवार को खेलो झारखंड 2022 - 23 के तहत प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ममता देवी शामिल हुई। उन्होंने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित एवं फीताकाटकर विधिवत रूप से उद्घाटन किया। इस दौरान 100 मीटर दौड़ में भाग लिये प्रतिभागियों सभी स्कूलों के छात्र छात्राओं को हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ममता देवी ने कहा कि वर्तमान सरकार खेल के क्षेत्र में काफी गंभीरता से कार्य कर रही है। इस तरह कई खिलाड़ी अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर झारखंड राज्य का नाम रोशन कर रहे है। आगे कहा कि पढाई के साथ साथ खेल भी बहुत जरूरी है।साथ ही मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में कुल 66 विद्यालय के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुखदेव कर्मकार प्रखंड बीस अध्यक्ष रामविनय महतो, प्रमुख गीता देवी, जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी, उप प्रमुख विजय ओझा, जिला बीस सूत्री सदस्य तेसामुद्दीन अंसारी ,बीस सूत्री सदस्य गौरीशंकर महतो, मानिक पटेल ,शिक्षक शिवप्रकाश, विपुल सिन्हा सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## डीसी ने किया जिला समाज कल्याण समिति की बैठक



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण, बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई की बैठक की गई। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत लाभुकों को चिन्हित कर विवाह निबंधन प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने को लेकर निदेशित किया। साथ ही उन्होने कहा कि कोई भी लाभुक विवाह निबंधन प्रमाण पत्र के अभाव में इस योजना से वंचित नहीं हो। बैठक में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत कम आवेदन सृजित करने पर नराजगी जताते हुए महिला प्रवेक्षिका को निदेशित किया गया कि यथाशीघ्र सभी योग्य लाभुकों को चिन्हित कर आवेदन सृजन करना सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के तहत प्रथम किस्त, द्वितीय किस्त, तृतीय किस्त एवंङ्क१ॗीॖ३ङ्क्षल्ल ०४ी४ी में वांछित सुधार करना सुनिश्चित करें तथा इस योजना के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाईयों से लिखित रुप में सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। आगामी 30 नवम्बर तक पोषण ट्रेकर एप पर शत प्रतिशत लाभुकों का इण्ट्री पूर्ण करना सुनिश्चित करें, समर अभियान अन्तर्गत वांछित सूधार एक सप्ताह के अन्दर न होने पर संबंधित सेविकाओं की चयनमुक्ति की कार्रवाई की जाएगी। बाल संरक्षण योजना अंतर्गत फोस्टर फैमिली के रूप में परिवार को आगे आकर अनाथ बच्चों का पालन पोषण करने तथा दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया के माध्यम से हर बच्चा को परिवार से जोड़ने हेतु जागरूकता कार्यक्रम करने तथा ग्राम बाल संरक्षण समिति के अध्यक्ष जो वार्ड सदस्य होते है का प्रशिक्षण कार्यक्रम करने को लेकर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी के द्वारा उपायुक्त को जानकारी दी गई। साथ ही जिला में बाल गृह संचालन हेतु प्राप्त आवेदन की जानकारी दी गई। जिसे लेकर उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया ।

## दो दिवसीय मंगसीर नवमी महोत्सव संपन्न, दादी जी के भजनों से झूमे भक्त



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट के तत्वधान में आयोजित दो दिवसीय मंगसिर नवमी महोत्सव धूमधाम के साथ संपन्न हो गई। महोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार की सुबह 10.30 बजे गणेश पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। जिसके यजमान अजय अग्रवाल सपत्नीक बुलबुल अग्रवाल शामिल हुई। वही, 11.30 बजे से दादी जी का मंगल पाठ का आयोजन हुआ। जहां धनबाद के प्रसिद्ध मंगल पाठ वाचक पंकज मोदी एवं उनकी टीम ने पाठ किया और दादी जी के मीठे मीठे भजनों से दादी जी के भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

**श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष और सचिव ने जताया आभार**

कार्यक्रम की सफलता के उपरांत श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल और सचिव सुनील अग्रवाल ने दादी जी के भक्तों और अन्य लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रकट किया।

**महोत्सव में ये थे शामिल**

महोत्सव में बजरंग लाल अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, विजय सराओगी, अशोक अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अभिषेक सिंघानिया, महेश रानी लिया, शिवकुमार अग्रवाल, अजय अग्रवाल, महावीर पटवारी, विमल बुधिया, संजीव बरेलिया, मुरारी अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, प्रमोद मोदी, सुभाष अग्रवाल, महेशचंद्र अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, महेश रानीलिया, केशव अग्रवाल, राहुल क्याल, विवेक अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, मिकी अग्रवाल, महिला समिति से अनीता अग्रवाल,रीता अग्रवाल, संजना अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल,शीला जैन, अनीता शर्मा सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल समिति की भुरकुंडा में हुई बैठक, प्रदर्शन आज

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल समिति की बैठक गुरूवार को रोड सेल में हुई। इसकी अध्यक्षता गिरधारी गोप व संचालन मुकेश पासवान ने किया। बैठक में 18 को बलकुदरा खुली खदान के समक्ष विशाल जन प्रदर्शन की सफलता को ले चर्चा की गई। कहा गया कि इस प्रदर्शन में रोड सेल के मजदूर, स्थानीय बेरोजगार सहित भारी संख्या में ग्रामीण शामिल होंगे। निर्णय हुआ कि सुबह 10 बजे सभी लोग रोड सेल में जुटेंगे। इसके बाद भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल समिति के बैनर तले एक विशाल जुलूस के रूप में सेल सेंटर से बलकुदरा खुली खदान पहुंचेगे। जहां जुलूस रैली व आमसभा में तब्दील हो जायेगी। सभा के बाद सात सूत्री मांग-पत्र सीसीएल प्रबंधन व पीएलआर प्रबंधन को सौंपी जायेगी। मौके पर अजय सिंह, रेवती रमण शर्मा, बालेश्वर पासवान, दर्शन गंझू, सत्यनारायण पासवान, प्रेम कुमार, रॉवेल एक्का, रविन्द्र सिंह, हरिशंकर चौधरी, बालो बेदिया, उमेश नायक, गांगो बेदिया, उमेश राय, गणेश बेदिया, जुगल पासवान, बागेश करमाली, तुल्ला खान, सुनील बैठा, जितेंद्र करमाली, कुलदीप यादव, अमरेंद्र प्रसाद, शंकर पासवान, रौबीन मुखर्जी, सुनील तुरी, कैलाश तुरी, अशोक तिवारी, शनिचर उरांव सहित कई लोग मौजूद थें।

## रांची उत्पाद विभाग की टीम ने भुरकुंडा सरकारी शराब दुकान में की छापामारी, नकली शराब बरामद

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** एयरटेल टावर के समीप चल रहे सरकारी शराब की दुकान में गुरुवार की सुबह साढे सात बजे रांची उत्पाद विभाग की टीम ने नकली शराब बिक्री की सूचना को ले छापामारी की। मालूम हो कि झारखंड राज्य बीवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के अनुमोदन पर प्लेसमेंट एजेंसी सुमित फैसिलिटीज इंटरप्राइजेज के अंतर्गत भुरकुंडा की शराब दुकान में शराब की बिक्री की जाती है। छापेमारी दल ने शराब दुकान के आसपास कई गोदामो में जांच-पड़ताल की। तलाशी के दौरान सील खुली पेटियों में रखे शराब की बोतलों को स्कैन की गई और कागजात की भी जांच की गई। तलाशी के दौरान उत्पाद दल ने इंपीरियल ब्लू 375 एमएल और मेकडॉवेल नंबर वन 750 एमएल की कई बोतल बरामद की। स्कैन के बाद उत्पाद टीम ने



बताया कि प्रथम दृष्टया में स्कैन के मुताबिक नकली शराब प्रतीत हो रही है। टीम ने बताया कि जप्त शराब की हाफ बोतलो में गोल्डन कलर की जगह कॉपर व प्राईस का रैफर भी ओरिजनल से भिन्न दिख रहा था। इसके बाद दुकान के दो सेल्स मैन सहित एक अन्य को हिरासत में लेकर टीम अपने साथ रामगढ़ ले गई जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। छापामारी टीम ने बताया कि रांची उत्पाद विभाग कमिशनर कमलेश्वर प्रसाद सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि भुरकुंडा सरकारी शराब दुकान में नकली शराब की बिक्री की जा रही है। इसके बाद कमिशनर के निर्देश पर भुरकुंडा शराब दुकान में करवाई की गई। अस्सिटेंट कमिश्नर अजय कुमार गौड़ ने बताया कि शराब की दुकान में जांच के बाद बिना डियूटी पेड नकली शराब और डायलुटेड शराब बरामद किया गया है। कहा गया कि जांच के बाद आगे अधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई की जायेगी। छापेमारी टीम में प्रेम प्रकाश उरांव इंस्पेक्टर उत्पाद विभाग, पंकज कुमार, अशोक कुमार, अनु प्रताप अवर निरीक्षक, भुरकुंडा पुलिस एएसआई रामसरीख तिवारी, आईआरबी फोर्स के नवीन कुमार, अमरेश कुमार, सिकंदर मंडल व कॉन्स्टेबल देवेंद्र कुमार, रविकुमार, चिंता लाल, रघुनाथ कुड़डू, शैलेन्द्र यादव साहित झारखंड होम गार्ड के जवान शामिल थें।

## तोपा लोकल रोड सेल में हाथ लदाई को लेकर मोर्चा ने सौंपी सूची



**कुजू (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित/ प्रभावित मजदूर मोर्चा तोपा ने गुरुवार को सीसीएल तोपा परियोजना में संचालित लोकल रोड सेल में हाथ लदाई कार्य को अविलम्ब चालू करने की मांग को लेकर लोडिंग मजदूर दंगल व निगरानी समिति की सूची पीओ मनीष कुमार को सौंपी गई। मौके पर डिस्पैच अधिकारी नीलेश कुमार मौजूद रहे। सूची सौंपने वालों में मोर्चा अध्यक्ष किशोर करमाली, सचिव मो.इस्लाम, ललित राम, शमशेर आलम, भागवत करमाली, अशरफ मियां, प्रति गुप्ता, सुमन कुमारी, नुजहत परवीन, साजिया परवीन, रंजू देवी, जफरुल अंसारी, अब्दुल अंसारी, अशोक गुप्ता, इमामुद्दीन, शंकर प्रसाद, मोहसिन, इस्लाम अंसारी आदि शामिल रहे।

## आक्रोश रैली में शामिल होने उरीमारी से सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ता रांची रवाना



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के उरीमारी से झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया के नेतृत्व में इडी को लेकर गुरुवार को रांची राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन के लिए सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ता रवाना हुए। मौके पर संजीव बेदिया ने कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर इडी मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन पर अनर्गल दबाव बना रही है जिसका झारखंड मुक्ति मोर्चा पुरजोर विरोध करती है। केंद्र की गलत मंशा को झामुमो कार्यकर्ता कभी भी कामयाब नहीं होने देगा। रांची जाने वालों में झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष संजय करमाली, सूरज बेसरा, गणेश गंझू, संतोष सिंह, बिनोद हेंब्रम, सफीउल्लाह, संजय सिंह, पंकज हेंब्रम, दिनेश टुडू, प्रेम सोरेन, अजय करमाली, विजय सोरेन, बंशी मुर्मू, आनंद बेसरा, सुखराम बेसरा, अजय मरांडी, सुनील सोरेन, बिनोद सोरेन, संजय हेंब्रम, कतीलाल हेंब्रम, टुरा मांझी, संजय करमाली, प्रसाद करमाली सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## राकोमयू ने शाखा सयाल परियोजना की संगठन मजबूती को लेकर की बैठक



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन शाखा कमिटी की बैठक गुरुवार को सयाल परियोजना के बेस वर्कशॉप के समीप की बैठक। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने किया। बैठक में केंद्रीय रीजनल कमिटी के उपाध्यक्ष सीपी संतन एवं कार्यालय मंत्री ए के चक्रवर्ती उपस्थित थे। यूनियन की सदस्यता एवं संगठन को मजबूत करने के लिए विचार विमर्श किया गया। वहीं मजदूरों की विभिन्न समस्याओं को हर हाल में समाधान करने बात कही गई। बैठक में मुख्य रूप से डा जी आर भगत, सीताराम किस्कू, विश्वनाथ मांझी, दिलीप कुमार, सचिव सतेन्द्र सिंह,सदन राम, महादेव बेसरा, संजय कुमार यादव, महेंद्र सिंह, सतीश कुमार,अजय मिश्रा, मुस्लिम मियां, विजय कुमार मौजूद थे। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की सदस्यता ग्रहण करने वालो में लक्ष्मण राम, रामनंदन राम, अब्दुल मंजूल खां, खैटा करमाली, हरिशंकर, बैजनाथ,तनूभाई,सोहराई,मंगरु बेदिया,जुरा मांझी,राना कुमार सिंह,अघन उरांव,सुकुरमुनी देवी,सरयू राम,झानो देवी, उषा देवी, धनेश्वर सिंह दिपक कुमार यादव शामिल हैं।

## जेएसपील ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के ग्राम जयनगर स्थित मध्य विद्यालय में गुरुवार को जेएसपील के द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर आवश्यकता के अनुसार निशुल्क दवाएं भी वितरित की गई। इस मौके पर करीब 55 ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। और दवाएं प्राप्त की। मौके पर डॉ मंजु मिश्रा और डॉ बहुमणी हांसदा ने ग्रामीणों की स्वारस्थ्य का परीक्षण किया। इस अवसर पर पंचायत की मुखिया हीरा देवी, हेमंती देवी सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## महीनों से खराब पड़े चापानल को दुर्गा सोरेन सेना के सचिव ने कराया दुरुस्त



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** दुर्गा सोरेन सेना के रामगढ़ जिला सचिव नन्दकिशोर मुन्डा के पहल पर गुरूवार को बलकुदरा पंचायत अंतर्गत बी गेट भरत करमाली घर के समीप महीनों से खराब पड़े चापानल को दुरूस्त कराया गया। मौके पर नंदकिशोर मुंडा ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली की कई महीनों से उक्त चापानल खराब है जिसके कारण आसपास के लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। सूचना के बाद मैने पीएचडी विभाग को इसकी जानकारी दी। इसके बाद विभाग के मिस्त्री बैजनाथ बेदिया, चंद्ररू उरांव, रवि बेदिया द्वारा मेरी देखरेख में चापानल को दुरूस्त किया गया। इधर चापानल बन जाने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। मौके पर संतोष सोनी, पंकज यादव, रवि महली, भरत करमाली, संजय महली आदि ग्रामीण मौजूद थें।

## ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा की भुरकुंडा में हुई बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा झारखंड केंद्रीय कमेटी की बैठक गुरूवार को बांसगढ़ा खदान के समीप मोर्चा के क्षेत्रीय कार्यालय भुरकुंडा में हुई। इसकी अध्यक्षता मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष सुभाष दास उर्फ काला बाबू व संचालन मोर्चा के केंद्रीय संगठन मंत्री राजेश वर्मा ने किया। बैठक में मोर्चा की मजबुती व सदस्यता बढ़ाने पर चर्चा की गई। मौके पर मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार ने कहा कि बलकुदरा में लोकल सेल चालू की जाए। साथ ही लोकल सेल में हमारी ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा को भागीदारी मिले। उन्होंने बेरोजगारों को रोजगार देने सहित 75 प्रतिशत कोयला लोकल सेल में देने की मांग प्रबंधन से की। बताया गया कि उक्त मांगों को ले 21 नवंबर सोमवार की सुबह 11 बजे भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी को मोर्चा द्वारा मांग-पत्र सौंपा जाएगा। कहा गया कि मोर्चा की भागीदारी सुनिश्चित नहीं हुई और उक्त मांगों पर पहल नहीं की गई तो प्रदर्शन के साथ-साथ उग्र आंदोलन का भी रूख अख्तियार किया जायेगा। जिसकी सारी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन की होगी। मौके पर देवनारायण कोल, राजेंद्र नायक, मधु बाउरी, सत्यनारायण प्रसाद, राजकुमार गिरी, मनोज बेदिया, शहजादा अनवर, किशोर नायक, विजय दुबे मौजूद थें।

## बलकुदरा पंचायत में गरीब-जरूरतमंदों के बीच कंबल का हुआ वितरण

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बढ़ते ठंड को देखते हुए बलकुदरा पंचायत में गुरूवार को सरकार द्वारा प्राप्त 150 गरीब-जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान स्थानीय मुखिया विजय मुंडा, पंचायत समिति सदस्य राजू मुंडा, उपमुखिया लक्ष्मी देवी, वार्ड सदस्य सुमंती देवी, चंदा रानी, राधा देवी, मुनी देवी, कलावती देवी, गुलचंद मुंडा, अनिल मुर्मू, कलावती देवी आदि वार्ड सदस्यों द्वारा 150 गरीब-असहाय, वृद्धा, विधवा व दिव्यांगों के बीच संयुक्त रूप से कंबल का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया विजय मुंडा ने कहा कि हर हाल में गरीबों को ठंड से बजाया जायेगा। उन्होंने सबों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि जल्द ही बाकी बचे लोगों के बीच भी कंबल का वितरण किया जायेगा। किसी को ठंड से ठिठुरने नहीं दिया जायेगा। मौके पर रंजीत उरांव, जितेंद्र मुंडा, दिनेश मुंडा, विकास चंद्र कौर, राजन प्रसाद आदि मौजूद थें। कंबल पाने वालो में बिपती देवी, मुनिया देवी, फुलमनी देवी, मालती देवी, बिरसी देवी, फूलो देवी, देवसागर माली, प्रभु मुंडा, कालूराम, जगन मिस्त्री, सरस्वती देवी, सूमो देवी, शंकर मुंडा, अनीता देवी, बुधनी देवी, सीता देवी, बलकहिया देवी, चिंता मुंडा, फुलकुमारी देवी, सजनी देवी, रोशन आरा, यदुनंदन मुंडा, सुरेश मुंडा, जिरवा देवी, संतोष, डूबनी देवी, काशी मुंडा, रामचंद्र मुंडा, सासबीर मुंडा, देवलाल मुंडा, एतवरिया देवी, दशमी देवी, मंगरी देवी, कौशल्या देवी सहित दर्जनों लाभुक शामिल हैं।

# जी-20 शिखर सम्मेलन में पॉजिटिव संकेत

बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान मंगलवार शाम को हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मुलाकात की अहमियत से इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि जी-20 की इस बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से लेकर फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक तक तमाम वैश्विक नेताओं के साथ महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकें हुई हैं। मोदी और शी के बीच बैठक को लेकर भी काफी पहले से कयास लगाये जाते रहे हैं। लेकिन आखिरी पलों तक इस बारे में कोई घोषणा नहीं हुई। यहां तक कि मुलाकात के बाद भी न तो भारतीय पक्ष ने इस बारे में कोई रिलीज जारी की और न ही चीनी पक्ष ने कुछ कहा। मगर मुलाकात का विडियो उपलब्ध है, जिसमें साफ दिख रहा है कि दोनों नेता मुस्कुराते हुए एक-दूसरे से मिले, हाथ मिलाया और चेहरे पर सौहार्द्रपूर्ण मुस्कान कायम रखते हुए कुछ बातें भी कीं। सूत्रों के जरिए यह कहा गया है कि दोनों के बीच कोई गंभीर बातचीत नहीं हुई, बस शिष्टाचार के तहत किये जाने वाले औपचारिक सवाल-जवाब ही हुए। इसके बावजूद न तो यह मुलाकात विशुद्ध संयोग का परिणाम थी और न ही इसे पूरी तरह निरर्थक कहा जा सकता है। अगर दोनों पक्ष चाहते तो इसे आसानी से टाला जा सकता था। ध्यान रहे पिछले सितंबर महीने में समरकंद में हुई शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन की शिखर बैठक में भी दोनों नेता मौजूद थे, फिर भी उस समय इनके बीच मुलाकात का ऐसा कोई विडियो नहीं आया। इस बार यह आया है, तो इसके निश्चित ही कुछ अर्थ हैं। हालांकि गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद से कई राउंड की सैन्य वार्ताओं और कूटनीतिक वार्ताओं के बाद दोनों देश अपने सैनिक पीछे कर चुके हैं, लेकिन सीमा पर भारी संख्या में सेना की तैनाती अब भी जारी है। यह लगातार दूसरी सर्दियां हैं जब दोनों देश मौसम की प्रतिकूलताओं के बीच सीमा पर भारी संख्या में सेना तैनात रखने पर मजबूर हैं। दोनों देश न तो सीमा पर तनाव कम कर पाये हैं और न ही आपसी विश्वास बहाल कर पाये हैं। चीन का कहना है कि सीमा विवाद को संबंधों के अन्य पहलुओं से न जोड़ा जाये, लेकिन भारत का स्पष्ट रुख है कि एलएसी पर मार्च 2020 से पहले की स्थिति कायम किए बगैर संबंध सामान्य नहीं हो सकते। इन हालात में दोनों देशों के सर्वोच्च नेताओं के बीच भले ही कोई बैठक या बातचीत नहीं हुई, लेकिन इस अनौपचारिक मुलाकात ने यह तो याद दिला ही दिया कि एक समय इन दोनों नेताओं के बीच की पर्सनल केमिस्ट्री के पूरी दुनिया में चर्चे थे। इस लिहाज से यह मुलाकात दोनों देशों के सर्वोच्च नेतृत्व में संबंधों को सामान्य बनाने की इच्छा का संकेत है और यह बातचीत की प्रक्रिया को सामंजस्यपूर्ण सहमति की ओर ले जाने लायक माहौल बनाने में मददगार जरूर साबित हो सकती है।


**चीन का कहना है कि सीमा विवाद को संबंधों के अन्य पहलुओं से न जोड़ा जाये, लेकिन भारत का स्पष्ट रुख है कि एलएसी पर मार्च 2020 से पहले की स्थिति कायम किए बगैर संबंध सामान्य नहीं हो सकते।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस बीवी नागरत्ना की खंडपीठ ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या में अपनी सक्रिय भूमिका के लिए आजीवन कारावास की सजा काट रहे 6 शेष दोषियों को रिहा करने का फैसला सुनाया। दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) के नेतृत्व के निर्देश पर भारत के प्रधानमंत्री के रूप में उनके मित्र देश श्रीलंका के अनुरोध पर शांति सेना भेजने के निर्णय के लिए की गयी थी।

# भारत की संप्रभुता पर हमले से बड़ा कोई अपराध नहीं

**सुमित भसीन**



**सोनिया द्वारा लिखे गये पत्रों के आधार पर मृत्युदंड की छूट की भी समीक्षा की जानी चाहिए। भारत की सर्वोच्च नेता होने के नाते राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हस्तक्षेप कर सकती हैं। वह अपने पूर्ववर्ती केआर नारायणन द्वारा निर्णय की चूक को ठीक कर सकती हैं।**

सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत विशेष शक्ति का प्रयोग किया जो राजीव गांधी हत्या मामले में दोषियों की रिहाई का आदेश देने के लिए शीर्ष अदालत से संबंधित है। इस तरह के असाधारण फैसले को पारित करने के लिए न तो कोई मिसाल थी और न ही कोई विशेष शक्ति। केंद्र ने दोषियों की याचिका का लगातार विरोध किया था। तमिलनाडु सरकार ने न्याय शास्त्र के आधार पर नहीं, बल्कि राज्य की राजनीति की मांगों को पूरा करने के लिए दोषियों की याचिका का समर्थन किया था। इस प्रकार सर्वोच्च न्यायालय जानबूझ कर तमिलनाडु की राजनीतिक नेतृत्व की शुद्धता का भागीदार बन गया।

जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस बीवी नागरत्ना की खंडपीठ ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या में अपनी सक्रिय भूमिका के लिए आजीवन कारावास की सजा काट रहे 6 शेष दोषियों को रिहा करने का फैसला सुनाया। दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) के नेतृत्व के निर्देश पर भारत के प्रधानमंत्री के रूप में उनके मित्र देश श्रीलंका के अनुरोध पर शांति सेना भेजने के निर्णय के लिए की गयी थी।

**शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार के ऊपर राज्य सरकार को तरजीह दी है।**

यह उनका व्यक्तिगत फैसला नहीं था। राजीव की हत्या व्यक्तिगत दुश्मनी के लिए नहीं की गयी थी। उन्हें न तो घृणा, ईर्ष्या या किसी अन्य कारण से मारा गया था। उन्हें इसलिए मारा गया था, क्योंकि राजीव भारत के प्रधानमंत्री थे और एक ऐसा निर्णय, जिसे उन्होंने देश की कार्यपालिका के प्रमुख के रूप में लिया था। दिवंगत राजीव गांधी के साथ-साथ कई अन्य लोगों की भी वीभत्स मौत हुई थी जिनमें राजनीतिक नेता, आम आदमी और सुरक्षाकर्मी शामिल थे। पूर्व प्रधानमंत्री की जघन्य हत्या ने कई लोगों को उनकी ड्यूटी के दौरान उन्हें हिंसक मौत दी।

उस पृष्ठभूमि के खिलाफ राजीव गांधी की विधवा और पूर्व कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी द्वारा भारत के पूर्व राष्ट्रपति केआर नारायणन को अपने पति के हत्यारों को अनुकंपा के आधार पर क्षमा करने के लिए लिखे गये पत्र में भावनाओं के प्रति संकीर्ण व्यक्तिगत अपील के साथ एक व्यक्ति का कार्य भी शामिल था। उन्होंने भारत की संप्रभुता पर बड़े हमले और राजीव गांधी के साथ-साथ कई अन्य लोगों की नृशंस हत्या की भी परवाह नहीं की। मौत की सजा के खिलाफ दोषियों की दया याचिकाओं की स्वीकृति सोनिया गांधी के पत्रों से प्रभावित थी, जिसे कभी भी स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए था।

मानव बम के कारण आतंकी हमले में 3 उंगलियां गंवाने वाली अनूसुईया डेजी अर्नेस्ट जैसी जीवित सुरक्षाकर्मी सुप्रीमकोर्ट के फैसले का विरोध करने के लिए सड़कों पर उतर आयी है। कलैवाणी राजारत्नम उर्फ धनु के साथ खरीददारी करने गयी नलिनी श्रीहरण राजीव गांधी हत्याकांड की मुख्य साजिशकर्ता थी। धनु मानव बम थी। नलिनी श्रीहरण ने वह सलवार-कुर्ता खरीदा था, जो धनु ने बम विस्फोट के समय पहना था। अब नलिनी श्रीहरण को जेल से रिहा कर दिया गया है और वह जल्द ही बेटी के साथ रहने के लिए लंदन के लिए उड़ान भरेगी। अपराधी तमिलनाडु के राजनेताओं की राजनीतिक कार्यरता और सुप्रीमकोर्ट के फैसले की गंभीर त्रुटि के कारण जघन्य अपराधों को अंजाम देकर मृत्युदंड से बच सकते हैं।

शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार के ऊपर राज्य सरकार को तरजीह दी है। यह बात न्यायिक त्रुटियों में सबसे गंभीर है। यह बात केंद्र-राज्य संबंधों को उलटने जैसा है और निश्चित रूप से इसके गंभीर परिणाम होंगे। देश के संघीय ढांचे को गंभीर क्षति होने से पहले संसद के संयुक्त सत्र की मांग करने और त्वरित और सुधारात्मक उपाय करने के लिए यह आधारहीन पर्याप्त है। सर्वोच्च न्यायालय क्या करेगा अगर आतंकी हमलों के दोषी कट्टरपंथियों और अलगाववादियों से दया की याचिका करें? कुछ राज्यों में तो राजनेता संकीर्ण विचारों के लिए उनके दावों का यहां समर्थन करते हैं? भारत पाकिस्तान में आतंकवादी संगठनों और उनके आकाओं के आदेश पर किये गये आतंकी हमलों का शिकार रहा है।

इस तरह के अपराधों के लिए कई अपराधी जेल में बंद हैं। दिवंगत राजीव गांधी के हत्यारों को तरजीह देकर जस्टिस बीआर गवई और बीवी नागरत्ना की पीठ ने कानून के शासन, संविधान, न्यायिक मिसाल और खुद के पिछले आदेशों को बरकरार नहीं रखा। भारत की संप्रभुता पर हमले से बड़ा कोई अपराध नहीं है। फिर भी दिवंगत राजीव गांधी के हत्यारे रिहा हो गये हैं। इसका मतलब यह होगा कि गैंग रेप, राजनीतिक नेताओं की हत्या जैसे जघन्य अपराधों के लिए अन्य सभी दोषी पूर्व प्रधानमंत्री के हत्यारों के समान व्यवहार की मांग कर सकते हैं। कई जेलों में ऐसे हजारों कैदी होंगे, जो कानून के शासन के समक्ष उपचार में समानता की मांग करेंगे और क्षमा मांगेंगे।

क्या सुप्रीम कोर्ट इन सबको रिहा करेगा? भारत के मुख्य न्यायाधीश बीवाई चंद्रचूड़ को जस्टिस बीआर. गवई और डीवी नागरत्ना की खंडपीठ द्वारा न्याय की गंभीर चूक का स्वतः संज्ञान लेना चाहिए और रिहाई से संबंधित उठाये गये मुद्दों के एक समूह को संबोधित करने के लिए एक बड़ी पीठ का गठन करना चाहिए। सोनिया द्वारा लिखे गये पत्रों के आधार पर मृत्युदंड की छूट की भी समीक्षा की जानी चाहिए। भारत की सर्वोच्च नेता होने के नाते राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हस्तक्षेप कर सकती हैं। वह अपने पूर्ववर्ती केआर नारायणन द्वारा निर्णय की चूक को ठीक कर सकती हैं। संसद के संयुक्त सत्र में उन कारणों की जांच की जानी चाहिए, जिसके चलते सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों ने ऐसा फैसला सुनाया जिसने देश को झकझोर कर रख दिया।

## जमशेदपुर की खबरें

# अयोध्या में 19-20 नवंबर को कस्तूरी काव्य संग्रह पद्मा प्रसाद की पुस्तक का होगा लोकार्पण

**जमशेदपुर से भाग लेंने के लिए साहित्यकार बहनें इस कार्यक्रम में शामिल होंगी : पद्मा प्रसाद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** अंतरराष्ट्रीय साहित्य-कला संस्कृति संगम साहित्योदय के बैनर तले अयोध्या में आगामी 19-20 नवम्बर को श्री राम लला अंतरराष्ट्रीय साहित्योत्सव जन रामायण काव्यार्चन का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को जमशेदपुर में पद्मा प्रसाद ने प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी दी। उन्होंने बताया जमशेदपुर से भाग लेंने के लिए डॉ प्रतिभा प्रसाद, कुमकुमार, पद्मा प्रसाद,डॉ आशा गुप्ता, अनीता निधि, आरती श्रीवास्तव, 'विपुला', वीणा नंदिनी, सुनिता वेदी, स्मृति पाण्डेय और माधुरी मिश्रा सहित अन्य साहित्यकार बहनें इस कार्यक्रम में शामिल होंगी। उन्होंने बताया यह लौह नगरी के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया आयोजन की पूर्व संध्या सभी रचनाकार राम की पैड़ी में दीपदान कर सफलता व जन कल्याण के लिए कामना करेंगे। अयोध्या के जानकी महल में आयोजित दो दिवसीय जन रामायण उत्सव में देश भर के कवि, लेखक, साहित्यकार और कलाकारों का विशाल जमावड़ा लगेगा। इस मौके पर विश्व के सबसे अनूठे साझा महाकाव्य जन रामायण सहित कई पुस्तकों का भव्य विमोचन, कवि सम्मेलन, विचार गोष्ठी, सम्मान समारोह और साहित्यिक पर्यटन होगा। जन रामायण महोत्सव के मुख्य अतिथि के रूप में प्रभु श्रीराम को स्थापित किया जाएगा। जबकि अन्य सभी विशिष्ट अतिथि के तौर पर मंचासीन रहेंगे। मौके पर विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को साहित्योदय रामरत्न सम्मान दिया जाएगा। आयोजन की अध्यक्षता प्रख्यात साहित्यकार डॉ बुद्धिनाथ मिश्र करेंगे। इस भव्य आयोजन की मुख्य आकर्षण पद्मश्री मालिनी अवस्थी और प्रख्यात टीवी कलाकार विजया भारती होंगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और स्थानीय विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और राजघराने से वरिष्ठ साहित्यकार यतींद्र मिश्र सहित रामजन्मभूमि न्यास और मंदिर के महंत को भी आमंत्रित किया गया है। 11 सत्रों में 111 नामचीन कवियों द्वारा प्रभु श्रीराम की चरणों में काव्यपुष्प समर्पित किया जाएगा। जिसमें प्रख्यात कवि डॉ बुद्धिनाथ मिश्र, पंडित अनित्य नारायण मिश्र, हरीश निर्मल, ऋचा पाठक, अजय अंजाम, अनुराधा पाण्डेय, डॉ अखिलेश मिश्र, डॉ शोभा त्रिपाठी, सरला शर्मा, वीणा शर्मा सागर, डॉ कीर्तिवल्लभ सहित सैकड़ों रचनाकार काव्यपाठ करेंगे। दूसरे दिन सभी रचनाकार प्रातः सरयू स्नान और रामलला दर्शन-भ्रमण करेंगे। साहित्य कला और संस्कृति के उत्थान एवं हिंदी को राष्ट्रभाषा घोषित करने के विषय पर संगोष्ठी चर्चा, काव्यार्चन और फिर सम्मान समारोह किया जाएगा। साहित्योदय के संस्थापक अध्यक्ष कवि पंकज प्रियम ने बताया जन रामायण स्वयं में एक अनूठा साझा महाकाव्य है। जिसमें विश्व के 121 रचनाकारों ने मिलकर सहज, सरल और सरस जनभाषा में लिखा है। इसको लेकर गत वर्ष 5-6 दिसम्बर को जन रामायण पर साढ़े 26 घंटे का ऑनलाइन कवि सम्मेलन कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बना चुका है। साहित्योदय पिछले कई वर्षों से साहित्य कला और संस्कृति के प्रचार प्रसार में कार्य कर रहा है। आयोजन को सफल बनाने में संजय करुणेश, सुरेंद्र उपाध्याय, राकेश रमण, किशोरी भूषण, भागवत पाठक, डॉ रजनी शर्मा, साधना मिश्रा, मनीष देव गुप्ता, मयंक श्रीवास्तव, डॉ आर के मतङ्ग, डॉ सुमति दुबे, प्रताप नारायण शुक्ल, प्रियदर्शिनी पुष्पा, डॉ मनोरमा अंशु प्रयास में जुट गए हैं।

# आजसू पार्टी ने निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण से वंचित करने के खिलाफ दिया महाधरना

**प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के नाम सौपा मांग पत्र**

**निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग का हक छीनना दुर्भाग्यपूर्ण : रामचंद्र सहिस**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति द्वारा जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुरुवार को आजसू पार्टी के एक प्रतिनिधि मंडल के द्वारा उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को एक ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन के माध्यम से राज्य में हो रहे निकाय चुनाव पर रोक लगाने और पिछड़ा वर्ग का हक और अधिकार दिलाने की मांग की गई। इस अवसर पर राज्य के पूर्व मंत्री सह आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा राज्य में निकाय चुनाव कराने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके तहत ओबीसी के लिए आरक्षित विभिन्न स्तर के पदों को समाप्त किए जा रहे हैं। यानी निकाय चुनाव में ओबीसी (पिछड़ा वर्ग) को आरक्षण से वंचित किया जा रहा है। इससे पिछड़ा वर्ग में भारी रोष है। आजसू पार्टी सदैव इसके लिए संघर्ष किया है और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने बताया पिछड़ा वर्ग के इस रोष से और प्रतिनिधित्व तथा भागीदारी के सवाल पर आजसू पार्टी लगातार आवाज उठाती रही है। राज्य के मुखिया सिर्फ घोषणाओं के दम पर सरकार चलाने और राज्य की जनता को धोखा देने का कार्य रही है। आजसू पार्टी इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। श्री सहिस ने कहा इसी वर्ष मई महीने में बिना ओबीसी आरक्षण के झारखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न हुआ। ऐसा झारखंड के इतिहास में पहली बार हुआ है। राज्य में ओबीसी के साथ किए जा रहे धोखा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

महाधरना में प्रभारी रवि शंकर मौर्या ने कहा राज्य में ताजा हालातो के लिए आजसू पार्टी का मानना है यह स्थिति पैदा करने के लिए सीधे तौर पर राज्य सरकार जिम्मेदार है। धरना में जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा पंचायत चुनाव से पहले ट्रिपल टेस्ट कराने तथा पिछड़ों को उनका वाजिब हक दिलाने हेतु आजसू पार्टी ने विभिन्न स्तरों पर आवाज मुखर की। लेकिन हेमंत सरकार ने ट्रिपल टेस्ट कराने के लिए कोई कदम नहीं उठाए जो राज्य के आधे से अधिक आबादी को धोखा देकर उनके विकास को रोकने का काम कर रहे हैं।

कन्हैया सिंह ने कहा पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम रमेश बैस से राजभवन में मिलकर इस मुद्दे पर ज्ञापन सौंपते हुए पिछड़ों के साथ लगातार होती अनदेखी के बारे में विस्तार से चर्चा की है। तत्काल हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। इससे पहले आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष एवं गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की। दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश देते हुए कहा अगले चुनाव के पूर्व ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया शुरू की जाए तथा ओबीसी के आरक्षण की व्यवस्था की जाए। लेकिन राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की आवामानना करते हुए बगैर पिछड़ा आरक्षण के नगर निकाय चुनाव कराने की तैयारियां में जुटी है। पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा ने कहा झारखंड में ओबीसी की आबादी लगभग 51 फीसदी है। अब अलग-अलग कारणों से ओबीसी के लिए आरक्षित सीटों को भी अनारक्षित किया जा रहा है। यानी पंचायत और नगर निकाय में प्रतिनिधित्व करने का जो भी मौका था उसे छीना जा रहा है।

मौके पर सपन कुमार सिंहदेव, चंद्रगुप्त सिंह, बुद्धेश्वर मुर्मू, संजय मालाकार, फनी भूषण महतो, संजय सिंह, कमलेश दुबे, अप्पू तिवारी, अशोक मंडल, ललित सिंह, धर्मवीर सिंह, केदार नाथ महतो, मनोज गुप्ता, अरूप मल्लिक, बुल्लू रानी सिंह सरदार, आरती सामद, सावित्री देवी, रानी मिश्रा, रीना देवी, ललिता गोश्वामी,राजेश कर्मकार, मंगल टुडू, हेमंत पाठक, चंद्रेश्वर पांडेय, प्रमोद सिंह, राजेश चौधरी, उमाशंकर सिंह, राहुल प्रसाद, सोनू सिंह, अभय सिंह, प्रवीन प्रसाद, तनवीर आलम, कृतिवास मंडल, आशीष नामता, बबलू दास,निरंजन महतो, मानिक महतो, नवीन महतो, ठाकुर दास महतो, श्रवन सिंह सरदार, अमिया महतो, संभू श्रवन, शैलेंद्र सिन्हा, शैलेंद्र सिंह, वीरेन संवर्णकार, क्रांति सिंह, देवशीस चौधरी, हैरी एंथोनी, संगीता कुमारी समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# स्टील स्ट्रिप्स इंडिया लिमिटेड कंपनी के खिलाफ यूनियन का धरना 21 नवंबर को



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड मजदूर यूनियन और हिंद मजदूर सभा ने स्टील स्ट्रिप्स इंडिया लिमिटेड कंपनी में कार्यरत मजदूरों को न्याय दिलाने के लिए विरोध शुरू कर दिया। शुक्रवार को मजदूर यूनियन के एक प्रतिनिधि मंडल ने कंपनी गेट में धरना के लिए एसडीओ कार्यालय में लिखित आवेदन दिया। मौके पर झारखंड मजदूर यूनियन के केंद्रीय महासचिव राजेश सामंत ने बताया स्टील स्ट्रिप्स इंडिया लिमिटेड कंपनी मैं प्रबंधन से वार्ता के बावजूद कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। प्रबंधन के द्वारा स्थानीय मजदूरों को काम से बैठा दिया गया। माधुरी के साथ अन्याय मजदूर यूनियन बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने बताया बीते दिन मजदूरों की शिकायत पर बैठक कर कंपनी के गेट जाम करने का निर्णय लिया गया था।प्रबंधन द्वारा मजदूरों को बिना बताए काम से हटा दिया गया। वार्ता के बाद काम पर रखने की बात कही गई थी। लेकिन अभी तक कोई ठोस जबाब नही मिला। जिसके विरोध में मजदूर प्रतिनिधि बाध्य होकर 21 नवंबर को कंपनी गेट जाम करने का निर्णय लिया है।

मौके पर झारखंड मजदूर यूनियन केंद्रीय सचिव राजेश सामंत, केंद्रीय सदस्य भूपति सरदार, मजदूर नेता अमित दास, पूर्व मुखिया शिवलाल लोहरा, महिला मजदूर नेत्री पिंकी सिंह,युवा मजदूर नेता कंचन पासवान,मजदूर नेता राजेश मुंडा,सुजय खमराय आदि मौजूद रहे।

# टाटा स्टील के कैडेट्स ने टेबल टेनिस चैंपियनशिप में 16 पदक जीत कर टाटा स्टील ट्रेनिंग सेंटर का नाम किया रोशन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील ट्रेनिंग सेंटर के कैडेटों ने चतरा में आयोजित दो दिवसीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में 16 पदक जीतकर सेंटर का नाम रोशन किया। शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी गई। दो दिवसीय द्वितीय झारखंड स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप में विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियो ने छह स्वर्ण, दो रजत और आठ कांस्य हासिल कर झारखंड में टाटा स्टील स्पोर्ट्स विभाग का नाम रोशन किया। पूर्वी सिंहभूम जिला टीम के हिस्से के रूप में सभी प्रतियोगिताओं में भाग लिया। मौके पर टाटा स्टील के हेड स्पोर्ट्स आशीष कुमार ने पदक विजेताओं से मुलाकात कर सेंटर का नाम रोशन करने के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिताओं में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विजेता छात्रों से मुलाकात के दौरान कोच अपूर्वा दासगुप्ता व वरिष्ठ खिलाड़ी दिनेश रक्षित मौजूद रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### महिला वूशू लीग चैंपियनशिप में मिलेनियम पब्लिक स्कूल की पांच छात्राओं के चयन पर दी बधाई




**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** खेलो इंडिया महिला वूशू लीग चैंपियनशिप में मिलेनियम पब्लिक स्कूल की पांच छात्राओं का चयन हुआ है। जो 17 नवंबर से 20 नवंबर तक ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम मेगा स्पोर्ट्स कंपलेक्स होटवार रांची में आयोजित हो रही है। उक्त खिलाड़ियों का चयन होने पर विद्यालय के निदेशक मोहम्मद राही ने खिलाड़ियों को जीत की अग्रिम बधाई एवं शुभकामना दी है। ज्ञात हो कि पूर्व में भी विद्यालय के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतकर राज्य को गौरवान्वित करने का काम किया है। इस मौके पर निदेशक मो. मुमताज राही ने कहा कि छात्र-छात्राओं को सर्वांगीण विकास ही विद्यालय का लक्ष्य है। पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी विद्यालय के छात्र-छात्राएं देश का प्रतिनिधित्व करें। उक्त कार्य हेतु मिशन ओलंपिक के तहत वू शू, किक बॉक्सिंग, हाफ किंडो, खो कबड्डी खेल के राष्ट्रीय कोच को समय-समय पर बुलाकर खिलाड़ियों को तैयार किया जाता है। बधाई देने वालों में चेयर पर्सन नूरजहां बेगम, प्रधानाचार्य मंजूर राही, शिक्षक अखिलेश पांडे, अनीश कुमार, जयप्रकाश, रोहित, रविशंकर, सूरज कुमार, प्रसून कुमार, साबिद अंसारी, अर्पणा कुमारी, कौशला,संजना कुमारी, प्रिया सिंह, माया कुमारी,किरण कुमारी, दीक्षा कुमारी, बबलू खान, बलराम सहित अन्य के नाम शामिल हैं।

### भंडरिया में खेलो झारखंड 2022 का उद्घाटन

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** हाई स्कूल के स्टेडियम में खेलो झारखंड 2022 का उद्घाटन अंचल पदाधिकारी मदन महली, बीआरसी कार्यालय के बीपीएम रवि कुमार, सीआरपी सत्यनारायण यादव, विजय कृष्णा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि अंचल पदाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभा की कमी नहीं है, सिर्फ इसे निखारने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रखंड स्तर पर चयनित बच्चों को जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। जिला स्तर पर चयनित बच्चों को राज्य स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा। इस खेल में प्रखंड के विभिन्न विद्यालय के विद्यार्थियों सामिल हुए। इस खेलकूद में 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, भाला फेंक, गोला फेंक, फुटबॉल आदि का आयोजन किया गया। इस खेलकूद में प्रथम, द्वितीय, और तृतीय स्थान लाने वाले विद्यार्थियों का चयन किया गया है। इस मौके पर शिक्षक कुंवर सिंह, राम बलीराम, नितेश कुमार, रतन रंजन, संतोष केसरी, मंजू कुजूर, सुनील कच्छप, बीआरसी कार्यालय के लेखापाल धनंजय गुप्ता, विनेश्वर सिंह, बीपीएम इंदु विश्वकर्मा, रवि कुमार, बीआरपी शमशेर अंसारी सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### नगर पंचायत बंशीधर नगर का अध्यक्ष पद अनारक्षित महिला होने के बाद चुनावी सरगर्मी हुई तेज

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** राज्य निर्वाचन आयोग के अधिसूचना के बाद नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के आरक्षण कोटि को लेकर जारी सस्पेंस खत्म हो गया है। अब नगर पंचायत श्री बंशीधर नगर का अध्यक्ष पद अनारक्षित महिला हो गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने 19 नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद के लिये आरक्षण कोटि की सूची जारी कर जिला निर्वाचन कार्यालयों को प्रेषित कर दिया है। जिससे निकाय चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियां पूर्ण की जा सकें। हालांकि नगर पंचायत श्री बंशीधर नगर के वार्ड पार्षदों के आरक्षण कोटि में बदलाव होने के बाद लगातार अध्यक्ष पद को लेकर बदलाव होने के कयास लगाये जा रहे थे। जिसको आज राज्य निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना जारी कर लगाये जा रहे कयासों पर विराम लग गया है। नगर पंचायत श्री बंशीधर नगर का अध्यक्ष पद अनारक्षित महिला होने के बाद श्री बंशीधर नगर में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है।

### बीडीओ ने की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक गुरुवार को बीडीओ जयपाल महतो की अध्यक्षता में की गई। उक्त बैठक में सीएचसी के प्रबंध और इसके विकास के बारे में बिंदुवार चर्चा की गई। इस दौरान बीडीओ ने सीएचसी के नये भवन निर्माण को लेकर अस्पताल प्रबंधन से जानकारी ली। जिस पर प्रबंधन ने बताया कि सीएचसी के वर्षों पुराने बने भवन को डेड घोषित कर दिया गया है। इसे तोड़कर नये भवन निर्माण को लेकर गढ़वा सीएस द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सचिव को पत्राचार किया गया है। जिस पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। बैठक में बीडीओ जयपाल महतो ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन को प्रबंध समिति के बैठक के उपरांत तथा उनके देखरेख में ही अस्पताल के लिए जरूरी उपकरण तथा अन्य सामग्री का क्रय करने का निर्देश दिया। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश सिंह, डॉ. प्रियंका कुमारी, लेखपाल प्रदीप पाठक, जिप सदस्या रंजनी शर्मा, प्रमुख शोभा देवी, एमपीडब्ल्यू जी. प्रसाद, बिटीटी अनुज कुमार, धर्मजीत पासवान समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** जिला प्रशासन ने 'राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका' विषय पर कार्यशाला का किया आयोजन

# राष्ट्र निर्माण से लेकर व्यक्ति निर्माण में भी है मीडिया की अहम भूमिका : डीसी

**गढ़वा जिला प्रेस क्लब एवं जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष ने कहा- पत्रकारों के उपर समाज की बहुत ही बड़ी जिम्मेवारी है, सच्चाई को कभी छुपने नहीं दें**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के मौके पर जिला जनसंपर्क विभाग की ओर से गुरुवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में 'राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त रमेश घोलप एवं पत्रकारों ने संयुक्त रूप से भगवान नारद मुनि की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं दीप जलाकर किया।

मौके पर उपायुक्त रमेश घोलप ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया की राष्ट्र निर्माण से लेकर लोगों के व्यक्तिगत जीवन निर्माण में भी अहम भूमिका है। यदि किसी के सकारात्मक कार्य अथवा प्रयासों को मीडिया के माध्यम से पूरे समाज को जानकारी दी जाती है तो और बेहतर कार्य करने के लिए लोगों का मनोबल बढ़ता है तथा वे और भी बेहतर काम कर पाते हैं। साथ ही समाज के अंतिम लोगों की समस्या को मीडिया में उजागर होने के बाद वैसी समस्याओं को दूर किया जाता है तथा वैसे लोगों के लिए सरकार भी योजनाएं बनाकर लागू करती है। उपायुक्त ने कहा कि पत्रकारिता समाज का आइना है। मीडिया के माध्यम से उजागर किये गये मुद्दे पर प्रशासन एवं सरकार भी कार्रवाई करती है। सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का प्रचार-प्रसार एवं लोगों को अपने हक, अधिकार के लिए जागरूक करने का काम भी मीडिया ही करती है। समाज को मीडिया पर अधिक भरोसा है इसलिए मीडिया की गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता बनाये रखना बेहद जरूरी है।

गढ़वा जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष विवेकानंद उपाध्याय एवं जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष धनंजय सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकार की भूमिका ऐसी होनी चाहिए कि किसी की जिंदगी बदल दे। पत्रकारों के उपर समाज की बहुत ही बड़ी जिम्मेवारी है। सच्चाई को कभी छुपने नहीं दें। अच्छे कार्यों को हमेशा बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र एवं समाज की उन्नति के लिए मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण है। आज के समय में मीडिया का काफी विकास हुआ है। प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और अब सोशल मीडिया का भी प्रचलन बढ़ गया है। परंतु मीडिया के कार्यों में भी कुछ गिरावट आयी है। कभी-कभी लोग सबसे पहले की होड़ में खबरों की सत्यता की परख नहीं कर पाते हैं। गढ़वा जिला पत्रकार संघ के महासचिव धीरेंद्र चौबे ने कहा कि आज के समय में तमाम आरोपों के बाद भी पत्रकारिता मिशन है। कभी भी कोई पत्रकार राष्ट्र विरोधी खबर प्रकाशित नहीं करता। नित्यानंद दुबे ने भी अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर मुख्य रूप से जिला पंचायती राज पदाधिकारी दिनेश सुरीन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत पांडेय, गढ़वा जिला प्रेस क्लब के सचिव विजय प्रताप देव, संदीप शौर्य, चंदन कश्यप, धमेंद्र सिंह, प्रताप तिवारी, लव दुबे, संजीव शर्मा, विकास कुमार, अभिमन्यू पाठक, सुधीर कुमार, राजा पांडेय, अतुल धर दुबे, पीयूष तिवारी, आयुष तिवारी सहित कई अन्य पत्रकार उपस्थित थे।

# बीडीओ ने कराया प्रधानमंत्री आवास लाभुकों का गृह प्रवेश



**लंबित आवास लाभुकों को एफआईआर करने की दी चेतावनी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत ग्राम पंचायत केतार के सत्र 2020-2021 एवं 2021-2022 के पूर्ण आवास को प्रखंड बीडीओ मुकेश मछुआ के द्वारा गृह प्रवेश कराया गया। बीडीओ ने कार्यालय आदेश जारी कर प्रत्येक पंचायत में तिथि निर्धारित किया। उन्होंने संबंधित पंचायत सचिव रोजगार सेवक एवं पंचायत स्वयंसेवक को निर्धारित तिथि पर अधिक से अधिक पूर्ण आवास का गृह प्रवेश सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने 21 नवंबर को बलिगढ़ पंचायत, 22 नवंबर को केतार 23 नवंबर को लोहरगाड़ा, 24 नवंबर को मुकुंदपुर 25 नवंबर को पाचाडुमर, 26 नवंबर को परसोडीह एवं 28 नवंबर को परती कुशवानी पंचायत में गृह प्रवेश का समय निर्धारित किया है। उन्होंने बताया कि 2020-21 से 2021-22 तक के वैसे लाभुक जो अभी तक आवास पूर्ण नहीं कराये हैं उन्हें सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि एक सप्ताह के अंदर लंबित आवास को पूर्ण कर गृह प्रवेश कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा सरकारी पैसा हड़पने की मंशा समझ कर पैसे की रिकवरी कर लाभुक के ऊपर एफआईआर की जाएगी। इस मौके पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर आवास रवि रंजन कुमार, रोजगार सेवक रामकुमार प्रजापति, स्वयंसेवक रामाशंकर प्रसाद सहित आवास लाभुक उपस्थित थे।

# मझिगावां पंचायत क्षेत्र में मुखिया ने आवास लाभुकों का कराया गृह प्रवेश

**पंचायत सचिव ने आवास पूर्ण नहीं करने वाले लोगों से की जल्द पूर्ण करने की अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां पंचायत में गुरुवार को पंचायत की मुखिया रीता देवी के हाथों पूर्ण हुए आवास में गृह प्रवेश करा कर लाभुकों को दिया गया। वैसे लाभुक जिनका आवास पूर्ण नहीं हो सका था, उन्हें जल्द से जल्द आवास बनाने की हिदायत दी गई थी। वहीं कुछ वैसे लाभुक थे जो आवास समय से पूर्ण कर चुके थे, पर गृह प्रवेश नहीं हो पाया था। उन सभी लाभुकों को मझिगावां पंचायत में गुरुवार को पंचायत की मुखिया रीता देवी ने मुख्य दरवाजे पर पूरे विधि विधान से पूजा पाठ कर फीता काटकर सभी आवास लाभुकों को गृह प्रवेश कराया।

वहीं पंचायत सचिव राजेन्द्र राम ने पंचायत के वैसे आवास लाभुकों से अपील की है जिन्हें आवास की कई किस्त मिलने के बावजूद भी आवास पूर्ण नहीं कर रहे हैं, अतः उन्होंने सभी लाभुकों से आग्रह किया है कि जल्द पूर्ण कर लें नहीं तो उन पर उचित कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मुखिया ने लाभुक संजय यादव, भरत पासवान, बुलाकी राम, रीता देवी, रामप्यारी राम के घरों का गृह प्रवेश कराया। इस अवसर पर ब्लॉक कॉर्डिनेटर अजित कुमार, स्वयं सेवक अरविंद कुमार, जयपाल कुमार रवि, मुखिया पति शंभु नाथ साह, वार्ड सदस्य टिंकू चौबे, अंजनी पासवान, समाज सेवी जितेंद्र चौबे, बलराम चौबे उपस्थित थे।

### मवि की संयोजिका ने तीन लोगों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**आरोपी अयूब अंसारी ने मारपीट का आरोप को बेबुनियाद और निराधार बताया**

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के टाटीदीरी गांव की एक महिला व मध्य विद्यालय की संयोजिका ने गांव के ही तीन लोगों के खिलाफ महिला से बदसलुकी करने के साथ मारपीट करने के आरोप मे गुरूवार को लिखित रूप से उक्त तीनों के विरुद्ध नामजद आवेदन दिया है। इस संबंध में टाटीदीरी गांव से आयी मुस्तकीम साइं की पत्नी व मध्य विद्यालय की संयोजिका लडुइमा बीबी ने थाने में आवेदन देने के बाद बताया कि वह रोजाना की तरह स्कूल में छात्र-छात्राओं को मीड डे मील का खाना खाना खिलाने के बाद जो खाना पका हुआ दाल-भात बच गया था वह झोले में लेकर अपने घर जा रही थी। घर जाने के क्रम में गांव के ही अयूब अंसारी अपने दोनों बेटे और पत्नी के साथ रास्ते में ही रोककर स्कूल से खाना चोरी करने का आरोप लगाकर बदसलुकी करते हुए मारपीट करने लगे। महिला के पति मुस्तकीम ने बताया कि जब वह अपने मोबाइल से तस्वीर ले रहे थे तभी अयूब अंसारी ने उसका मोबाइल छीनकर बीच सड़क पर पटककर तोड़ दिया। बताया कि अयूब अंसारी पूर्व में विद्यालय के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

इधर अयूब अंसारी से जब मारपीट के संबंध में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि उक्त आरोप बेबुनियाद और निराधार है। वहीं थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया कि उक्त महिला के द्वारा उन्होंने आवेदन प्राप्त कर लिया है और जांचोंपरांत कार्रवाई की जाएगी।

**टीबी मुक्त अभियान :** मेराल सीएचसी के दो कर्मियों ने निक्षय मित्र बनकर थामा टीबी मरीजों का हाथ, कहा

# इनके पोषण से लेकर हर तरह का रखेंगे पूरा ख्याल

**अन्य लोगों को भी इस अभियान से जुड़ कर पीड़ित लोगों को इस गंभीर बीमारी से छुटकारा दिलाने में मददगार बनने की अपील की**

बलराम शर्मा



**मेराल।** टीवी मुक्त अभियान के तहत गुरुवार को मेराल सीएचसी के दो कर्मियों ने निक्षय मित्र बनकर दो टीवी से पीड़ित मरीज को गोद लिया। बीएएम दीपेश तिवारी ने डंडई प्रखंड के लवाही खुर्द निवासी विनोद बैठा 42 वर्ष को तथा एसटीएस सुनील कुमार पांडे ने मेराल प्रखंड मुख्यालय के इमाम अली अंसारी पिता सलाउद्दीन अंसारी को गोद लिया। इस मौके पर दीपेश तिवारी ने कहा कि गोद लिए व्यक्ति के लिए आज से पौष्टिक आहार से लेकर हर तरह का ख्याल रखने की जिम्मेवारी निभायेंगे। उन्होंने अन्य लोगों को भी इस अभियान से जुड़ कर पीड़ित लोगों को आर्थिक सहयोग के साथ-साथ पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने एवं लोगों को जागरूक कर इस गंभीर बीमारी से छुटकारा दिलाने में मददगार बनने की अपील की।

**मेराल के आधा दर्जन गांव हैं टीबी की चपेट में**

**मेराल प्रखंड के बाना, रामबांध, लातदाग, दलेली, दुलदुलवा सहित कई गांव के लोग टीबी की चपेट में हैं। वर्तमान आंकड़ों के अनुसार मेराल तथा डंडई प्रखंड मिलाकर कुल 149 लोग टीवी की चपेट में हैं, जिनका इलाज किया जा रहा है।**

बता दें कि भारत सरकार द्वारा 2025 तक क्षय रोग यानि टीबी से मुक्त भारत बनाने का लक्ष्य रखा है। क्षय रोग विभाग इसके लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रहा है। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत अब निक्षय मित्र की मुहिम चलाई गई है। टीबी मरीजों को गोद लेने वाले लोग और संस्थाओं को निक्षय मित्र के तौर पर जाना जाएगा। क्षय रोग विभाग इनका नाम निक्षय पोर्टल पर पंजीकृत कर रहा है। झारखंड सरकार द्वारा उत्कृष्ट निक्षय मित्रों को सम्मानित किया जाएगा। मौके पर सीएससी के प्रधान सहायक हुमायूं कबीर, पद्मशेखर मिश्र, गोवर्धन शर्मा, संजय राम, उपासना कुमारी, सुषमा पाल सहित कई लोग थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–23/2022–23**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 25.11.2022 के अपराह्न 1.00 बजे तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 26.11.2022 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 26.11.2022 को अपराह्न 3.30 बजे
5. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान :– 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– 01) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उप स्वास्थ्य केन्द्र पाण्डेवारा की चहारदिवारी का निर्माण। | 1515750/- | 31000/- | 5000/- | 04 माह |
| 2 | प्रखण्ड विकास कार्यालय ,विष्णुगढ के मुख्य भवन के पीछे स्टोरेज गोदाम का जीर्णोद्धार । | 2293800/- | 46000/- | 5000/- | 04 माह |
| 3 | टाटीझरिया प्रखण्ड में अवस्थित स्टोरेज गोदाम , टाटीझरिया का जीर्णोद्धार । | 2353100/- | 48000/- | 5000/- | 04 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR.NO.282470 Building(22-23):D

**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग**

**मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/उनके सदस्यों के लिए अल्पकालीन सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड, रॉची के स्वीकृत्यादेश संख्या 24 दिनांक 11.11.2022 के आलोक में हजारीबाग जिला के अंतर्गत वैसे कार्यरत प्रखण्ड/जलाशय स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0/उनके सदस्यों जो मछली के बीज/मछली का परिवहन कार्य करते हो से स्वच्छ अवस्था में मत्स्य बीज/मछलियों के परिवहन हेतु चार पहिया भार वाहक वाहन एवं एक्वेरियम शॉप/रंगीन मछली दुकान सज्जा–उपकरण हेतु दिनांक 05.12.2022 तक आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्र0 | सामग्री का नाम | विभागीय अनुदान | भौतिक लक्ष्य | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एक्वेरियम शॉप/रंगीन मछली दुकान सज्जा–उपकरण हेतु अनुदान | (अधिकतम 1 लाख रू0) | 01 | |
| 2 | मछली परिवहन हेतु चार पहिया भार वाहक वैन | 60% – (अधिकतम 3.60 लाख रू0) | 02 | |

उपरोक्त योजनाओं के लिए मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0/उनके सदस्यों से आवेदन पत्र निर्धारित तिथि तक कार्यालय अवधि में जमा कर सकते है। आवेदन पत्र जिला मत्स्य कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है।

मत्स्य लाभुकों/विक्रेताओं का चयन निम्न आधार पर किया जायेगा–

1. आवेदनकर्ता मत्स्यजीवी सहयोग समिति अथवा उनके सदस्य हो।
2. आवेदक यदि दिव्यांग हो तो असैनिक शल्य चिकित्सक द्वारा निर्गत दिव्यांगता का प्रमाण पत्र संलग्न करेंगें।
3. आवेदक मत्स्य विपणन कार्य हेतु विशेष रूप से प्रशिक्षित हो।
4. आवेदक के द्वारा छः लाख रू0 का भारवाहक वैन खरीदने के लिए सक्षम हो।
5. वाहन का निबंधन/नगरपालिका कर लाभुक को स्वयं जमा करना होगा। इसके लिए सम्पूर्ण जिम्मेवारी लाभुक की होगी

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग

PR 282536 Fish (22-23)_D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE OFFICER**
**JHUMRI TELAIYA MUNICIPAL COUNCIL**

**Very Short RFP (Request for Proposal)**

**NIT No. JMC/RFP/03/2022-23** **Dated: 17.11.2022**

Sealed proposal from reputed Agency/Firms are invited for overall upkeep, maintenance, repair etc. for the following works:

| Sl No. | Description of Package | Earnest Money ( In Rs.) | Tender Fee (In Rs.) | Minimum Annual Reserve Price (In Rs.) | Period of Contract |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Operation and Maintenance of Talab Park, Jhumri Telaiya. | 25,000/- | 5,000/- | 2,50,000/- | 3 Years |

Proposal shall be accompanied by EMD of Rs. 25,000/- (Rupees Twenty-Five Thousand only). EMD shall be either in the form of a Bank Guarantee / banker's cheque/FDR drawn in favour of the Executive Officer, Jhumri Telaiya Nagar Parishad on any Nationalised / scheduled bank and payable at Jhumri Telaiya. The EMD of successful agency shall be returned on submission of Performance Bank Guarantee. The Performance Bank Guarantee (BG) shall be 5% of annual contract value as security deposit.

Detailed Bid document can be purchased from the office of undersigned on any working day up to 25.11.2022 by 3.30 PM on payment of Tender Fee Rs. 5,000.00 (Rupees Five Thousand only) (non-refundable) through Demand Draft in favour of – Executive Officer, Jhumri Telaiya Nagar Parishad payable at Jhumri Telaiya.

Bid Document can also be downloaded from the website http://udhd.jharkhand.gov.in

The last date of submission of proposal in original along with EMD and Tender Fee is 26.11.2022 by 3:30 PM. The technical bid may be opened on 26.11.2022 at 4.00 PM at the office of Executive Officer, Jhumri Telaiya Nagar Parishad.

Corrigendum / Addendum or Any further information will be uploaded and can be seen on the website - http://udhd.jharkhand.gov.in. Executive Officer, Jhumri Telaiya Municipal Council reserves the right to accept or reject any or all tenders in part or full without assigning any reason thereof.

Sd/-
Administrator,
Jhumri Telaiya Municipal Council

PR 282534 Urban Development(22-23)#D

## पुलिस ने बालू लदा दो ट्रैक्टर किया जब्त




**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी पुलिस ने बमने मुख्य मार्ग से बिना माइनिंग चालान के बालू लदा दो ट्रैक्टर पकड़ा है। मालुम हो कि जेएसएमडीसी द्वारा अभी तक टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं की गई है। इसलिए एनजीटी का रोक हटने के बावजूद रांची जिले में बालू उठाव पर रोक लगा हुआ है। थाना प्रभारी पुनि फरीद आलम ने बताया कि वरीय पदाधिकारी से मिले निर्देश के आलोक में उक्त कारवाई की गई। सअनि कुमुद सिंह ने गश्ती के दौरान बमने से बुढ़मू जाने वाले मुख्य सड़क से बालू लेकर जा रहे दोनो ट्रैक्टरों को पकड़ा। पुलिस को देखते ही ट्रैक्टर चालक फरार हो गए। अग्रेतर कारवाई के लिये संबंधित विभाग को लिखा गया है।

## भगवान बिरसा मुंडा क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा स्वर्ण जयंती स्टेडियम में आजसू पार्टी पिपरवार नगर कमेटी के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पिपरवार थाना के सहायक अवर निरीक्षक शैलेश कुमार राय और विशिष्ट अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के पिपरवार नगर अध्यक्ष बिनोद सिंह उर्फ विधायक ने सामूहिक रुप से फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। उद्घाटन मैच आरएसटी 64 कॉलोनी बनाम झारखंड स्टार क्लब बड़गांव के बीच खेला गया। जिसमे टॉस जीतकर पहले गेंदबजी का फैसला झारखंड स्टार क्लब ने लिया और पहले बल्लेबाजी करते हुए आरएसटी की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 10 विकेट खोकर 44 रन ही बना सकी। जवाबी पारी मे झारखंड स्टार क्लब ने 6 ओवर में ही दो विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर मैच को जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार राजवीर को दिया गया। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी खिलाड़ियों से बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र और गांव का नाम रोशन करने की अपील की। इस मौके पर बिनोद सिंह, अर्जुन महतो,आलोक वर्मा, सुमित सोनी,नागेश्वर चंद्रवंशी,विक्रांत सिंह,पप्पू सोनी,विवेक चंद्रवंशी,राजा सिंह,प्रमोद,प्रकाश लोहरा, नरेंद्र चौहान,सुन्नी सिंह,सोनू शर्मा,आशीष सिंह,गोलू सिंह आदि मौजूद थे।

## तीन दिवसीय मेला लॉटरी के परिणाम आने के साथ समाप्त

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** आदिवासी छात्र समिति की ओर से तमाड़ डोडेया में वीर बिरसा जयंती तीन दिवसीय मेला लॉटरी के परिणाम आने के साथ ही समाप्त हुआ। तीन दिनों तक जनमानस खेल डांस और भाग्य आजमाने मे लगे रहे किस्मत का पिटारा आज खुल गया जिसमें बम्पर पुरस्कार टिकट नंबर 3995 जादु कुम्हार पाडरानी को मिला प्रथम पुरस्कार टिकट नंबर 718 जनत तमाड़ को मिला दितीय पुरस्कार टिकट नंबर 3605सुशील दत्त अड़की को मिला तृतीय पुरस्कार 279 तनुष सोनी को मिला चतुर्थ पुरस्कार 7800 सुशीला मुंडा दुबला तमाड़ को पंचम पुरस्कार टिकट नंबर 7045 को मिला षषटम पुरस्कार 3948 प्रतीक अमलेशा और सप्तम पुरस्कार 2444 शिशुपला कुमारी आगरा को मिला इसके अलावे दस सांत्वना पुरस्कार दिये गये पुरस्कार वितरण 19 नवंबर को किया जायेगा।

## बुंडू नगर पंचायत का अध्यक्ष पद अजजा महिला के लिए आरक्षित

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** राज्य चुनाव आयोग के अधिसूचना-03,रा नि आ-2560 दिनांक 17 नवम्बर के तहत जारी नगरपालिका आम निर्वाचन 2022-23 के उद्देश्य से राज्य के नगर पंचायत अध्यक्ष का आरक्षण एवं आवंटन निहित प्रपत्र-3 में प्रकाशित की गई है।इसके अनुसार बुंडू नगर पंचायत के अध्यक्ष पद इस बार अजजा महिला के लिए आरक्षित किया गया है। इस अधिसूचना के जारी होने के बाद बुंडू में अंदर ही अंदर चुनाव के लिए ताल ठोंक रहे विभिन्न राजनीतिक दलों में महिला उम्मीदवार की खोज के साथ सुगबुगाहट शुरू हो गयी है।

## बिरसा जयंती समारोह 2022 का आयोजन

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू प्रखंड के बारूहातु गांव स्थित तिरीलडीह बिरसा मोड़ मैदान पर धरती आबा बिरसा जयंती समारोह 2022 का आयोजन गुरुवार को किया गया समारोह में मुख्य अतिथि सोमा सिंह मुंडा तथा विशिष्ट अतिथि नंदलाल रामचंद्र सिंह एवं डॉ करमा उरांव थे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सोमा सिंह मुंडा ने कहा की जैसे बिरसा मुंडा जल जंगल और जमीन के लिए उलगुलान किए थे उसी तरह आज वर्तमान राजनीतिक व्यवस्था में झारखंड की अस्मिता को बचाने के लिए आदिवासी और मूलवासी को एकजुट होना होगा और हमें भाषा संस्कृति और अपनी पहचान के लिए दूसरा उलगुलान करने की जरूरत है समारोह में पारंपरिक नृत्य दल झारखंड संस्कृति कलामंच मुकुरूडीह विजयगिरी तमाड़ तथा आदिवासी मूलवासी सांगोम गोट बारूहातु के द्वारा किया गया इस मौके पर तमाड़ विधायक प्रतिनिधि हुमटा मुखिया द्रोपदी देवी बारूहातु मुखिया रेखा देवी विमला देवी कुंवर सिंह मुंडा करण सिंह मुंडा लखन लाल मुंडा एतवा मुंडा वन्माली मुंडा लगरा मुंडा सुखराम पातर कृष्णा उरांव लोधो उरांव नंदलाल मुंडा बीरबल मुंडा गोंद मुंडा सोमा मुंडा शिवजन मुंडा के अलावा सैकड़ों महिला पुरुष बच्चे समारोह में शामिल थे।

## कुशवाहा मैरिज लॉज का किया उद्घाटन

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** छाताटाड़ ऊपर चट्टानी के पास मैरिज लॉज के संचालक सुखराम कुशवाहा के द्वारा कुशवाहा मैरिज लॉज का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के बाद उन्होंने बताया कि यह लॉज सारी सुख सुविधाओं से लैस है। लोग यहां पर बर्थडे पार्टी शादी या अन्य किसी भी तरह का आयोजन कर सकते हैं।

## जय हो सेवा संस्था ने बैठक कर रक्तदान शिविर लगाने का लिया निर्णय

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को जय हो सेवा संस्था बुंडू के संस्थापक राज किशोर कुशवाहा के आवास पर जय हो सेवा संस्था की कोर कमेटी की बैठक हुई। इस बैठक में आगामी 25 नवंबर 2022 को संस्था की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा एवं 4 दिसंबर 2022 को संस्था की ओर से स्व रमेश सिंह मुंडा स्मारक उच्च विद्यालय बुंडू से राहे राधा रानी मंदिर तक मैराथन दौड़ किया जाएगा। उक्त मैराथन दौड़ में प्रथम पुरस्कार पन्द्रह हजार रुपए द्वितीय पुरस्कार आठ हजार रुपए तथा तृतीय पुरस्कार चार हजार रुपये के अलावे चतुर्थ से दशम प्रतियोगियों को सांत्वना पुरस्कार स्वरूप पांच सौ रुपया दिया जाएगा मैराथन में भाग लेने के लिए शर्त है कि प्रतियोगी 18 वर्ष से ऊपर होना चाहिए तथा प्रतियोगी को दौड़ के पहले अपने आधार कार्ड का छायाप्रति जमा करना होगा यह मैराथन पूर्णता निशुल्क है। : बैठक में राज किशोर कुशवाहा सुख सारण महतो शुभम महतो मो सैराज अजय सिंह पवन महतो आदि मौजूद थे।

## फुटबॉल प्रतियोगिता 20 नवंबर को

**खलारी (आजाद सिपाही)।** धमधमिया में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बीस नवंबर से किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार बीस हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार पंद्रह हजार रुपए एवं तृतीय पुरस्कार पांच हजार रुपए रखा गया है। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए एक कमिटि का गठन किया गया है। जिसमे अध्यक्ष कजरु भोगता, सचिव महेंद्र प्रधान एवं कोषाध्यक्ष प्रताप कुमार मुंडा तथा सरंक्षक के रूप में मुखिया संतोष कुमार महली, पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली, पूर्व मुखिया मुकद्दर कुमार, रमेशर भोगता, कोलेशर मुंडा, गणेश मोदी, लालू मुंडा, विनय, अमृत भोगता, अभय राम, जगजीवन राम, लाला मुंडा, बिनोद उराँव, करिवा भोगता, नंदकिशोर प्रजापति, बिरसा उरांव, श्रवण उरांव, सरजू सिंह, राजेन्द्र साव, महेंद्र चैहान, रघुनाथ लोहार, बालेष्वर भोगता, बीरेंद्र उरांव, हरिवंश मुंडा, दिलु राम, सूरज लोहरा, मिथलेश सिंह, लालदेव गंझू को बनाया गया है। टूर्नामेंट में इंट्री फीस 3051 रुपये रखा गया है। टूनार्मेंट में भाग लेने की अंतिम तिथि 19 नवंबर है। टूनार्मेंट में 16 टीम ही शामिल हो सकती है।

### बीओसीएम हनुमान मंदिर के समीप विस्थापित प्रभावित संवेदक संघ की बैठक

# विस्थापित संवेदकों को प्राथमिकता के आधार पर कार्य देने की उठी मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के विस्थापित प्रभावित ग्रामीण संवेदक संघ की एक आवश्यक बैठक गुरुवार को बीओसीएम हनुमान मंदिर के समीप आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता हदीश अली और संचालन जितेंद्र कुमार ने किया। बैठक में संवेदक संघ के निर्णय का अनुपालन नहीं करने वाले संवेदक को संगठन से बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रो मे सीएसआर योजना से होने वाले कार्य को संबंधित गांव के संवेदक को प्राथमिकता के आधार पर कार्य देने, कोई भी संवेदक दूसरे के कार्य में प्रतिस्पर्धा करने के लिए पेपर नहीं देने पर सहमति बनी। इस बैठक में सीएसआर के पुराने कार्य में संवेदक द्वारा किया गया प्रतिस्पर्धा मे पेपर वापस लेने का निर्णय लिया गया। साथ ही नये कार्य में प्रतिस्पर्धा नही करने पर सहमति हुई। बैठक में आपसी एकजुटता बढ़ाने, स्थानीय संवेदकों को प्राथमिकता के आधार पर काम देने और एक दूसरे के कार्यों में टेंडर नहीं डालने का निर्णय लिया गया।



बैठक में उपस्थित संवेदक।

### ये रहे मौजूद

बैठक में सुरेश महतो,महेन्द्र महतो, राजेंद्र गुप्ता, नागो महतो, सोनू गुप्ता, दिलेश्वर महतो, सुधीर महतो, बिजय महतो, महेंद्र कुमार, अरुन उरांव, रामचरण महतो, कुलदीप राम, बसंत गुप्ता, सुधीर महतो, कामेशवर महतो, टिंकू कुमार महतो, बिजली महतो, निर्मल महतो, उमेश यादव, रोहन महतो, परमेश्वर महतो, भोला पासवान, सुरेश महतो, बिजली महतो, संध्या टाना भगत, बबलू महतो आदि लोग मौजूद थे।

### देवी मंडप मानकी बस्ती के पुनर्निर्माण को लेकर कमेटी का गठन

# देवचरण अध्यक्ष और रूपलाल गंझू बने सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** देवी मंडप मानकी बस्ती डकरा के प्रांगण में एक बैठक पुजारी सोभनाथ गंझू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मंदिर के पुनर्निर्माण से संबंधित विचार विमर्श किया गया। साथ ही मंदिर के कमेटी का गठन किया गया। जिसमकें अध्यक्ष देवचरण गंझू, उपाध्यक्ष सोनू यादव, फूलों देवी, सचिव रूपलाल गंझू, सह सचिव गुलाब गंझू, लक्ष्मी देवी, कोषाध्यक्ष करण गंझू, उप कोषाध्यक्ष अजय तुरी, बुधनी देवी, मीडिया प्रभारी आनंद कुमार, भुनेष्वर गंझू, सतीश कुमार कार्यकारिणी अध्यक्ष सोभनाथ गंझू, संरक्षक रुकमणी देवी, देवा गंझू, राम किसुन गंझू, मुकेश यादव, धनेष्वर गंझू, मोहन गंझू, संतोष मुंडा, सोमरा गंझू, डहरा गंझू, के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में धनेष्वर गंझू, कामेष्वर गंझू, फूलों देवी, लक्ष्मी देवी, मालती देवी, बुधनी देवी, बसंती देवी, फुलमनी देवी, सुनीता कुमारी, राजमणि देवी, प्रतिमा देवी, रुक्मणी देवी, अजय कुमार गंझू, विजय तुरी, पवन कुमार लोहरा, नवीन कुमार, सचिन गंझू, मंगल गंझू, भीम कुमार, सतीश कुमार गंझू, रोहन गंझू, सुनील गंझू, मोहन गंझू, राजेष्वर गंझू, मेघलाल गंझू, गोला गंझू, उपेंद्र गंझू, रंजीत गंझू, अजय तुरी, बालेष्वर गंझू आदि को षामिल किया गया है।



# पुल निर्माण कार्य पूरा कराने को लेकर दिया पत्र

**खलारी (आजाद सिपाही)।** चूरी मानकी बस्ती के ग्रामीणों ने मानकी बस्ती के समीप अधर में लटके डीएमएफटी मद से बन रहे पुल का जल्द जल्द से निर्माण कार्य पुरा करवाने कि मांग की है। गुरूवार को ग्रामीणों के द्वारा इसको लेकर कांके विधायक के नाम एक मांग पत्र विधायक प्रतिनिधि ष्याम सुन्दर सिंह को दिया। पत्र के माध्यम से ग्रामीणों ने समस्या को लेकर अवगत कराया कि पुल का शिलान्यास 11 दिसम्बर 2021 को सांसद महोदय एवं कांके विधायक के द्वारा किया गया था। लेकिन उक्त पुल का निर्माण कार्य शुरू होने के कुछ दिनों के बाद ही बंद हो गया। पुल का निर्माण अधर में लटकने और पुरा नही होने के कारण इस मार्ग से जाने वाले राहगीरों, स्कूली बच्चों एवं अन्यों कों काफी परेशानी हो रही है। वहीं मौके पर ग्रामीण मुकेश यादव ने कहा कि पुल के नही बनने से आसपास के ग्रामीणों सहित स्कूली बच्चों, सीसीएल में काम करने वालों तथा अन्य राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। कहा कि डीएमएफटी फण्ड का उपयोग खलारी के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए करना है लेकिन इस तरह के कार्य होने से क्षेत्र का विकास तो दुर बल्कि ग्रामीणों के लिए यह समस्या उत्पन्न कर रहा है। उन्होने विधायक समरी लाल से इस समस्या पर सकारात्मक पहल कर पुल निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराने का आग्रह किया है ताकि हो रही समस्या से निजात मिल सके। मौके पर मुकेश यादव, बंसती देवी, महेश तुरी, नवीन कुमार, रोहित कुमार, विजय तुरी, बबलु यादव, मुकेश यादव, आनंद कुमार, मनोज यादव, बादल तुरी, रानी देवी, सुरजमनी देवी, जीरवा देवी, अनिल तुरी, संदीप कुमार, मेघलाल गंझू, बलेश्वर तुरी, दीपक तुरी, सुनीता देवी, गणेश तुरी, कमलेष्वर गंझू, गुट गंझू, रंजत गंझू, पिंटू तुरी, फुलमनी देवी, ओनवा देवी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।



## राहे पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**राहे (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के सीसीताड़ मोड़ के समीप गुरुवार को राहे पुलिस प्रभारी रामरेखा पासवान के नेतृत्व वाहनों की चेकिंग किया गया। वाहन चेकिंग में सवारियों का बैग, थैली, डिक्की आदि का चेकिंग किया गया। दौरान हेलमेट नहीं पहनने वाले को चेतावनी दिया गया। इस संबंध में ओपी प्रभारी रामरेखा पासवान ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर विधिव्यवस्था ओर सुरक्षा की दृष्टिकोण से सवारियों का चेंकिंग किया गया। साथ ही बाइक सवार लोगों का हेलमेट चेकिंग किया गया। हेलमेट नहीं पहनने वालों को पहनने को हिदायत दिया गया। वाहन चेकिंग अभियान में एएसआइ राज कपूर सहित सैप के जवान शामिल थे।

### अशोका व सीएचपी परियोजना को मिला आइएसओ प्रमाण पत्र

# अधिकारियों और कर्मचारियों में हर्ष का माहौल

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) की ओर से सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोका परियोजना खुली खदान एवं सीएचपी/सीपीपी परियोजना को उच्च मानकों का अनुपालन करने के लिए आईएसओ 9001, 14001 एवं 45001 का प्रमाण पत्र मिला है। सीसीएल मुख्यालय के उच्च मानक विभाग के प्रमुख आरके सिंह ने अशोका परियोजना कार्यालय पहुंचकर परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार को अपने हाथों से यह प्रमाण पत्र प्रदान किया। दोनों परियोजना को मिले आइएसओ प्रमाण पत्र में आईएसओ 9001 कार्यालय एवं खदान के साथ संयंत्रों की गुणवत्तापूर्ण संचालन के लिए,आईएसओ 14001 पर्यावरण संरक्षण के लिए एवं आईएसओ 45001 परियोजनाओं में स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए दिया गया है। इस संबंध में अशोका परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि इस उपलब्धि का पूरा श्रेय पिपरवार के महाप्रबंधक सीबी सहाय के साथ पर्यावरण अधिकारी संजय कुमार, कनीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं कोल कामगारों को जाता है। जिनके अनुशासित, इमानदार एवं नियमानुसार कार्य संचालन से हमें यह गौरव प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन द्वारा हर क्षेत्र में मानकों के स्तर की जांच करने हेतु टीम भेजी गई थी जिनके रिपोर्ट के आधार पर हमें यह प्रमाण पत्र मिला है। इस प्रमाण पत्र की वैधता 13 नवंबर 2024 तक है। प्रमाण पत्र मिलने के बाद क्षेत्र के अधिकारियों और कर्मचारियों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। इस मौके पर अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, एससी सिन्हा, राजेंद्र कश्यप,अनुज कुमार, सहित कई अधिकारी



आइओसी का प्रमाण पत्र लेते अधिकारी।

## सीआइएसएफ और सीसीएल की टीम ने रखे अवैध कोयला को किया जब्त



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी थाना क्षेत्र के करकट्टा विश्रामपुर कॉलोनी के पीछे एवं केडीएच खदान के आसपास के इलाकों में भारी मात्रा में अवैध रूप से इक्ट्ठा किया गया कोयला को सीआईएसएफ एवं सीसीएल की टीम के द्वारा जब्त किया गया है। सीआईएसएफ कमाडेंट श्री मांगा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर उप समादेष्टा मृत्युंजय स्वामी के नेतृत्व में करकट्टा स्थित विश्रामपुर कॉलोनी के पीछे एवं केडीएच खदान के आस पास के इलाकों में सीआईएसएफ बल एवं सीसीएल टीम के द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी कर अवैध रूप से कोयला तस्करो के द्वारा जमा किया गया लगभग 35 टन कोयला को जब्त किया। जब्त कोयले को सीसीएल प्रबंधन को सुपुर्द कर दिया गया। मौके पर निरिक्षक ददन सिंह, निरीक्षक सुनील कुमार, निरीक्षक नागेंद्र प्रसाद, निरिक्षक एल एस मिंज, निरीक्षक सरफराज आलम, उप निरीक्षक अनूप सिंह, सीआईएसएफ के 60 जवान, सीआईएसएफ का महिला दस्ता, सीसीएल मैनेजर साहिर अख्तर खान, सीसीएल एरिया सिक्योरिटी राम पुकार नोनिया सहित अन्य शामिल थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र के नये भवन का मुखिया ने किया उद्घाटन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** तुमांग आंगनबाड़ी केंद्र के नए भवन का उदघाटन किया गया। तुमांग पंचायत के मुखिया संतोष कुमार महली ने फीता काटकर आंगनबाड़ी केंद्र भवन का उदघाटन किया। मुखिया संतोष कुमार महली ने बताया कि भवन नही रहने से केंद्र संचालन करने में आंगनबाड़ी सेविका को काफी परेशानी होती थी लेकिन अब नया भवन बन गया है तो आंगनबाड़ी केंद्र अब सुचारू रूप से चलेगा और सभी को इसका लाभ मिल पायेगा। इस मौके पर जेई प्रवीण उरांव, रोजगार सेवक, मणिलाल उरांव ,पंकज मुंडा, किशुन मुंडा, सोनू सहित अन्य उपस्थित थे।

## समय पर हो कर्मचारियों का प्रमोशन: उदय



**खलारी (आजाद सिपाही)।** एनसीओइए सीटू केडीएच परियोजना के सचिव उदय कुमार सिंह ने एक बयान जारी कर कहा है कि आज कोल इंडिया रोज नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है, लेकिन कर्मचारियों को सुविधाएं मुहैया कराने में विफल रहा है। आज भी कंपनी पुराने जमाने के तौर तरीकों को अपनाए हुए है। कर्मचारियों को समय पर पद्दोन्नति नही मिल पाती है। मैनपॉवर बजट बनाने में पुराने तौर तरीकों से कार्य किया जा रहा है, जिसके कारण कर्मचारियों को समय से पद्दोन्नति नही हो रही है। कहा कि आज जरूरत है ऐसे प्रावधानों की जिसमें अगर जिन कर्मचारियों का प्रमोशन का कैडर स्कीम पूरा हो जाता है उनका प्रमोशन समय पर दिया जा सके। अगर कर्मचारियों को समय से पद्दोन्नति दी जाती है तो सभी का हौसला बढ़ेगा और प्रोडक्शन लक्ष्य हासिल करने में सफलता प्राप्त होगी। उन्होने अपनी यूनियन की ओर से माँग करते हुए कहा कि मैनपॉवर बजट में ऐसे प्रवधान किये जाए जिससे कर्मचारियों का पद्दोन्नति समय से हो और कंपनी भी नए कीर्तिमान स्थापित करे।

## मुखिया ने बिरहोरों के बीच कंबल बांटे



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज में लपरा पंचायत के महुआ टॉड बिरोहर टोला में बिरहोर के बीच कम्बल का वितरण किया गया। पंचायत की मुखिया पुतुल देवी ने 40 बिरहोर के बीच कम्बल का वितरण किया। मुखिया पुतुल देवी ने कहा कि बढ़ती ठंढ को देखते हुए आदिम जनजाति बिरोहर के बीच कम्बल का वितरण किया गया है ताकि इस ठंढ में बिरहोर को कम्बल से राहत मिल सके इस मौके पर पंचायत सेवक परीक्षित महतो, नारायण, रवना, रामजीत बिरहोर, शीला बिरोहर, बीना बिरोहर, शांति बिरोहर, हरि, नीरज, संजय, रंजीत, रघु बिरोहर, विजय, अजित, झबरा, पवन बिरोहर सहित कई लोग मौजूद थे।

## जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं का बेहतर प्रदर्शन




**राहे (आजाद सिपाही)।** रांची जिला स्कूल में आयोजित 49वां जवाहर लाल नेहरू जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय राहे की छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। पर्यावरण अनुकूल सामग्री में हरिप्रिया रानी पूरे जिले में प्रथम स्थान आई है। हरिप्रिया का विषय इकोफ्रेंडली गमले नवाचार के साथ विकास। स्कूल के ही चंपा कुमारी ने ऐतिहासिक विकास के साथ समेकित कृषि विषय पर द्वितीय स्थान प्राप्त की है । ज्ञात हो कि प्रतियोगिता सात विषयों पर आधारित था जिसमें विद्यालय की तरफ से तीन प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी लगाई गई थी जिसमें दो पर छात्राओं ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए एक प्रथम और एक द्वितीय स्थान प्राप्त किया है । हरिप्रिया रानी का प्रोजेक्ट अब राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में भेजा गया है। रांची जिला शिक्षा अधीक्षक और अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी रांची के द्वारा झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय राहे की छात्राओं को सम्मानित किया गया। हरिप्रिया रानी कोरोना काल में अपने गांव में मास्क बांटकर सामाजिक कार्य कर चुकी है। ये सभी प्रोजेक्ट विद्यालय की वार्डेन परमेश्वरी कुमारी के नेतृत्व में किया गया है । छात्राओं के प्रदर्शन पर विद्यालय की वार्डेन परमेश्वरी कुमारी , शिक्षिका बिमला कुमारी , सौरभ कुमार सिंह और नवल महतो ने बधाई दी है ।

## नवसृजित प्राथमिक विद्यालय बरवाटोला में बच्चों के बीच किया पोशाक का वितरण



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी प्रखंड क्षेत्र के बरवाटोला स्थित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय के कक्षा एक और दो के बच्चों के बीच गुरूवार को पोशाक वितरण किया गया। इस मौके पर उपस्थित विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अर्जुन कुमार लोहरा के साथ चूरी पश्चिमी पंचायत मुखिया शांति देवी एवं पंचायत समिति सदस्य कुंजिता देवी के द्वारा बच्चों को पोशाक वितरण के तहत दो स्कूल ड्रेस, स्वेटर, मौजा किया गया। मौक पर विद्यालय प्रधानाध्यापक अमर लाल सतनामी के अलावा सकीला खातुन के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

## सापुकेरा पंचायत के फतेहपुर में पुश जतरा को सफल बनाने के लिए कमेटी का गठन



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** सापुकेरा पंचायत के फतेहपुर गांव में पारंपरिक पुश जतरा को लेकर बुधवा पहान की अध्यक्षता में शनिवार बाजार टाड़ में बैठक हुई। बैठक में पुश जतरा वर्षों से लगता आ रहा है। उसे जीवंत रूप देने को लेकर लोगों से विचार विमर्श किया गया। पुश जतरा पुश महीना के प्रथम सप्ताह के शनिवार को लगेगा। इस जतरा का संचालन के लिए एक कमेटी के गठन किया गया। पुश जतरा समिति के अध्यक्ष सूरज साहू, सचिव असलम मियां, कोषाध्यक्ष पवन बरला व महामंत्री रामकिशोर साहू को सर्वसम्मति से चुना गया। संरक्षक मो. शहीद मियां, रामप्रसाद साहू, बुधवा पहान, दिनेश राम, मनमोहन साहू, मनोज साहू, राजेश साहू, जसीम मियां के अलावे सभी युवा को जतरा कमेटी के वोलेंटियर रखा गया। यह पुश जतरा आपसी भाईचारगी व सौहार्दपूर्ण वातावरण का प्रतीक है। यह जतरा सभी जाति धर्म के लोगों के सहयोग से लगता है।

## सिकिदिरी व गेतलसूद कलस्टर के विवेकानंद सेवा संघों की अनुगमन बैठक आयोजित



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा प्रखंड के सिकिदिरी एवं गेतलसुद कलस्टर के विवेकानंद सेवा संघों की अनुगमन बैठक गुरुवार को की गयी। बैठक में स्वामी भवेषानन्द जी महराज, सचिव रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रांची, स्वामी शशांकानन्द जी महराज वरिष्ठ सन्यासी रामकृष्ण मिशन आश्रम उपस्थित थे। स्वामी भवेषानन्द जी महराज ने अपने संबोधन में कहा कि नवागढ़ पंचायत के गांवों में लोगों ने जिस तरह अपने विकास के लिए प्रयास कर रहे हैं। बहुत ही प्रशंसनीय है। खास कर शिक्षा एवं श्रमदान पर। वहीं वरिष्ठ संन्यासी स्वामी शशांकानन्द जी महराज ने वैल्यू एजूकेशन की बातें रखी। उन्होंने कहा कि आज जो विद्यालयी शिक्षा बच्चों को दी जा रही है इससे बेरोजगारी बढ़ रही है। इसकी जगह वैल्यू एज़ूकेशन की शिक्षा की बहुत आवश्यकता है। ताकि बच्चे किसी पर आश्रित न होकर अपने खुद का व्यवसाय अपना कर स्वनिर्भर होने में कामयाब हो सकेंगे। मौके पर दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रधान सह वरीय वैज्ञानिक डॉ. अजित सिंह, प्रमुख अनगड़ा दीपा उरांव, नवागढ़ मुखिया भुवनेश्वर बेदिया, अरूण भक्त, अजित उपाध्याय, चिरंजीवी मंडल, संतोष बेदिया, जगदीश भोगता, राजकुमार बेदिया, रोहित शाही एवं अन्य उपस्थित थे।

## फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच में 1932 मैराथन दौड़ में चतुर्थ स्थान प्राप्त विकेश को किया गया सम्मानित



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** कांके प्रखंड के उरुगुट्टू पंचायत में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच बगदा व उरुगुट्टू के टीम के बीच खेला गया। जिसमें बगदा की टीम एक गोल से विजयी रही। साथ ही बुंडू में आयोजित खतियानी 1932 मैराथन दौड़ में चतुर्थ स्थान आये उरुगुट्टू निवासी विकेश कुमार महतो को मुखिया पूजा किस्पोट्टा, उपमुखिया मैनुल अंसारी ने सम्मानित किया। विदित हो कि उक्त मैराथन दौड़ 42 किमी था। जिसे विकेश ने 3:40 घंटा में पूरा कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया था। मौके पर हरिप्रसाद महतो, हसनैन अंसारी, जलेश्वर महतो, सलीम अंसारी, सुरेश महतो समेत अन्य मौजूद थे।

## मुखिया ने सेमरा गांव के वार्ड नंबर आठ में बुजुर्गों के बीच किया कंबल वितरित



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पुरियो पंचायत अंतर्गत सेमरा गांव के वार्ड नंबर आठ में पंचायत के मुखिया नीरज कुजूर द्वारा गुरुवार को बढ़ती ठंड को देखते हुए बुजुर्ग महिला व पुरषों बीच कंबल वितरण किया गया। मौके पर मुखिया ने बुजुर्गों से मिलकर जानकारी ली। उनकी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। मौके पर वार्ड सदस्य सह उप मुखिया विजय उरांव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुभाष उरांव, चारो उरांव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## मुखिया प्रतिनिधि ने स्कूली बच्चों के बीच ड्रेस और जूता का किया वितरण



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तुतलो चपाटोली गांव स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि कुलदीप उरांव ने बच्चों के बीच ड्रेस व जूता का वितरण किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब मन लगाकर पढ़ाई कीजिए। आपको पढ़ने में जो भी समस्या उत्पन्न हो रही है उसको हमलोग मिलकर दूर करेंगे। उन्होंने बच्चों को भविष्य में अपना, अपने परिवार, विद्यालय और क्षेत्र का नाम रौशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही बच्चों के माता-पिता से अपील की कि बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें। मौके पर शिक्षक पारसनाथ सिंह मुंडा, सतीश सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

**कार्यक्रम :** नामकुम प्रखंड के खरसीदाग में शहीद बिरसा मुंडा जयंती सह पड़हा जतरा समारोह

# आदिवासियों की सांस्कृतिक विरासत है जतरा : जैलेंद्र कुमार

**फुटबाल मैच एवं शाम में सांस्कृतिक नागपुरी कार्यक्रम का हुआ आयोजन**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नामकुम।** जतरा आदिवासियों की सांस्कृतिक विरासत है। हमारी गौरवपूर्ण कला संस्कृति आज आधुनिकता की चपेट में आकर खोती जा रही है। जिसे संवारना और संरक्षित करना हम सभी का कर्तव्य है। उक्त बातें गुरुवार को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेंद्र कुमार ने नामकुम प्रखंड के खरसीदाग में शहीद बिरसा मुंडा जयंती सह पड़हा जतरा समारोह में कहीं। उन्होंने कहा कि पुरखों ने आदिवासी समाज को बहुत सारी चीजें विरासत में सौंपी है। जिससे समाज में भाईचारा और आपसी सद्भाव बढ़ता है। सोहराई जतरा, अगहन जतरा जैसे अनेक रूप हैं, जो समाज को एक रखने का काम करते हैं। इससे पूर्व ग्रामीण बहनों द्वारा पारंपरिक तरीके से अतिथियों का स्वागत कर जतरा स्थल तक ले जाया गया। वहीं, फुटबॉल मैच में बालिका वर्ग का फाइनल मैच एफसी सहेरा बनाम एफसी नामकुम के बीच खेला गया। जिसमें नामकुम की टीम विजयी रही। पुरुष वर्ग में पिंडारकोम बनाम मिनी बाजार नामकुम के बीच मैच खेला गया। जिसमें पेनाल्टी शूटआउट में मिनी बाजार नामकुम विजयी रही। विजेता टीम को 21 हजार नगद और एक खस्सी, उपविजेता टीम को 15 हजार नगद और एक खस्सी देकर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। देर शाम सांस्कृतिक नागपुरी रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। मौके पर अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, उपप्रमुख वीणा देवी, जिप सदस्य रामावतार केरकेट्टा, खरसीदाग ओपी प्रभारी सुखेदेव कुमार साहा, समाजसेवी प्रकाश लकड़ा, भाजपा नेता मुन्ना बड़ाईक, कांग्रेसी नेता माधो कच्छप, खिजरी मुखिया कार्मेला कच्छप, हहाप मुखिया नन्हे कच्छप, डूंगरी मुखिया जीता कच्छप, चंदाधासी मुखिया संदीप मुंडा, कुटियातू मुखिया निशा उरांव, पंसस राजलीन तिर्की उपस्थित थीं।

इधर कार्यक्रम को सफल बनाने में 52 पड़हा अध्यक्ष प्रदीप तिर्की, हरिशचंद्र सिंह मुंडा, मतियस मुंडा, सुरेश नायक, चामु बेक, एतवा कच्छप, सुशीला भुतकुमार, मरियम लकड़ा का सराहनीय योगदान रहा।

# स्कूल ऑफ फार्मेसी विभाग के छात्रों ने फ्रेशर पार्टी में मचायी धूम

**कुलपति ने विद्यार्थियों को बेहतर समाज के निर्माण के लिए उनकी जिम्मेदारियों का बोध कराया**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नामकुम।** वाइबीएन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मेसी विभाग के द्वारा बी फार्मा एवं डी फार्मा प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चेयरमैन रामजी यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रोफेसर डॉ एसपी यादव, कुलसचिव प्रोफेसर डॉ रमन दुबे, उप कुलसचिव संजय तिवारी, परीक्षा नियंत्रक डॉ चंद्रजीत कुमार, आइक्यूऐसी-निदेशक डॉ कमल कांत पात्रा, डायरेक्टर इन्क्यूबेशन डॉ ए सुमति, डीन आर्ट्स एवं हुमानिटीज डॉ मनोज कुमार, डीन एजुकेशन डॉ तबस्सुम खातून, डीन पैरामेडिकल डॉ पी कुमार, इंचार्ज डीन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी डॉ अंजनी कुमार, एचआर डायरेक्टर अरविन्द कुमार यादव एवं विश्वविद्यालय के अधिकारी, छात्र-छात्राए मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों को पुष्प गुच्छ के साथ सम्मानित किया गया। सीनियर छात्रों द्वारा नये छात्रों का बड़ी धूमधाम से स्वागत किया गया और छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति डॉ एसपी यादव ने विद्यार्थियों को बेहतर समाज के निर्माण के लिए उनकी जिम्मेदारी का बोध कराया। चेयरमैन रामजी यादव ने विद्यार्थियों के साथ फार्मेसी विभाग के शिक्षकों को भी इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। डीन फार्मेसी प्रोफेसर डॉ आशीष सरकार ने विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों का धन्यवाद किया एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये छात्रों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन श्रेया साक्षी और तुफैल खान ने किया। निर्णायक मंडल ने मिस्टर फ्रेशर एवं मिस फ्रेशर के लिये डी. फार्म से सुनील कुमार और अनुराधा कुमारी एवं बी. फार्म से ध्रुव रंजन एवं निकिता कुमारी का चयन किया।

## महेश कुमार मनीष बने आदिवासी जन परिषद के केंद्रीय सलाहकार



**कांके (आजाद सिपाही)।** राज्य के विख्यात आदिवासी संगठन आदिवासी जन परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा ने गांधीनगर कांके रोड निवासी महेश कुमार मनीष को केंद्रीय सलाहकार नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति का प्रमाण पत्र केंद्रीय समिति के अध्यक्ष प्रेमसाही मुंडा, केंद्रीय सचिव अभय तिर्की, वरीय उपाध्यक्ष डीसी मुंडा ने सौंपा। केंद्रीय नेतृत्व ने इन्हें समाज के सभी वर्गों को आर्थिक उन्नति, सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, शैक्षणिक रूप से सुदृढ़ करते हुए और जागरूकता लाकर समाज के मुख्यधारा से जोड़ने, समाज की निरंतर प्रगति की ओर ले जाने और संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु विशेष रूप से कार्य करने को कहा है। मनोनयन पर कई लोगों ने इन्हें बधाई दी है।

# कुएं में डूबने से पूर्व मुखिया शीला देवी की मौत, शोक



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हेसल पंचायत अंतर्गत मासु गांव मे पूर्व मुखिया शीला देवी (40 वर्ष) की मौत कुएं मे डुबने से हो गई। घटना बुधवार के रात की बतायी जा रही है। प्रखण्ड के हेसल पंचायत की पूर्व मुखिया रही मृतका शीला देवी के पति बासुदेव पहान भारतीय सेना मे हैं। बताया गया कि बुधवार की रात शीला देवी अपने पति और बच्चों के साथ खाना खाने के बाद घर से युं हीं टहलते हुए बाहर निकली। देर रात तक जब वह घर वापस नहीं लौटी तो परिजन काफी हैरान परेशान हो गए तथा उसकी खोजबीन शुरू की। खोजबीन के क्रम मे हीं गुरूवार की सुबह घर के पीछे स्थित कुएं मे झागर डाला गया तो उसका शव बाहर आ गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची अनगड़ा पुलिस ने शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पूर्व मुखिया की दुखद मौत की खबर से क्षेत्र मे मातम पसर गया। इधर सूचना पाकर आजसू पार्टी के जिला प्रवक्ता व सिरका पंचायत के मुखिया रोशन लाल मुण्डा, प्रखण्ड अध्यक्ष जगन्नाथ महतो, जिला सचिव अजीत महतो, पंसस मदरा मुण्डा, हेसल मुखिया कविता देवी, उपमुखिया दुर्गा महतो, समाजसेवी मुस्तफा अंसारी, कारीनाथ महतो, विशेश्वर मुण्डा, पूर्व पंसस अर्पणा सोलंकी, ग्रामप्रधान देवराज पहान, कौशल्या देवी, बालेश्वर महतो, मुल्लू महतो, साकीर अंसारी, बैजनाथ महतो, गोपाल महतो, पारसनाथ महतो, रासो पाहन सहित अन्य लोग मृतका के घर पहुंचे तथा शोक संवेदना प्रकट करते हुए परिवार को ढाढस बंधाया।

**बैठक :** नगड़ी प्रखंड में भारत जोड़ो यात्रा अभियान का शुभारंभ 21 नवंबर को

# प्रखंड में एकजुट होकर भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाना है : अजय नाथ शाहदेव

**नगड़ी प्रखंड कांग्रेस की बैठक में लिया गया निर्णय**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक नगड़ी स्थित जिला परिषद भवन में की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सहाबीर लोहरा ने की। बैठक में मुख्य रूप से भारत जोड़ो यात्रा अभियान को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित हटिया विधानसभा प्रभारी अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरे भारत के पैदल यात्रा भारत जोड़ो पैदल यात्रा की जा रही है। लोगों को बताना है कि भारत धर्मनिरपेक्ष देश है और धर्मनिरपेक्षता के साथ भारत को एकजुटता के एकसूत्र में लाना है। हम लोगों को नगड़ी प्रखंड में लोगों को एकजुट होकर भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाना है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 21 नवंबर को नगड़ी प्रखंड में भारत जोड़ो यात्रा अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के उपाध्यक्ष शाहिद अहमद, प्रखंड प्रभारी रतीलाल महली, मकसूद आलम, अख्तर अंसारी, विश्वा तिर्की, लक्ष्मी देवी, तरुण तिर्की, माहिर अंसारी, शराफत अंसारी, इकबाल हसन अंसारी, सुजीत मुंडा, मास्टर शाहिद अहमद, सोमरा उरांव, इरशाद अंसारी, राहुल सिंह, जतरी देवी, निरुपमा, बिनीता दानी कच्छप सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### नक्सलियों के खिलाफ बहादुरी का परिचय देने वाले सीआरपीएफ जवान को किया गया सम्मानित



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा झारखण्ड मे नक्सलियों के खिलाफ शुरू की गई ऑपरेशन मे बहादुरी और पराक्रम का परिचय देने वाले सीआरपीएफ के जवान राकेश कुमार वर्मा को समाज के लोगों ने सम्मानित किया। गुरूवार को अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा द्वारा आयोजित सम्मान समारोह मे प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र कुमार, जिला मंत्री विनोद कुमार सिंह एवं मंत्री राजेश कु वर्मा ने उन्हें माला पहनाकर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इससे पहले दिल्ली मे स्वतंत्रता दिवस समारोह मे पुलिस मेडल फॉर गेलेंट्री आवार्ड से राकेश कुमार वर्मा सम्मानित हो चुके हैं। मौके पर जितेन्द्र कुमार ने कहा कि यह फख्र की बात है कि समाज का बेटा देश की रक्षा के लिए हर कुबार्नी देने को तैयार है। इनकी वीरता समाज के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांके में कर्मियों का धरना-प्रदर्शन और कार्य बहिष्कार कार्यक्रम आज

**कांके (आजाद सिपाही)।** सीएचसी कांके के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ धनुर्जय सुबरई की प्रतिनियुक्ति कांके से हटाकर दूसरी जगह बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची सिविल सर्जन रांची द्वारा 17 नवंबर को कर दिया गया है। इस पदस्थापना के विरोध में और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति रद्द करने की मांग को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांके के मुख्य द्वार पर स्वास्थ्य कर्मियों और सहिया कर्मियों द्वारा 18 नवंबर को धरना एवं कार्य बहिष्कार का कार्यक्रम 9 बजे से रखा गया है। यह जानकारी प्रगतिशील नागपुरी समाज स्वास्थ्य कर्मी संघ के सचिव अखिलेश प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि इस आंदोलनात्मक कार्यक्रम में प्रखंड के सभी स्वास्थ्य कर्मी सहियाकर्मी हिस्सा लेंगे। बताया कि डॉ धनुंजय की प्रतिनियुक्ति कांके में अभी हाल में ही की गई थी। लेकिन सिविल सर्जन रांची द्वारा मनमाने तरीके से इनकी प्रतिनियुक्ति दूसरे जगह पर कर दी गई है। जिसका हम सभी लोग विरोध करते हैं। कांके स्वास्थ्य केंद्र इनके कार्यकाल में बहुत बेहतर ढंग से कार्य कर रहा था।

### बोड़ेया देवी मड़ई का पुनर्निर्माण के लिए क्षेत्र के लोगों ने की पूजा-अर्चना



**कांके (आजाद सिपाही)।** बोड़ेया, अरसंडे के देवी मड़ई के पुनर्निर्माण के लिए महिला समितियों के नेतृत्व में पुरोहित आचार्य अजय मिश्रा व बोड़ेया के विश्वकर्मा पहान, रामदास पहान तथा अरसंडे ग्राम के राहुल पहान, सुकरा पहान के द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर शीला पूजन व देवी ध्वज स्थापित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बोड़ेया मुखिया सोमा उरांव, अरसंडे मुखिया नीलू पहान व बोड़ेया अरसंडे के सैकड़ों पुरुष एवं महिला तथा गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### द्वारिका हॉस्पिटल ने किया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** द्वारिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की ओर से गुरुवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत सचिवालय जुरदाग कर्रा प्रखंड खूंटी ने किया गया। जिसमें आसपास गांव के लगभग 50 मरीजों का परीक्षण डॉ गणेश कुमार सिंह के द्वारा किया गया। मौके पर डॉ गणेश कुमार सिंह ने कहा दैनिक जीवन में छोटी-छोटी जानकारी से रोगों का बचाव किया जा सकता है। अपने दैनिक दिनचर्या में स्वास्थ्य के प्रति आप सर्जक रहे हैं। हल्के रोग का भी आभास हो तो तुरंत अपने चिकित्सक से भेट करें। साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें। कैंप के सफल आयोजन में मुख्य रूप सिस्टर मगदली भेंगरा, रिखिमानी कुमारी, सागर मुरा एवं द्वारिका हॉस्पिटल प्रचारक दिवा पासवान उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता के तहत प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बारीडिह पंचायत मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आर.टी.सी. इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मैदान, आनंदी में आयोजित इस मैच में पंचायत के बारीडीह एवं आनन्दी की छह टीमों ने भाग लिया। मैच में लड़कों की चार एवं लड़कियों की दो टीमें शामिल थीं। चयन प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, प्रमुख अनुपमा देवी एवं उप प्रमुख रिजवान अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर शैलेन्द्र मिश्र, मोतीलाल महतो, इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. टी.के. दास, मुखिया पार्वती देवी, कुटे मुखिया बालमती देवी, चकला मुखिया शिवनाथ मुंडा, उप मुखिया बनवारी लाल साहू, पंचायत सचिव भागीरथ मंडल, ग्राम प्रधान नन्द किशोर मुंडा, चांद बाबू मुंडा, विमला देवी, सुमन देवी, लक्ष्मी देवी, भूषण महतो, गोविन्दशंकर मुंडा, राहुल मुंडा, राम किशुन करमाली, राजेश महतो, बिहारी मुंडा सहित क्षेत्र के खेल प्रेमी उपस्थित हुए। लड़कियों की टीम में एलेवन गर्ल, बारीडीह, फुटबॉल कल्ब, ठाकुर टोली, आनन्दी तथा लड़कों की टीम में नया टोली, आनन्दी, आदिवासी युवा टीम, आनन्दी, डुमर टोली आनन्दी एलेन ब्वायज, बारीडीह की टीमों ने भाग लिया। इनमें से 16-16 खिलाड़ियों का चयन किया गया तथा एक प्रशिक्षक व मैनेजर का भी चुनाव किया गया।

## नगर अध्यक्ष ने किया शहर के वार्ड-1 में आरसीसी नाली निर्माण का शिलान्यास



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड एक के शिवपुरी कालोनी में मोबाइल टावर से सिधेश्वर पाठक के घर तक बनने वाले आरसीसी नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। यह शिलान्यास नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी वार्ड-एक के पार्षद अखिलेश यादव और सिटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि उक्त आरसीसी नाली निर्माण से वार्ड- एक के शिवपुरी कालोनी वासियों को काफी सुविधा होगी। नाली निर्माण नहीं होने से आम अवाम को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में प्राथमिकता के साथ योजनाओं का चयन कर विकास कार्य किया जा रहा है, ताकि लोगों को रोजगार के साथ -साथ क्षेत्र का विकास हो सकें। उन्होंने कहा कि सड़क व नाली निर्माण क्षेत्र के विकास का आईना होता है,नाली निर्माण होने से आम-आवाम को काफी सुविधा मिलेगी। साथ ही शहर विकास की ओर अग्रसर होगा। मौके पर नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि शहर के समुचित विकास के लिए हम सभी नगर पंचायत प्रतिनिधि कटिबद्ध है। मौके पर मुख्य रूप से रंजीत कुमार,बबलू सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## चैतन्य इंडिया ने मध्य विद्यालय हुसैनाबाद को भेंट किया वाटर प्यूरीफायर



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** चैतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से हुसैनाबाद मध्य विद्यालय को सोशल वर्क के तहत वाटर प्यूरीफायर भेंट किया गया। इसका उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य यूपी सिंह, बिद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष रामबृक्ष राम,शिक्षक राजेश कुमार, संस्था के रीजनल मैनेजर सुनील कुमार,यूनिट मैनेजर कुमार अमन,एडविन आकाश कुमार, आदि ने किया। मौके पर संस्था के रीजनल मैनेजर सुनील कुमार ने कहा कि छात्र-छात्राओं को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संस्था की ओर से सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए केंट वाटर प्यूरीफायर विद्यालय में लगाया गया है। साथ ही उन्होंने जरूरत अनुसार स्कूल को हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिया।विद्यालय के प्रधानाचार्य यूपी सिंह ने कहा कि जब से स्कूल की बागडोर संभाला है तब से स्कूल में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए कार्य किये जा रहे हैं।उन्होंने अपने स्टाफ, शहर निवासियों, एनजीओ और सरकार के सहयोग के साथ स्कूल को बुलंदियों पर पहुंचाया है।जिससे बिद्यालय में बुनियादी सुविधाएं मौजूद हैं। प्रत्येक के सहयोग से यह स्कूल हुसैनाबाद के बेहतरीन स्कूलों में शामिल है। जो किसी भी प्राईवेट स्कूलों से कम नहीं। इस लिए उन्होंने बच्चों के परिजनों को अधिक से अधिक अपने बच्चे सरकारी स्कूल में दाखिल कराने की अपील की।

## प्रधानाध्यापक के सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिवा बीघा के प्रधानाध्यापक सुदर्शन राम के रिटायर होने पर गुरुवार को विद्यालय परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिप सदस्य राजू मेहता उर्फ एसपी मेहता,बीईइओ नरेश राम,मुखिया सुदामा यादव ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने रिटायर शिक्षक को माला व उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर जीप सदस्य श्री मेहता ने कहा कि सरकारी सेवा में सेवानिवृत्ति एक नियमित प्रक्रिया है।उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक सुदर्शन राम के विद्यालय में योगदान देने के बाद शिक्षा का एक बेहतर माहौल कायम हुआ था। विद्यालय के शिक्षक इनसे सीख लेकर विद्यालय को सजाने संवारने का काम करेंगे।पंचायत के मुखिया सुदामा यादव ने कहा कि शिक्षक कहलाना बड़े गर्व की बात होती है। गुरु हमेशा उस पारस पत्थर के समान होता है जिसके संपर्क में आने से लोहा भी सोना बन जाता है।मौके पर अरुण सिंह,हरिशंकर पासवान,मनोज सिंह,अरबिंद सिंह,कुसुम कुमारी,बिजय कुमार चंद्रमौलेश्वर ठाकुर,महेंद्र राम,धर्मेंद्र पासवान,मनोज सिंह,अरबिंद सिंह,बृजनंदन पासवान,लालकेश्वर पासवान ,प्रमोद पासवान,पार्वती देवी समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## हरिहरगंज में विवादित भूमि पर एसडीओ ने दंड संहिता की धारा 145 किया लागू



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** न्यायालय अनुमंडल दंडाधिकारी छतरपुर ने हरिहरगंज विवादित मठ की भूमि पर प्रक्रियाधीन वाद धारा 144 द.प्र.स को परिवर्तित करते हुए दंड संहिता की धारा 145 लागू की है। नोटिस जारी करते हुए दोनों पक्ष के शिवनंदन यादव, सरोज प्रसाद बनाम विकास यादव, रामवृक्ष मस्ताना,बुधन यादव,विजय जायसवाल, मुरारी राम, विजय सिंह, उमा यादव, लखन यादव, महादेव यादव, दिनेश मेहता, मुकेश कुमार मेहता,कुंदन यादव, अवधेश यादव को उक्त भूमि पर जाने से रोक लगाई है। उन्होने कहा कि मैं विपक्ष के विज्ञ अधिवक्ता के बहस को सुनने से संतुष्ट हूं की निम्नांकित भूमि पर दोनों पक्ष के दावे एवं प्रतिदावे को लेकर उत्पन्न विवाद के कारण वास्तविक भू विवाद हो गया है। जिसको लेकर शांति भंग होने की प्रबल संभावना है, जो मेरे अधिकार क्षेत्र के अंदर है। वाद भूमि को द.प्र.स. की धारा 146 (1) के अंतर्गत जप्त करते हुए दोनों पक्ष को इस वाद के अस्थाई समाधान होने तक वाद भूमि पर जाने से रोक लगाई गई है।वहीं न्यायालय दंडाधिकारी ने थाना प्रभारी हरिहरगंज को उक्त विवादित जप्त भूमि का अस्थाई रिसीवर नियुक्त किया है। साथ ही इसे लेकर उन्होंने दोनों पक्ष को आगामी 22 नवम्बर को सुबह 11: बजे अनुमंडलीय न्यायालय छत्तरपुर में हाजिर होने का निर्देश दिया है।

### राजस्व संग्रहण को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

# माइंस संचालकों को अनावश्यक परेशान करने वाले कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई : उपायुक्त



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने गुरुवार को भू-अर्जन,भू-हस्तांतरण,आधारभूत संरचना व राजस्व संग्रहण को लेकर जिला स्तरीय विभिन्न पदाधिकारियों, अनुमंडल पदाधिकारियों,अलग-अलग विभागों के कार्यपालक अभियंताओं, व सभी अंचलाधिकारियों के साथ बैठक की। सर्वप्रथम उन्होंने बैठक में आये विभिन्न माइंस के प्रतिनिधियों व आंचलाधिकारियों से आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों का संपादित करने पर बल दिया। इस दौरन उपायुक्त श्री दोड्डे ने कहा कि कोई भी राजस्व कर्मचारी माइंस कंपनियों को अनावश्यक परेशान करता पाया गया तो उक्त कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके पश्चात उपायुक्त ने एनएच 75 व एनएच 98 के तहत आरही परेशानियों को दूर करने को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावे उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा किए गए राजस्व संग्रहण की भी समीक्षा की। इस क्रम में खनन विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने पाया कि वार्षिक लक्ष्य 212.78 करोड़ के विरुद्ध अबतक 78.36 करोड़ की वसूली की गयी है। वहीं उत्पाद विभाग को 132 करोड़ वसूली का वार्षिक लक्ष्य दिया गया था जिसके विरुद्ध 68 करोड़ की वसूली कर ली गयी है। इसी तरह उन्होंने अवर निबंधक, परिवहन विभाग,राष्ट्रीय बचत विभाग, नगर निगम,विद्युत सहित अन्य विभागों की भी समीक्षा की गयी। उन्होंने सभी सीओ को दाखिल-खारिज के आवेदनों को तय समय सीमा में निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया।

## अनियमितता एवं राशन गबन करने को लेकर मोकहर कला के राशन डीलर पर एफआईआर

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने गुरुवार को हैदरनगर के मोकहर कला के राशन डीलर नागेंद्र सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर हैदरनगर सीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित किया जिसके पश्चात हैदरनगर थाने में नागेंद्र सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी।

**दैनिक अखबार में छपी खबर के आलोक में जांच के पश्चात उपायुक्त ने की कार्रवाई**

दरअसल,बुधवार को एक दैनिक अखबार में ₹प्रशासन मौन,मुर्दे भी अंगूठा लगाकर उठा रहे राशन₹शीर्षक खबर छपी थी जिसके आलोक में उपायुक्त ने प्रशिक्षु आईएएस श्रीकांत विसपुते व बीडीओ धीरज ठाकुर से उक्त राशन डीलर की जांच करवायी जांच में पाया गया कि कई लाभुकों का दो अलग-अलग राशन कार्ड निर्गत किया गया है जिसमें से एक कार्ड से लाभुक को राशन दिया जाता है जबकि दूसरे कार्ड के माध्यम से डीलर द्वारा अपवाद पंजी के जरिए ऑफलाइन मोड से राशन निकाल लिया जाता है जो प्रथम दृष्टया अनियमितता एवं गबन प्रतीत होता है जिसके पश्चात उपायुक्त ने यह कार्रवाई की है।

**खाद्यान्नों को लेकर गंभीर है उपायुक्त, यह तीसरी कार्रवाई**

ज्ञातव्य है कि जिले के डीसी श्री दोड्डे खाद्यान्नों में अनियमितता को लेकर गंभीर हैं जिसका नतीजा है कि 22 अक्टूबर को पांकी के कोनवाई में अंगूठा लगाकर लाभुकों को राशन नहीं दिए जाने के मामले में जन वितरण प्रणाली दुकानदार को निलंबित किया गया साथ ही 30 अक्टूबर को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत एनएफएसए मद में अनियमितता बरतने को लेकर सहायक गोदाम प्रबंधक को निलंबित करने के पश्चात उनसे सोलह लाख एक हजार तीन सौ चौवालीस रुपए की वसूलने की करवाई भी की गई है और अब हैदरनगर के मोकहर कला के राशन डीलर को सस्पेंड किया गया है।

## किसानों को प्रशिक्षित करने का मुख्य उद्देश्य उनकी आय में वृद्धि करना है : अजीत तिवारी



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र बेलचंपा में बीसीसीएल जनसेवा ट्रस्ट सह ग्रासीम सामाजिक उत्तरदायित्व रेहला द्वारा कृषि विकास योजना के तहत रवि फसलों के बुआई एवं कुशल प्रबंधन पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए किसानों को कृषि विज्ञान केन्द्र गढ़वा से आए वैज्ञानिक अशोक कुमार द्वारा रवि फसलों के बुआई से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर डां अशोक कुमार ने किसानों को रवी फसलों के बुआई एवं उत्पादन वृद्धि कैसे किया जाए उससे किसानों को अवगत कराया। इस कार्यक्रम में ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेहला के एचआर हेड अजीत तिवारी ने कहा कि यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर किसान भाई अधिक से अधिक फसल का उत्पादन कर इस क्षेत्र को उत्पादन में अग्रणी भूमिका अदा करने में एक मुकाम कायम करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर किसानों के बीच उन्नत किस्म के गेहूं एवं सरसों का बीज 150 किसानों के बीच वितरण किया जाएगा। जो किसान इस बीज को प्राप्त कर अधिक से अधिक फसल उत्पादन करेंगे। उनमें से तीन किसानों का हमारे सीएसआर टीम द्वारा सर्वे कर चयन करके उनको पुरस्कृत भी किया जाएगा। इस अवसर पर वित्त एवं लेखा प्रमुख शिवम पाठक ने कहा कि ग्रासिम सीएसआर टीम द्वारा इस तरह के अनेक योजनाएं चलाई जा रही है जिसमें ज्यादा से ज्यादा किसान समुदाय के लोगों को योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। समय समय पर सामाजिक उत्तरदायित्व रेहला द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम में शामिल होकर लाभुकों से चल रही योजना से अवगत होकर उनको विभिन्न कार्यक्रम से जोड़ा जाता है। इस अवसर पर राकेश तिवारी, नितेश पाण्डेय सहित सामाजिक कार्यकर्ता और आसपास कई किसान मौजूद थे।

## एक तो चोरी ऊपर से सीना जोरी वाली कहावत को चरितार्थ कर रही है हेमंत सरकार : रघुवर दास



इस मौके पर भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, विधायक आलोक चौरसिया, महापौर अरुणा शंकर, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद सिंह,विभाकर नारायण पांडे,नरेंद्र पांडे,जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, आनंद सिंह, जय दुबे,शिव कुमार मिश्रा, मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह,अनुज पांडे, संतोष पांडे, कृष्ण विजय सिंह, विजय शर्मा,पंकज, अमित आनंद, अमित, आनंद तिवारी, भोला पांडे, संदीप कुमार, अरुण प्रसाद, मनीष कुमार, अशोक साहू, बैजनाथ प्रसाद आर्य, महेश्वर सिंह, आशीष सिन्हा, रवि प्रसाद, मुकद्दर प्रसाद, राणा प्रताप कुशवाहा, रोहू प्रसाद, मुखिया शंभू राम, शंभू मेहता, राजेंद्र सिंह चेरो, शिव कुमार मिश्रा,राजेश कुमार साह सहित कई भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पूरे तीन वर्षों तक झारखंड की खनिज संपदा को खनन माफिया लूटते रहे और हेमंत सोरेन मुक दर्शक होकर देखते रही। उक्त बातें पूर्व सीएम रघुवर दास गुरुवार को मेदिनीनगर के परिसदन भवन में पत्रकारों से कही। वे पलामू के संघर्षशील नेता स्व. अनिल चौरसिया की याद में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबॉल फुटबॉल टूनामेंट में बतौर मुख्य अतिथि उद्घाटनकर्ता के रूप में पलामू चैनपुर के लोकिया में आयोजित फुटबॉल टूनामेंट के उद्घाटन समारोह के बाद हुए मेदिनीनगर के परिसदन भवन में पत्रकारों से बात करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में धर्मांतरण का खेल चलता रहा गौ हत्या होती रही खन और वन माफिया जंगल को लूटते रहे और हेमंत सोरेन सिर्फ तमाशबीन की तरह देखते रहे। पूर्व मुख्यमंत्री ने हेमंत सरकार पर आरोप लगाया कि तीन वर्षों तक कानून की धज्जियां झारखंड में उड़ती रही कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। राज्य में शासन नाम की कोई चीज नहीं है। कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। लोगों को धमकियां दी जा रही है। कत्लेआम किया जा रहा है। बम के धमाकों से लोगों को उड़ाया जा रहा है, बेटी, बहनों के साथ बलात्कार हो रहा है और पूरी सरकार निंद्रा में है और यही नहीं मौन समर्थन भी इन लुटेरों, हत्यारों और माफियाओं के साथ हेमंत सरकार का है। यह सरकार भ्रष्टाचार के आकंठ में पूरी तरह डूबी हुई है। लेकिन अब समय आ गया है कि भ्रष्टाचार और आतंक का अंत होगा और आने वाले दिनों में भाजपा की सरकार बनेगी। हेमंत सरकार को पता होना चाहिए कि देश में मोदी का शासन है और मोदी कभी भी लूट और भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेंगे। ऐसी सरकार को जनता उखाड़ फेंकेगी। रघुवर दास ने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार जनविरोधी, महिला, युवा, किसान और मजदूर विरोधी है। इनकी सारी की सारी नीतियां इन सबों के खिलाफ है। हेमंत सरकार से कभी राज्य का भला हुआ है और ना होगा। उन्होंने उदाहरण स्वरूप कहा कि पलामू के दलित परिवार को उखाड़ कर फेंक दिया गया लेकिन सरकार अभी तक उन परिवारों के लिए कुछ भी नहीं किया।


**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

**ई-अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या:- **67/RI/2022-23/RWD/KHUNTI** दिनांक :- **16.11.2022**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1. | RWD/ KHUNTI/ 01/2022-23 | काशीडीह से उपर काशीडीह तक पथ निर्माण कार्य (लं- 1.620 कि0मी0) | 1,44,30,241.00 | एक करोड़ चौवालीस लाख तीस हजार दो सौ एकतालीस रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:- **21.11.2022**
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:- **01.12.2022** अपराह्न 5.00 बजे।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **खूँटी** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:- **02.12.2022** पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:- **05.12.2022** पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:- मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन- 834001
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0- 0651-2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **खूँटी** के पक्ष में एवं **खूँटी** में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई-प्रोक्युर्मन्ट सेल

**PR 282560 Rural Work Department(22-23)#D**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची**
ई मेल - eedwsd.ranchiwest@gmail.com

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित Detailed survey, designing and drawing, Construction of R.C.C. Intake Well cum Pump House, R.C.C. Gang Way ,**72.5 MLD** capacity Water Treatment Plant, Intermediate UG Sump Capacity 45.0 Lakh Litter, **ESR-1 7.50** Lakh Litre capacity with 13 M staging, **ESR-2 6.**50 Lakh Litre capacity with 24 M staging , **ESR-3 10.50** Lakh Litre capacity with 18 M staging , **ESR-4 16.75** Lakh Litre capacity with 24 M staging , **ESR-5 3.75** Lakh Litre capacity with 11 M staging , **ESR-6** 6.50Lakh Litre capacity with 08 M staging , **ESR-7 2.25** Lakh Litre capacity with 13 M staging **ESR-8 9.50** Lakh Litre capacity with 24 M staging , **ESR-9 2.50** Lakh Litre capacity with 08 M staging , **ESR-10 3.50** Lakh Litre capacity with 08 M staging, **ESR-11 6.50** Lakh Litre capacity with 24 M staging, **ESR-12 11.50** Lakh Litre capacity with 24 M staging, **ESR-13 3.70** Lakh Litre capacity with 24 M staging, **GSR Zone-14 3.50** Lakh Litre capacity, **ESR-15 3.10** Lakh Litre capacity with 21 M staging, Staff Quarter, Compound wall , Supplying and laying Raw/Clear Water rising main and Distribution Network, RCC Riser, House Connection, Railway Crossing, Road Crossing, Supplying and Installation of VT and Centrifugal pump motor, and Five years operation & maintenance with allied works etc. all complete job for **Mega Rural Water Supply Scheme along Ring Road ,Under DW&S Division Ranchi West Ranchi on turnkey basis**", का निविदा सं0- **DWSD/RW-06/2022-23** दिनांक **13.10.2022** में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है, जिसका PR No. **279820** ( Drinking Water & Sanitation) 2022-23 है।

| क्र0 | विवरणी | पूर्व में प्रकाशित | वर्त्तमान में संशोधित |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 28-10-2022 at 05:00 P.M | 19-11-2022 at 05:00 P.M |
| 3 | प्री-बीड बैठक का स्थान एवं तिथि | 03-11-2022 /12:30 P.M O/o Engineer-in-chief, DWSD, Nepal House, Ranchi. | 21-11-2021 /12:30 P.M O/o Engineer-in-chief, DWSD, Nepal House, Ranchi. |
| 4 | बीड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 10-11-2022 up to 04:00 P.M | 28-11-2022 up to 04:00 P.M |
| 5 | निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय/स्थान | 11-11-2022 up to 04:00 P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची/अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची/क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, राँची प्रक्षेत्र, राँची। | 29-11-2022 up to 04:00 P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची/अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची/क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, राँची प्रक्षेत्र, राँची। |
| 6 | बीड खोलने की तिथि/समय | 12-11-2022 up to 02:00 P.M | 30-11-2022 up to 02:00 P.M |

अन्य शर्ते यथावत रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
राँची पश्चिम, राँची

**PR 282573 Drinking Water and Sanitation(22-23)#D**


## स्पोर्ट्स

पुनेरी पल्टन के खिलाफ जीत का लय बरकरार रखना चाहेगी हरियाणा स्टीलर्स की टीम

# शक्तिशाली मेकॉन को हराकर पेरतोल पहुंची सेमीफाइनल में, आज होगा इंडियन वारियर के साथ मुकाबला



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** पेरतोल की टीम ने झारखंड की शक्तिशाली टीम मेकान रांची को बेहद रोमांचक मुकाबले में सडनडेथ में 4-3 से हराकर चैंपियंस ट्राफी फुटबाल टुनामेंट गेतलसूद के सेमीफाइनल में पहुंच गई। शुक्रवार को पहला सेमीफाइनल मैच में केपीएल पेरतोल का मुकाबला आर्मी के खिलाड़ियों से सुसज्जित इंडियन वारियर से होगा। राजेन्द्र यूनाइटेड के तत्वाधान में गुरूवार को गेतलसूद फुटबाल मैदान में मेकान व पेरतोल के बीच अंतिम क्वाटर फाइनल मैच खेला गया। पेरतोल की ओर से अंकित, कीर्ति व गोलकीपर साजिद ने शानदार खेल दिखाया। निर्धारित समय तक मुकाबला 0-0 की बराबरी पर था। पेनाल्टी शूटआउट में पेरतोल की ओर से कीर्ति, तौहिद, मनोज व सूरज ने गोल दागा। अंकित व राशिद गोल करने में असफल रहे। वही मेकान की ओर से सोमरा मुण्डा, विमल केरकेटटा, व बाबा नायक ने गोल दागा। नयन बारला, विदेश तिर्की व अश्विन पूरती गोल नही कर सके। मेकान के राकेश महतो, बाबा नायक व प्रवीण कच्छप तथा पेरतोल के साहिल को रफ खेल के कारण येलो कार्ड दिखाया गया। सडनडेथ में दो शानदार बचाव करनेवाले पेरतोल के गोलकीपर साजिद को प्लेयर आफ मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि जशपुरिया बीएड कालेज के संस्थापक जैलेन्द्र कुमार व विशिष्ट अतिथि नवागढ़ की पंचायत समिति सदस्य फाल्गुनी शाही ने प्रदान की। इस मौके पर राजेन्द्र यूनाइटेड के अध्यक्ष राजेन्द्र शाही मुण्डा, कुरमी विकास मोरचा के महासचिव रामपोदो महतो, भाजपा नेता जाकिर खान, सचिव अनिल कुमार चौधरी, प्रबंधक संतोष सिन्हा, संजय नायक, शिवदास गोस्वामी, सौरव कुमार महतो, शंकर बैठा, रामसाय मुण्डा, राजेश लोहरा, राजेश पाहन, प्रकाश यादव आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 18 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com
11

## भारी हंगामा के बाद डीवीसी ने बोकारो थर्मल में रोका अतिक्रमण हटाओ अभियान



बोकारो थर्मल (आजाद सिपाही)। बोकारो थर्मल सिक्स यूनिट स्थित सीआइएफएस कैंप के बगल में बने चारदीवारी को तोड़ने गए डीवीसी अधिकारियों को कड़े विरोध का सामना करना पड़ा और भारी हंगामा व हाथा पाई तक हो गई। अंततः डीवीसी प्रबंधन को अतिक्रमण हटाव अभियान को रोकना पड़ा। विरोध के कारण उप महाप्रबंधक नीरज कुमार सिन्हा ने न्यायालय से तीन दिनों के अंदर स्टे ऑर्डर का कागजात लाकर डीवीसी को दिखाने को कहा। अन्यथा चौथे दिन पुनः अतिक्रमण हटाव अभियान चलाकर नव निर्मित चार दिवारी को तोड़ देने की बात कही। यहां तेनुघाट न्यायालय से रैयत सहदेव साव के परिजन जमीन से संबंधित केस डीवीसी से हार गए। जिसके बाद गुरुवार को डीवीसी के उप महाप्रबंधक नीरज कुमार सिन्हा के नेतृत्व में भूसंपदा पदाधिकारी आरपी रजक, दंडाधिकारी अमित कुमार, सब इंस्पेक्टर अमित सिंह व सीआइएसएफ के जवान जेसीबी मशीन के साथ उक्त स्थान पर चारदीवारी तोड़ने पहुंचे थे।

## कार्रवाई : कुमारधुबी पुलिस ने युवक की हत्या के मामले का किया उद्भेदन

# सगे भाई ने गला काटकर की थी भाई की हत्या, गिरफ्तार

मृतक छह भाई, सभी दो गुट में बंटकर बने एक दूसरे के दुश्मन

आजाद सिपाही संवाददाता

### पहचान छिपाने के लिए की थी शव को जलाने की कोशिश, चाकू भी बरामद



भाई की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार सगा भाई।



हत्या में इस्तेमाल हुआ चाकू।

**चिरकुंडा।** कुमारधुबी पुलिस ने विगत आठ नवंबर को रवि शर्मा नामक युवक की हत्या कर दिए जाने के मामले का उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में सगे भाई को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया है। निरसा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पीतांबर सिंह खरबार ने गुरुवार को अपने मैथन स्थित कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर पत्रकारों को बताया कि कुमारधुबी पुलिस ने बीते दिनों एक शव बरामद किया था, जिसकी हत्या गला काटकर की गई थी। इस मामले में मृतक के सगे भाई अमरनाथ शर्मा द्वारा कुमारधुबी ओपी में हत्या कर शव फेंके जाने का मामला भी दर्ज कराया गया था। जांच में उतरी पुलिस को पता चला कि जेल में बंद बड़े भाई धन्नू शर्मा से अभियुक्त मिला था, जहां धन्नू शर्मा ने मृतक को पुलिस के साथ होने का संदेह व्यक्त किया था। साथ ही बताया था कि आगे चलकर उसकी लिए खतरा बन सकता है। इस लिए उसकी हत्या कर देना ही बेहतर होगा। बड़े भाई के कहने पर अमरनाथ शर्मा ने घर में ही भाई रवि की चाकू से गला काटकर हत्या कर दी। इसके बाद पहचान छिपाने के उद्देश्य से शव को जलाने का भी प्रयास किया। उसने पुलिस के समक्ष अपने अपराध को स्वीकार कर लिया है। इन लोगों के नाम पहले भी चोरी के मामले में सामने आ चुका है। पुलि ने बताया कि आरोपित कुल छह भाई हैं जो आपस में ही दो गुटों में बंटे हैं। पुलिस ने अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में प्रतियुक्त चाकू एवं जले हुए बेडशीट को बरामद कर लिया है। इस मामले में एक भाई अभी भी फरार है। पुलिस पता लगाने की कोशिश कर रही है कि जिस समय हत्या हुआ वह कहां था। हत्या में उसकी संलिप्तता है कि की नहीं। इस दौरान मौके पर कुमारधुबी ओपी प्रभारी लल्लन प्रसाद सिंह, एसआइ वसीम अनवर खान, शम्मी अंसारी और रीडर जेपी वर्मा उपस्थित थे।

## बाघमारा में पंचायत समिति सदस्यों की मासिक बैठक संपन्न, छाया रहा अवैध उत्खनन व कोयला तस्करी का मुद्दा

कतरास (आजाद सिपाही)। बाघमारा प्रखंड कार्यालय सभागार कक्ष में गुरुवार को पंचायत समिति सदस्यों की मासिक बैठक हुई, जिसमें अवैध उत्खनन और कोयला तस्करी का मुद्दा छाया रहा। बैठक में सभी पंचायत समिति सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि एरिया वन से लेकर एरिया पांच तक अवैध उत्खनन व कोयला तस्करी चरम पर है। अवैध उत्खनन से लगातार घटनाएं भी हो रही है। कोयला चोर सीआइएसएफ जवान और पुलिस पर पथराव करने से भी नहीं चूक रहे। हमलोग जनप्रतिनिधि होने के नाते रोकथाम के लिए कोई कदम उठाते हैं तो उल्टा हम पर ही केस हो जाता है। आखिरकार अवैध कारोबार पर लगाम कैसे लगेगी। सदन में उक्त सवाल का जवाब देते हुए बाघमारा अंचल अधिकारी कमल किशोर सिंह ने बताया कि मई माह से लेकर अभी तक मेरे द्वारा बाघमारा प्रखंड क्षेत्र के कई थानों में 28 प्रथमिकी दर्ज कराई जा चुकी है। जहां भी अवैध कोयला कारोबार की सूचना मिलती है वरीय अधिकारीगण के दिशा-निर्देश पर स्थानीय पुलिस के सहयोग से छापामारी अभियान भी चलाया गया है। कहा कि डीसी का स्पष्ट निर्देश है कि धनबाद जिला में कही भी अवैध उत्खनन कार्य ना हो इसके लिए लगातार पुलिस अधिकारीगण और सीआइएसएफ के डीआइजी से बातचीत कर रहे है। बैठक मे विधुत विभाग के कार्यशैली पर भी समिति सदस्यों ने सवाल उठाए तो झारखंड विद्युत विभाग के कनीय अभियन्ता देवी लाल सोरेन ने कहा कि हमें 10-15 दिन का समय दिया जाए। समस्याओं को हर हाल में दुरूस्त किया जाएगा। वहीं, अंचल अधिकारी कमल किशोर सिंह से पूछे गए सवार और मिले जवाब से सभी पंचायत समिति के सदस्य संतुष्ट नजर आए। बैठक में बीडीओ सुनील कुमार प्रजापति, सीओ कमल किशोर सिंह आदि थे।

## झरिया में महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

झरिया (आजाद सिपाही)। झरिया थाना क्षेत्र के शमसेर नगर न्यू इमामबाड़ा के समीप एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान रिजवाना परवीन के रूप में हुई है। पुलिस ने गुरुवार को एक मकान से उसका शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, सूचना पर मृतका के परिजन राजगंज से झरिया थाना पहुंचे। मृतका के ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत दी। जिसके बाद झरिया पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। जानकारी के मुताबिक शमशेर नगर निवासी मोहम्मद सुल्तान मलिक की पत्नी रिजवाना परवीन ने कथित रूप से बुधवार की देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लोगों ने इसकी सूचना झरिया पुलिस और मृतका के परिजनों को दे दी। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई। वहीं झरिया थाना पहुंचे मृतका के परिजनों ने बताया कि रिजवाना कई महीनों से दहेज के लिए उत्पीड़न झेल रही थी। इसकी जानकारी मृतका ने कई बार मायके वालों को दी। कई बार सामाजिक लोगों द्वारा आपस में समझौता करा दिया गया लेकिन दहेज लोभियों की भूख नहीं मिटी और उसकी हत्या कर दी गई।

## धनबाद नगर निगम की कमान आधी आबादी के हाथ में, कई उम्मीदवार रेस से हो गये बाहर

धनबाद/कतरास (आजाद सिपाही)। राज्य चुनाव आयोग की ओर से गुरुवार को जारी अधिसूचना के बाद कोयलांचल के राजनीतिक घरानों के साथ पिछले कुछ वर्षो से धनबाद का मेयर बनने का सपना देख रहे दर्जनों लोगो के मंसूबों पर पानी फिर गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार धनबाद मेयर का चुनाव महिला के लिए सुरक्षित कर दिया गया है। मालूम हो कि राज्य चुनाव आयोग के सचिव ने वर्ष 2022-23 में धनबाद सहित कुल नौ नगर निगम क्षेत्र में होंने वाले चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी की है। ज्यादातर सीटे महिलाओं के लिए आरक्षित है। मेयर का पद भी महिलाओं के लिए आरक्षित हो चुका है। आनेवाली कुछ दिनो के अंदर नगर निगम चुनाव तारीख की घोषणा भी हो जायेगी और बहुत जल्द से जल्द चुनाव होने की उम्मीद है। मेयर पद के लिए निर्वतमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, सिंह मेंशन के सिद्धार्थ गौतम, कतरास से विजय झा, चेतन गोयनका, लोयाबाद से मंटू महतो, भृगुनाथ भगत, सिंदरी से विजय पाठक, भाजपा के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, शमसेर आलम, रुस्तम अंसारी आदि रेस में थे।

## निचितपुर हाल्ट को स्टेशन का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर मासस का धरना-प्रदर्शन



कतरास (आजाद सिपाही)। मार्क्सवादी समन्वय समिति (मासस) ने गुरुवार को निचितपुर हाल्ट को स्टेशन का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे मासस के केंद्रीय महासचिव हलधर महतो ने कहा कि निचितपुर हाल्ट को स्टेशन का दर्जा दिलाने सहित कई अन्य ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर मासस हमेशा मुखर रही है। स्टेशन का दर्जा मिलने और कई ट्रेनों के ठहराव से ना सिर्फ जनता को लाभ मिलेगा, बल्कि रेल विभाग को भी यहां से अच्छी राजस्व की प्राप्ति होगी । उन्होंने स्थानीय सांसद और विधायक पर हमला बोलते हुए कहा कि इलाके के लोगों की समस्याओं से सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और स्थानीय विधायक को कोई सरोकार नहीं है। वे सिर्फ चुनावी में ही जनता के बीच पहुंचते है। बंद डीसी रेल्वे लाइन को चालू कराने को लेकर आम जनता ने धरना-प्रदर्शन और आंदोलन किया और जब डीसी लाईन चालू हुआ तो सांसद और विधायक ने जनता के आंदोलन का अपना आंदोलन कह कर झूठी वाहवाही लेने की कोई कसर नहीं छोड़ी। वहीं, धरना-प्रदर्शन में शेख रहीम, सुनील महतो, अमरदीप महतो, ठाकुर महतो, दिलीप महतो, चेतू शाव, भीम कार्तिक महतो, बीएन सिंह, राजकुमार चौहान, रेखा देवी, रविंद्र महतो, अजय महतो, पप्पू महतो, विशाल महतो, याकूब अंसारी, शुभम सिंह और आकाश कुमार सहित दर्जनों महिलाएं व पुरुष शामिल थे।

## स्वांग हवाई अड्डा के पास जंगल में मिला शव

स्वांग (आजाद सिपाही)। गोमिया थाना क्षेत्र के स्वांग हवाई अड्डा के जंगल में एक युवक का शव बरामद हुआ है। बताया जा रहा कि यहां लोग गुरुवार की सुबह प्रातः भ्रमण व योगा करने के लिए आते हैं। उन्हीं में से किसी एक ने नीम का दातुन तोड़ने के लिए जंगल में प्रवेश किया तो उसकी नजर सड़े गले शव पर पड़ी। इस संबंध में स्वांग दक्षिणी के पूर्व मुखिया धनंजय सिंह ने कहा कि वह भी रोज की तरह योगा करने आते हैं और यहां पर दर्जनों लोग टहलने आते हैं। उन्हीं में से एक ने रस्सी के सहारे शव लटके होने की जानकारी दी। इसे बाद उन्होंने फोन कर गोमिया थाना को सूचना दी। वहीं, खबर पाकर गोमिया थाना प्रभारी राजेश रंजन दल बल के साथ पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## बेरमो प्रखंड प्रमुख ने किया जरवाबस्ती तालाब में घाट निर्माण का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित गोविंदपुर बी पंचायत के जरवाबस्ती सार्वजनिक तलाब में गुरुवार को घाट निर्माण का शिलान्यास बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरजा देवी और उपप्रमुख बिनोद कुमार साहू ने संयुक्त रूप से किया। प्रखंड प्रमुख गिरजा देवी ने बताया कि 15 वें वित योजना के अंतर्गत लगभग दो लाख 50 हजार रुपये की लागत से घाट का निर्माण कार्य करवाया जायेगा। जिसकी लंबाई 50 फिट है। साथ ही बताया कि मुख्य सड़क से इस तलाब तक आने जाने का रास्ता भी कच्चा व काफी जर्जर हैं। जिसके जल्द निर्माण कार्य के लिए योजना पास करवाने का प्रयास करूंगी। वहीं उपप्रमुख बिनोद कुमार साहू ने कहा कि इस सार्वजनिक तलाब का उपयोग गोविंदपुर बी पंचायत के लोगों सहित गोविंदपुर ए पंचायत के लोग भी करते हैं। यहां घाट का निर्माण होने से ग्रामीणों को काफी सुविधा होगी। इस अवसर पर गोविंदपुर बी पंचायत समिति सदस्य अमित कुमार घांसी, फूलचंद मुखी, असरफ अंसारी, संजय कुमार महतो, कुंती देवी, धर्मेंद्र गिरी, बबलू महतो, राजेंद्र कुमार, शेखर महतो, सुरेश प्रसाद साव आदि लोग उपस्थित थे।

## सरकार के खिलाफ भाजपा ने निकाला मशाल जुलूस

**राजगंज (आजाद सिपाही)।** राजगंज मंडल ओबीसी मोर्चा भाजपा के बैनर तले गुरुवार को झारखंड सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए मशाल जुलूस निकाला। जुलूस राजगंज बजरंगबली मंदिर परिसर से शुरू होकर लाल बाजार होते हुए राजगंज चौक पहुंचा। जिला अध्यक्ष मोहन कुम्भकार ने कहा कि झारखंड सरकार 27 फीसदी आरक्षण की बात तो करती है पर नगर निकाय चुनाव ओबीसी को आरक्षण दिए बगैर चुनाव करवा रही है जो सर्वथा गलत है। इसका विरोध करते है। जुलूस का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष पप्पू साव ने किया। मौके पर रणजीत सिंह, नीलकंठ रवानी आदि थे।

## निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण की मांग को लेकर आजसू का धरना

# पिछड़े समाज के अधिकारों का हनन कर रही झारखंड सरकार : उमाकांत

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण की मांग को लेकर केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार राज्यव्यापी आंदोलन के तहत गुरुवार को बोकारो डीसी कार्यालय के समक्ष आजसू की ओर से एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सचिन महतो व संचालन लखन ख्वास ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित राज्य के पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा कि हेमंत सरकार ने पिछड़ा समाज पर कुठाराघात किया है। उनके अधिकारियों का हनन कर रही है। पिछड़ा समाज को सरकार ने पंचायत चुनाव में उसके हक से वंचित किया था और अब निकाय चुनाव भी बिना ओबीसी आरक्षण के कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आजसू सरकार को चेतावनी देती है कि पिछड़ा समाज पर आघात ना करें। निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू किया जाये, नहीं तो पार्टी पूरे प्रदेश में जोरदार आंदोलन करेगी।

उन्होंने कहा कि ओबीसी के 27 फीसदी आरक्षण बढ़ाने की पोल सरकार ने खुद ही खोल रखा है। चुनाव में छह महीने विलंब कर सरकार आयोग गठित करें। उन्होंने कहा कि झामुमो गंठबंधन सरकार पूरी प्रक्रिया के तहत चुनाव कराये। कहा कि राज्य में झूठ बोलने वाली सरकार है, जो जनता को गुमराह कर रही है। महाराष्ट्र और एमपी में पंचायत चुनाव ट्रिपल टेस्ट के बाद हुए, लेकिन झारखंड सरकार ने बिना ट्रिपल टेस्ट के चुनाव करवाया। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में शपथ पत्र दाखिल कर कहा था कि ट्रिपल टेस्ट करा कर ही पंचायत चुनाव कराये जाएंगे, लेकिन उसने कोर्ट को धोखा दिया। अब यह सरकार निकाय चुनाव भी बिना ट्रिपल टेस्ट के चुनाव कराना चाह रही है। यह पिछड़ा समाज को छलने की कोशिश है। जनता से इन्हें कोई लेना-देना नहीं है। इस मौके पर पार्टी के केंद्रीय महासचिव काशीनाथ सिंह, दुर्गाचरण महतो, महिला जिलाध्यक्ष रमा देवी, टिकैत महतो, संतोष महतो, अश्विनी महतो, प्रो अलाउद्दीन अंसारी, दीपक महतो, नवीन महतो, भोलानाथ गोप, राजेश भगत, कार्तिक महतो, अशोक महतो, प्रकाश शर्मा, सचिन कुमार, महेंद्र चौधरी, अनिल झा, राजीव रंजन झा, किरण मांझी, नरेश महतो, उमेश जयसवाल, खुदेश्वरी देवी, किरण देवी, अरूण महतो, परशुराम महतो, सुरेश महतो, मिथिलेश महतो, अक्षय शर्मा, बिनोद कच्छप, महेश देशमुख, मनोज दास, मंटू गोप, बंकुबिहारी सिंह, सुबोध गोस्वामी, संजय दास, अजय गोस्वामी आदि मौजूद थे।


जिला स्तरीय कार्यालय
झारखंड शिक्षा परियोजना, रामगढ
राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर गोला रोड़, रामगढ़ कैंट

07-11-22

ई मेल :– ssa_ramgarh@rediffmail.com फोन नं0/फैक्स नं० – 06553–231133

विज्ञापन

कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में चयन हेतु आवश्यक सूचना

1. विभागीय आदेश संख्या–GE/08/163/2022-23/2835, दिनांक–03.11.2022 के आलोक में जिला में संचालित 4 आवासीय कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्ताधारी महिला अभ्यर्थियों से निम्न अंकित शर्तों के अधीन शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक रिक्त पदों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक–06.12.2022 के अपराह्न 05:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा कार्यालय में आमंत्रित किए जाते हैं :–

| Sl. No. | Name of Post | Vacancy | Roster | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | BC-I | BC-II | SC | ST | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – भाषा | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – गणित | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – विज्ञान | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – सा० विज्ञान | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 5 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – शारीरिक शिक्षा | 3 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 3 |
| | कुल | **10** | **6** | **0** | **0** | **0** | **4** | **10** |

2. उक्त पदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के पदनाम से आवेदन को विहित प्रपत्र में निबंधित डाक द्वारा जिले के जिला कार्यालय, समग्र शिक्षा अभियान (SSA) बुनियादी विद्यालय परिसर, गोला रोड, रामगढ़, जिला–रामगढ़, पिन–829122 में अनवार्य रूप से दिनांक–06.12.2022 तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे। साधारण डाक से भे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

3. चयन हेतु अहर्ता एवं निर्धारित परिलब्धि–

| क्रं.स. | पद का नाम | न्यूनतम योग्यता | देय परिलब्धि |
|---|---|---|---|
| 1.<br>2.<br>3.<br>4.<br>5. | भाषा शिक्षिका (हिन्दी/अंग्रेजी)<br>गणित शिक्षिका<br>विज्ञान शिक्षिका<br>सामाजिक विज्ञान शिक्षिका<br>शिक्षिका–शारीरिक शिक्षा | 1. **शैक्षणिक अहर्ता** – किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से संबंधित विषय (जिस विषय की पूर्णकालिक शिक्षिका यथा क्रमांक 1, 2, 3, 4 एवं 5 पर अंकित पदों हेतु आवेदन किया जा रहा हो) में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ स्नातक की अहर्ता अनिवार्य है। अनुसूचित जाति/जनजाति एवं विकलांग कोटि के अभ्यर्थियों को इस नियम में उपरोक्त वर्णित न्यूनतम प्राप्तांक में 5 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। चयन में उच्चतर शैक्षणिक योग्यता, प्राप्तांक को प्राथमिकता दी जायेगा। अभ्यर्थी का मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा झारखण्ड राज्य में अवस्थित मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से पास किया होना अनिवार्य होगा परन्तु यह कि झारखण्ड राज्य की आरक्षण नीति से अच्छादित अभ्यर्थियों के मामले में झारखण्ड राज्य में अवस्थित मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से मैट्रिक/10वीं कक्षा तथा इंटरमीडिएट/10+2कक्षा उत्तीर्ण होने संबंधी प्रावधान शिथिल रहेगा।<br>2. **प्रशैक्षणिक अर्हता**– मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से बी.एड. अथवा समकक्ष परीक्षा यथा प्रारंभिक शिक्षा में दो वर्षीय डिप्लोमा में शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा में उत्तीर्णता। शरीरिक शिक्षिका के लिये Bachelor in Physical Education / Degree in Physical Education अनिवार्य होगा।<br>3. **शिक्षक पात्रता परीक्षा**– राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा निरूपित मार्गदर्शी सिद्धांतों के अधीन झारखण्ड सरकार द्वारा कक्षा 6 से कक्षा 8 के लिए आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) में उत्तीर्ण रहना अनिवार्य होगा। शारीरिक शिक्षिका हेतु TET अनिवार्य नहीं है। राज्य सरकार द्वारा TET की वैधता आजीवन मान्य किया गया है। | 1. शिक्षिकाओं का चयन संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू० 15840/– प्रतिमाह देय होगी। 03 वर्ष की संतोषप्रद सेवा पूर्ण होने पर नियत प्रतिमाह परिलब्धि में 50 प्रतिशत की वृद्धि देय होगी।<br>2. संविदा विस्तार की स्थिति में 250/–रू० की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। |

चयन संबंधी दिशा–निदेश एवं अनुबंध आधारित अन्य निर्धारित शर्तें निम्नवत हैं:–

1. चयन हेतु सिर्फ महिला अभ्यर्थी ही योग्य माने जायेंगे। पुरूश अभ्यर्थियों का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
2. चयनित होने वाले शिक्षिका एवं शिक्षकेत्तर कर्मी की सेवा अनुबंध के आधार पर प्रथमतया एक वर्ष के लिए ली जाएगी तथा कार्य संतोशप्रद होने की स्थिति में एक–एक वर्श के लिए अवधि विस्तारित किया जा सकेगा।
3. सभी पदों के चयन में जिला स्तरीय आरक्षण नियमों का पालन किया जाएगा।
4. आयु सीमा:–
   I. चयन हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 21 तथा अधिकत्तम उम्र 35 वर्ष होगी परन्तु उच्चतम उम्र में कार्मिक, प्रशासनिक एवं राजभाषा विभाग के ज्ञापांक संख्या–29, दिनांक–04.01.2021 झारखण्ड सरकार के आलोक में निम्नवत् होगी–

| Sl.No. | Category | Maximum age limit |
|---|---|---|
| 1 | Unreserved Category | 35 |
| 2 | Female (UR/EWS/BC-I/BC-II) | 38 |
| 3 | Extremely Backward classes (Annexure - I)/Backward Classes (Annexure-II) | 37 |
| 4 | SC / ST (Male and Female) | 40 |
| 5 | Person with bench mark disability (PwBD) | A relaxation of 10 years in their respective category. |

   I. अनुभवी महिला Ex-Servicemen को अपनी कोटि में 05 वर्ष तक उपरोक्त अधिकत्तम आयु सीमा में छूट दी जायेगी।
   II. उम्र की गणना आवेदन करे के वर्श 01.08.2022 के आधार पर की जायेगी।
5. आवेदन – सिर्फ विहित प्रपत्र में पूर्णतया भरे हुए आवेदन पत्र सभी अनुलग्नकों के साथ निर्धारित अंतिम तिथि–06.12.2022 के संध्या 05:00 बजे तक जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा (SSA) के कार्यालय में निबंधित डाक के माध्यम से स्वीकार किए जायेंगे। अंतिम तिथि के बाद आवेदन पत्रों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।
6. प्रकाशित विज्ञान की प्रति जिसमें चयन की शर्तें, अहर्ता एवं कोटिवार रिक्तियों की स्थिति तथा आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशा–निदेश जिला के अधिकारिक वेबसाईट "www.ramgarh.nic.in" पर उपलब्ध है। चयन से संबंधित सभी दिशा–निदेश उपरोक्त वर्णित वेबसाईट पर उपलब्ध रहेंगे तथा अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वे समय–समय पर जानकारी हेतु वेबसाईट का अवलोकन करते रहेंगे। उपरोक्त जानकारी जिले के NIC के अधिकारिक वेबसाईट पर भी अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेगी।
7. आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले अनुलग्नक –
   i. 23×10 से.मी. का स्वःपता लिखा हुआ दो लिफाफा।
   ii. सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक शिक्षक पात्रता परीक्षा तथा अन्य स्वःअभिप्रमाणित प्रमाण पत्रों की छाया प्रति संलग्न की जाए।
   iii. आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु जाति प्रमाण पत्र (झारखण्ड राज्य के सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत) स्वःअभिप्रमाणित छाया प्रति।
   iv. झारखण्ड राज्य के सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत नियोजन हेतु आवासीय प्रमाण पत्र की स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति।
8. कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय एक आवासीय विद्यालय है, अतः चयनित अभ्यर्थी को विद्यालय में रहना अनिवार्य होगा।
9. अभ्यर्थियों का चयन संबंधित जिले के उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित चयन समिति के द्वारा किया जाएगा। चयन समिति का इस हेतु निर्णय अंतिम माना जाएगा।
10. अपरिहार्य कारणों से चयन प्रक्रिया किसी भी समय स्थगित/रद्द करने का अधिकार राज्य परियोजना निदेशक अथवा जिले के उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना को सुरक्षित रहेगा।
11. आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को अनविार्य रूप से आवेदन के लिफाफा के ऊपर लाल रंग से मोटे अक्षर आवेदित पद का नाम एवं कोटि अंकित करना होगा। अन्यथा आवेदन अस्वीकार करने की स्थिति में वे स्वयं जवाबदेह होंगे।
12. अपूर्ण एवं अहस्ताक्षरित आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ह०/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा, रामगढ।

PR 282562 District(22-23)D

ह०/–
उपायुक्त,
रामगढ़।

# किट की 25वीं वर्षगांठ के मौके पर रजत जयंती समारोह का उद्घाटन

## रजत जयंती समारोह में 75,000 से अधिक छात्र और कर्मचारी थे उपस्थित






आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** किट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर बुधवार को रजत जयंती समारोह (सॉएल टू सिल्वर) का उद्घाटन किया गया। किट इस साल अपनी रजत जयंती मना रही है। किट के क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित उद्घाटन समारोह में किट, किस, किम्स के 75,000 से अधिक छात्र और कर्मचारी शामिल हुए थे। ये 23 फरवरी 2023 को किट के स्थापना दिवस पर उद्जपित होगा, जो 3 महीने तक चलेगा। इन तीन महीनों के दौरान, विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख लोगों को आमंत्रित किया जाएगा और रजत जयंती मनायी जायेगी। इस दौरान किट विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। रजत जयंती समारोह का मुख्य उद्देश्य किट, किस और इसके संस्थापक अच्युत सामंथा से जुड़े सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त करना है।

इस अवसर पर किट और किस के संस्थापक अच्युत सामंत ने रजत जयंती की जानकारी देते हुए कहा कि किट एक संस्था के रूप में पंजीकृत है और आइटीआइ 1992 में शुरू किया गया था, लेकिन किट में 1997 में विभिन्न स्नातक और अन्य (ग्रेजुएट और अंडर ग्रेजुएट) पाठ्यक्रम शुरू किये गये थे। श्री सामंत ने उन लोगों को धन्यवाद दिया, जो किट के साथ 25 वर्षों से अधिक समय से जुड़े हुए हैं। श्री सामंत ने कहा कि किट ने पिछले 25 वर्षों में शिक्षा के अलावा कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मील के पत्थर बनाये हैं।

अंत में किट विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो ज्ञान रंजन महांती ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया। इस अवसर पर किट में पिछले 25 वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों ने किट में अपने अनुभव के बारे में भाषण दिया। इसके बाद आतिशबाजी, लाइट एंड साउंड शो, किट छात्रों द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन और किट एंड किस के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था ।

# ओड़िशा केंद्रीय विवि में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय बोध' पर विशेष व्याख्यान




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने 16 नवंबर 2022 को अपने लैंडीगुडा परिसर में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 में भारतीय बोध' पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता सीयूओ के कुलपति प्रो.चक्रधर त्रिपाठी ने की। विशेष व्याख्यान कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के आदरणीय कुलपति प्रोफेसर बलदेव भाई शर्मा ने दिया। बालासोर के एफएम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर सिबा प्रसाद अधिकारी विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 बारे में थे।

प्रोफेसर त्रिपाठी ने अपने भाषण में मानव विकास में शिक्षा की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज की रोशनी है। उन्होंने भारतीय पारंपरिक शिक्षा प्रणाली की प्रशंसा की जहां कैरियर निर्माण की तुलना में चरित्र निर्माण को अधिक महत्व दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के विकास के लिए सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण है। शिक्षा को मजबूत करने से भारत मजबूत होगा। उन्होंने हमारे पाठ्यक्रम में गोपबंधु दास जैसे ओडिशा के स्वतंत्रता सेनानियों को अनिवार्य विषयों के रूप में अध्ययन करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

प्रोफेसर शर्मा ने अपने भाषण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का संक्षिप्त सारांश दिया और नीति के प्रमुख क्षेत्रों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत में उन्नत शिक्षा का समृद्ध इतिहास रहा है, लेकिन ब्रिटिश अत्याचार के कारण, सब कुछ अस्थिर हो गया। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे पश्चिमी संस्कृति और शिक्षा के पश्चिमी पैटर्न का आंख बंद करके पालन करने के बजाय समृद्ध भारतीय संस्कृति का पालन करें। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली भारतीय लोगों के लिए उपयुक्त है और नई नीति भारतीय मूल्य प्रणाली को बढ़ाएगी। शिक्षा को हमें सिखाना चाहिए कि अत्यधिक वेतनभोगी लोग होने के बजाय अच्छे इंसान कैसे बनें।

प्रोफेसर अधिकारी ने संक्षेप में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला और ओडिशा के छात्रों पर इसके प्रभाव के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि नयी नीति प्राथमिक शिक्षा को बढ़ावा देगी, जो कुल शिक्षा प्रणाली को मजबूत करेगी।

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्रमुख डॉ. प्रदोष कुमार रथ ने स्वागत नोट दिया और जनसंपर्क अधिकारी डॉ फगुनाथ भोई ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर जैव विविधता स्कूल के डीन प्रो शरत कुमार पालिता ; डॉ जयंत कुमार नायक, परीक्षा नियंत्रक आइ/सी; डॉ रामेंद्र कुमार पारही, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर; संजीत कुमार दास, विभागाध्यक्ष आइ/सी अंग्रेजी और एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक; संकाय सदस्य, शोध विद्वान, कर्मचारी और विश्वविद्यालय के छात्र भी उपस्थित थे। बैठक के बाद सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. काकोली बनर्जी और डॉ. रुद्राणी मोहंती के नेतृत्व में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# झारसुगुड़ा के एचएससी परीक्षा टॉपर्स को वेदांता एल्युमिनियम ने किया सम्मानित





आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** झारसुगुड़ा शिशु दिवस पर भारत के सबसे बड़े एल्यूमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमिनियम ने माध्यमिक शिक्षा विभाग ओड़िशा एचएससी परीक्षा 2022 बोर्ड में ए-1 स्थान हासिल करने के वाला झारसुगुड़ा के 21 सरकारी स्कूलों के 79 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए जिला शिक्षा कार्यालय झारसुगुड़ा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी पुष्पा मिंज एवं अपर जिला शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार सा ने भाग लिया।

छात्रों को बधाई देते हुएसुनील गुप्ता सीइओ-वेदांता लिमिटेड झारसुगुड़ा ने कहा की समुदाय के लिए हमारी शिक्षा पहल यह सुनिश्चित करने का प्रयास करती है कि ग्रामीण समुदायों के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक शिक्षा तक बेहतर सुविधा प्राप्त हो, झारसुगुड़ा में हाल के वर्षों में साक्षरता दर में वृद्धि हुई है, मैट्रिक और उच्च माध्यमिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने की दर में भी वृद्धि हुई और एचएससी परीक्षा में ए1 रैंक प्राप्त किया है।

## ज्ञानवापी पर मुस्लिम पक्ष की आपत्ति खारिज

# ज्ञानवापी परिसर हिंदुओं को सौंपने की मांग का मुकदमा सुनवाई योग्य : कोर्ट



आजाद सिपाही संवाददाता

**वाराणसी।** वाराणसी की सिविल कोर्ट ने गुरुवार को ज्ञानवापी मस्जिद से जुड़े एक मामले में मुस्लिम पक्ष की आपत्ति को खारिज कर दिया है। मुस्लिम पक्ष ने कहा था कि ज्ञानवापी परिसर का कब्जा हिंदुओं को सौंपने सहित 3 मांगों से जुड़ा मुकदमा सुनवाई योग्य नहीं है। इसकी सुनवाई नहीं होनी चाहिए, लेकिन कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आदेश दिया है कि मुकदमा सुनने योग्य है। गुरुवार को ज्ञानवापी परिसर हिंदुओं को सौंपने सहित तीन मांगों से संबंधित मुकदमे की सुनवाई सिविल जज सीनियर डिवीजन महेंद्र कुमार पांडेय की फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई हुई। जिन तीन मांगों पर सुनवाई होनी थी, वह मुकदमा विश्व वैदिक सनातन संघ के प्रमुख जितेंद्र सिंह विसेन की पत्नी किरन सिंह विसेन और अन्य ने दाखिल किया है। इस पर अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी ने आपत्ति दाखिल की थी। कमेटी ने कहा था कि किरन सिंह विसेन की यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं है।

### दो दिसंबर को अगली डेट

विश्व वैदिक सनातन संघ के एडवोकेट अनुपम द्विवेदी के मुताबिक, अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि मुकदमा सुनवाई योग्य है। अदालत ने सुनवाई की अगली डेट 2 दिसंबर फिक्स की है। इससे पहले इस मुकदमे के संबंध में कोर्ट ने 17 नवंबर की डेट फिक्स की थी।

### किरन सिंह विसेन और अन्य की 3 मांग

ज्ञानवापी परिसर में मुस्लिम पक्ष का प्रवेश प्रतिबंधित हो।

ज्ञानवापी परिसर हिंदुओं को सौंप दिया जाये।

ज्ञानवापी परिसर में मिले ज्योतिर्लिंग की नियमित पूजा-पाठ करने दी जाये।

# श्रद्धा मर्डर केस में आफताब का नार्को टेस्ट होगा

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में 27 साल की श्रद्धा के मर्डर के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला को गुरुवार को साकेत कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश किया गया। कोर्ट ने आफताब की पुलिस कस्टडी 5 दिन बढ़ा दी है। पुलिस ने कोर्ट में आरोपी को हिमाचल की पार्वती घाटी और दिल्ली के वन क्षेत्रों में ले जाकर सीन रीक्रिएट करने की बात कही थी। कोर्ट ने आफताब के नार्को टेस्ट की परमिशन दी है। बताया गया है कि आफताब ने भी इस टेस्ट के लिए अपनी सहमति जतायी है। उधर साकेत कोर्ट के बाहर वकीलों ने प्रदर्शन करके जमकर नारेबाजी की। वकीलों की मांग थी कि श्रद्धा के कातिल आफताब पूनावाला को फांसी की सजा दी जानी चाहिए। वकीलों के प्रदर्शन के कारण कोर्ट परिसर में काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। पुलिस को इस प्रदर्शन का इनपुट पहले से ही था, इसलिए उसने कोर्ट से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेशी की मांग की थी। **सबसे बड़ा खुलासा :** आफताब ने पुलिस पूछताछ में कुबूल किया है कि उसने पहचान छिपाने के लिए श्रद्धा का चेहरा जला दिया था।

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in
Top Government Medical Universities
of ABROAD.
Call Now !
UNIVERSITY FLY
+91-7903149721
www.universityfly.com

## मधुमेह जागरूकता के लिए एम्स भुवनेश्वर वॉकथॉन

# मधुमेह प्रबंधन के लिए नि:शुल्क ब्लड शुगर जांच व जन जागरूकता व्याख्यान




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर (डॉ) आशुतोष बिस्वास ने गुरुवार को आयोजित वॉकथॉन के अवसर पर कहा कि मधुमेह के नियंत्रण और मधुमेह से संबंधित जटिलताओं की रोकथाम के लिए उचित चिकित्सा पोषण चिकित्सा, व्यायाम, इंसुलिन का स्व-प्रशासन, उचित पैर की देखभाल और सीजीएम (निरंतर ग्लूकोज निगरानी) का उपयोग महत्वपूर्ण है। 'कल की रक्षा के लिए शिक्षा' विषय पर गुरुवार को सुबह आयोजित वॉकथॉन में डॉक्टरों, मेडिकल और नर्सिंग छात्रों के साथ-साथ संस्था के एनएसएस स्वयंसेवकों की भारी भागीदारी देखी गयी। एम्स भुवनेश्वर ने उपचार के लिए समर्पित एंडोक्रिनोलॉजी यूनिट के साथ मधुमेह देखभाल की पहुंच में सुधार किया है। कार्यकारी निदेशक डॉ बिस्वास ने कहा कि अगर किसी को मधुमेह होने का संदेह भी है, तो वे एम्स भुवनेश्वर में स्थापित एनसीडी क्लिनिक में अपनी जांच करा सकते हैं। वॉकथॉन बीजू पटनायक पुलिस प्रशिक्षण अकादमी गेट से शुरू हुआ और एम्स परिसर में संपन्न हुआ। सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए डॉ विश्वास भी वॉकथॉन में शामिल हुए और छात्रों और फैकल्टी सदस्यों के साथ चले। इस अवसर पर एम्स भुवनेश्वर में एंडोक्रिनोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ किशोर कुमार बेहरा ने लोगों को मधुमेह देखभाल की पहुंच के बारे में जागरूक करने के लिए एम्स भुवनेश्वर की प्रतिबद्धता को दोहराया। डॉ बेहरा ने बताया कि एंडोक्रिनोलॉजी विभाग प्रति सप्ताह लगभग 200-250 मधुमेह रोगी सेवा को पूरा करने के लिए लगा हुआ है। अन्य लोगों में चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसएन मोहंती, डॉ मनोज मोहंती, डॉ बिनोद पात्रा, डॉ देबाशीष होता, डॉ एमसी साहू, डॉ प्रभाष रंजन त्रिपाठी के साथ अन्य संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और छात्र स्वयंसेवकों ने वॉकथॉन में भाग लिया। उल्लेखनीय है कि, एम्स भुवनेश्वर पिछले 6 वर्षों से विश्व मधुमेह दिवस को चिह्नित करने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इस वर्ष, इसने मधुमेह प्रबंधन और रोकथाम के लिए निःशुल्क रक्त शर्करा जांच और जन जागरूकता व्याख्यान शुरू किया।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| Mathematics Practical | ₹ 60 | Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 60 | English Grammar– I | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 |
| Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 | | |
| English Grammar– I | ₹ 60 | | |
| Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 | | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

Sontosh Kumar
75037 29696
92056 24569
S MTOY & School Fnrnituer
Old Bank Colony, RMCH, Near Sadhu Maidan
Shop Add. : Industrial Area Kokar,
Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z For School,
Playgrond, Playschool Park
Playzone, Mails, Backyard,
Recreation Zone, Society & Anganwadis

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र•वास्तु शास्त्र•हस्त शास्त्र•हस्त रेखा•अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com
bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**